# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 22 दिसंबर 2025




खबर संक्षेप

## स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का समाधान है ध्यान-योग




**भोपाल।** ध्यान योग आधुनिक स्वास्थ्य संबंधित चुनौतियों का समाधान है। भारत समेत दुनिया की तीस फीसदी जनमानस दैनिक रूप से ध्यान योग अपना रहा है। राजधानी भोपाल में ही जहां सामान्य रूप से रोजाना 12 लाख लोग किसी न किसी रूप में मेडिटेशन अपना रहे है। वहीं ग्वालियर में छह लाख, जबलपुर में सात लाख व इंदौर में लगभग 11 लाख लोग तनावमुक्त रहने के लिए, शारीरिक व मानसिक रोगों से बचाव के लिए ध्यान योग दैनिक रूप से कर रहे हैं। यह बात आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने कही। रविवार को वर्ल्ड मेडिटेशन डे के अवसर पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ पाण्डेय ने कहा कि आयुर्वेद की दृष्टि में वर्ल्ड मेडिटेशन डे यानी आज का दिन आज की स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिये इसकी प्रासंगिकता उजागर करने का दिन है।

## कायस्थम करेगा 14 चित्रांश प्रतिभाओं का सम्मान

**भोपाल।** कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा 11 जनवरी को रवींद्र भवन में शाम 4 बजे से होने वाले कायस्थम-26 के आयोजन में 14 कायस्थ प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार कायस्थम -26 के आयोजन में 13 विभिन्न श्रेणियों में जिन 14 प्रतिभाशाली चित्रांश बंधुओं को कायस्थम सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उनमें प्रशासन में श्रेष्ठ सेवाओं के लिए सेवानिवृत आईएएस राकेश श्रीवास्तव, पत्रकारिता श्रेणी में वरिष्ठ पत्रकार पंकज श्रीवास्तव, हमारे बुजुर्ग श्रेणी में 91 वर्षीय राम शंकर खरे, समाज सेवा श्रेणी में देहदानी स्व. धीरज भटनागर सहित अन्य लोगों को सम्मान किया जाएगा।

गायत्री परिवार की नारी उत्कर्ष कार्यशाला में सैकड़ों महिलाएं हुईं शामिल

# नारी सशक्तिकरण से ही सशक्त समाज की आधारशिला संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री महिला मंडल कोलार शाखा द्वारा माता भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत नारी उत्कर्ष कार्यशाला का सफल आयोजन जेके हॉस्पिटल कोलार के सभागृह में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, स्वावलंबन, संस्कार एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला के दौरान सीतारामा देवी खरगोन, सुलेखा चौहान देवास ने नारी की भूमिका, परिवार व समाज में उनके योगदान तथा आत्मनिर्भर बनने के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। महिलाओं को जीवन प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मसम्मान और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया। जब नारी शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर होती है, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र प्रगति करता है। कोलार शाखा की मंजुलता शर्मा ने अतिथियों, सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आशा पाठक ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश पटेल जोन समन्वय मध्य प्रदेश, मधु श्रीवास्तव, श्याम शर्मा जिला समन्वयक, एचएन सेन, अमरीश पाठक, हरिओम मौर्या एवं महिला मंडल की सैकड़ों बहनें उपस्थित रही।


गायत्री महिला मंडल ने नारी उत्कर्ष कार्यशाला का किया आयोजन।

## केंद्रीय जेल भोपाल में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# बंदियों को मिला आध्यात्मिक संबल, केंद्रीय जेल भोपाल में गूंजी श्रीमद्भागवत कथा


श्रीमद्भागवत कथा का दृश्य।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय जेल भोपाल में आध्यात्मिक वातावरण बनाने और बंदियों के मानसिक व नैतिक उत्थान के उद्देश्य से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचक श्री हरि महाराज ने कहा कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां क्यों न हों, भक्ति और अच्छे कर्म मनुष्य को सही मार्ग दिखाते हैं। कथा के माध्यम से बंदियों को आत्मचिंतन, संयम और सकारात्मक सोच की प्रेरणा दी जा रही है। इस मौके पर जेल में बंद बंदियों के साथ-साथ जेल परिसर में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग भी शामिल हो रहे हैं। जेल प्रशासन का मानना है कि इस तरह के आध्यात्मिक कार्यक्रम बंदियों के सुधार और पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की भावना मजबूत होती है।

## संजीवनी लाते समय हनुमानजी से पहाड़ का टुकड़ा टूटकर ओडिशा में गिरा और अब इसी...

# गंधमर्दन पर्वत की 90 से अधिक दुर्लभ जड़ी-बूटियों ने बढ़ाई वन मेले की शोभा

संजीव सक्सेना ▶▶ भोपाल

राजधानी के लाल परेड ग्राउंड पर इन दिनों मप्र शासन द्वारा अंतराष्ट्रीय वन मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कुछ दुर्लभ जड़ी-बूटियां और दवाएं उपलब्ध हैं, जो रामायण काल से ही अस्तित्व में हैं। करीब 700 साल पहले से मान्यता है कि रामायण काल में हिमालय से संजीवनी बूटी लाते समय हनुमानजी जब ओडिशा के आसमान से गुजर रहे थे, तब उनके हाथ पर रखे पर्वत का एक हिस्सा टूटकर गिर गया, जो आज ओडिशा में गंधमर्दन पर्वत के नाम से जाना जाता है। इसी पर्वत की 90 से अधिक दुर्लभ जड़ी-बूटियों का संग्रह भोपाल के वन मेले में उपलब्ध है। यह संग्रह लंबे अरसे से ओडिशा की गंधमर्दन वनस्पति वन समिति द्वारा किया जा रहा है। यहां शुगर, बीपी जैसे आम रोगों से लेकर असाध्य रोगों तक के उपचार आसानी से होते रहे हैं। इनकी लंबी फेहरिस्त है। इसके लिए समिति के अध्यक्ष विभूति भूषण मुंडे को ओडिशा सहित अन्य राज्य सरकारों से लेकर दिल्ली तक पुरस्कृत किया जा चुका है। ओडिशा की यह इकलौती वन समिति है, जिसे स्टेट प्लांट बोर्ड और नेशनल प्लांट बोर्ड भी पूरा सपोर्ट करता रहा है। विभूति मुंडे को हजारों पेड़ लगाने, जंगल की देखरेख और आयुर्वेदिक औषधियों के ज्ञान के आधार पर प्रकृति बंधु का तमगा मिलने के साथ ही सैकड़ों पुरस्कार मिल चुके हैं। अब वे मानव सेवा से सीधे जुड़े हैं, और वन मेले तक उनकी समिति के माध्यम से जड़ी- बूटियां और उत्पाद पहुंचे हैं।

अलग खबर

***अधिक रोगों का पुख्ता इलाज, बाजार से सस्ती आयुर्वेदिक दवाएं और जड़ी-बूटियां, लैब टेस्टेड दवाएं और लोगों का फीडबैक बन रहा सफलता का आधार***

***ओडिशा की एकमात्र वन समिति जिसे कई राज्य सरकारों से लेकर दिल्ली तक मिला प्रोत्साहन, सैकड़ों पुरस्कार और समिति अध्यक्ष पर जबलपुर विवि ने रिसर्च कर लिख दी सक्सेस स्टोरी***



वन मेले में मौजूद औषधियां।

### रीजनल फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट जबलपुर ने सक्सेस स्टोरी लिखी है


विभूति मुंडे।

वन मेले में अन्य राज्य एवं संस्थान डोम में लगे इस ओडिशा के स्टॉल पर संचालक और विभूति मुंडे के बेटे प्रत्युश कुमार मंडे और संचालक (एक्सपर्ट) शरद कुमार पंडा ने बताया कि समिति अध्यक्ष विभूति मुंडे की प्रकृति से जुड़ी सेवाएं और उनके लंबे अनुभव को लेकर रीजनल फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरसीएफसी) जबलपुर ने उन पर शोध कर सक्सेस स्टोरी लिखी है। उनके मार्गदर्शन में हम वन मेले में आए हैं। हमें मप्र के साथ ही अन्य राज्यों के वन विभाग बहुत सपोर्ट करते हैं। हम पहाड़ों से आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों को लाकर उनका बैल्यूएडिशन करते हैं। जिसकी सप्लाई विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों तक है।

### 100 से अधिक रोगों का इलाज




प्रत्युश मुंडे के अनुसार 100 से अधिक रोगों के लिए हमारे पास 90 से ज्यादा आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी और चूर्ण आदि के रूप दवाएं हैं। मधुहारिनी चूर्ण जहां शुगर का ऐसा इलाज है कि इस्तेमाल करने वाले 90 फीसदी लोगों ने इंसुलिन तक लेना बंद कर दिया। वहीं ऐसी ही अन्य दवाओं से पुख्ता इलाज संभव हो रहा है। खास बात यह है कि यह सभी जड़ी-बूटियां और दवाएं आज बाजार में मिलने वाली दवाओं के मुकावले काफी सस्ती भी हैं और असरकारक भी। इनमें सेंपल लैब टेस्टेड हैं और लोगों के फीडबैक भी मिलते रहे हैं।

## समर के काव्यपाठ से गूंजा युवा सदन

# विचार, संवेदना और राष्ट्रबोध का जीवंत प्रतीक थे वाजपेयी: रामेश्वर


कवि सम्मेलन में काव्य सुरों में अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा पूरे देश में 'अटल स्मृति पर्व' का आयोजन किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में रविवार को भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा युवा सदन कार्यालय पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवि चौधरी मदन मोहन समर ने अटल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संवेदना और राष्ट्रबोध का जीवंत प्रतीक थे।

उन्होंने गांव-गांव तक सड़क पहुंचाकर विकास को अंतिम व्यक्ति से जोड़ा और पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से दुनिया को भारत की सामरिक शक्ति का परिचय भी कराया। अटल जी का व्यक्तित्व ऐसा था, जो विपक्ष में रहते हुए भी सम्मान अर्जित करता था और सत्ता में रहते हुए भी विनम्रता नहीं छोड़ता था। उनके कृतित्व में सुशासन, राष्ट्रवाद, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। विधायक शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अटल के सपनों का भारत साकार हो रहा है। मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, सशक्त सीमाएं, आत्मनिर्भर भारत, गांव-गरीब-किसान के लिए योजनाएं और विश्व पटल पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा उसी विचारधारा की निरंतरता है। अटल ने जिस भारत की कल्पना की थी, आज वही भारत मोदी के नेतृत्व में निर्णायक, आत्मविश्वासी और विश्वगुरु की दिशा में अग्रसर है।

## राष्ट्रीय गणित दिवस आज

# डोंगला बनेगा गणना, खगोल व वैदिक गणित चेतना का केंद्र

मेपकास्ट प्रदेश के 170 से अधिक संस्थानों में आयोजित करेगा राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम

सीएम की पहल से डोंगला को विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के केंद्र के रूप में मिल रही पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय गणित दिवस पर सोमवार को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) प्रदेशभर में गणित के महत्व को रेखांकित करने के लिए विविध जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इन आयोजनों का मुख्य कार्यक्रम उज्जैन जिले के ऐतिहासिक डोंगला में संपन्न होगा, जिसे गणना, खगोल और वैज्ञानिक चेतना के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। डोंगला प्राचीन काल से ही समय, सूर्य गति, पंचांग निर्माण और गणना का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां से काल-गणना, ऋतु परिवर्तन और खगोलीय घटनाओं का सटीक अध्ययन किया जाता था। इसी गौरवशाली वैज्ञानिक और खगोलिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी संकल्पना एवं सतत प्रयासों के तहत डोंगला को भारतीय ज्ञान परंपरा, खगोल विज्ञान एवं गणितीय अनुसंधान केंद के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की विज्ञान, गणित और भारतीय ज्ञान परंपरा में विशेष रुचि इस पहल को नई दिशा दे रही है। आज डोंगला में भारत की वैदिक गणित परंपरा विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें प्रदेश एवं देश के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञ, शोधार्थी, शिक्षाविद् एवं शिक्षक सहभागिता करेंगे। कार्यशाला के माध्यम से वैदिक गणित की वैज्ञानिकता, आधुनिक गणित से उसका संबंध और शिक्षा में इसके अनुप्रयोग पर गहन विमर्श किया जाएगा। परिषद द्वारा इसके साथ ही प्रदेश के करीब 38 जिलों में 170 से अधिक संस्थाओं विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थाओं, स्वैच्छिक संगठनों एवं विद्यालयों में गणित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# संत हिरदाराम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संत शिरोमणी हिरदाराम की पुण्यतिथि पर रविवार को महापौर मालती राय ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वे सुबह संत हिरदाराम की पुण्य तिथि पर बैरागढ़ स्थित संत की कुटिया पहुंचीं व संत श्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे।


नमन करतीं महापौर।

## अग्रहरि समाज की मासिक बैठक आयोजित

# अग्रहरि समाज के सार्वजनिक पारिवारिक मिलन उत्सव का नववर्ष 2026 में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अग्रहरि समाज भोपाल की मासिक बैठक इंडियन कॉफी हाउस गुलमोहर कॉलोनी में हुई। महाराज अग्रसेन का स्मरण, उत्साह सहित हुआ। इस दौरान नवागत सदस्यों के आपसी परिचय तथा अग्रहरि समाज भोपाल का सार्वजनिक पारिवारिक मिलन उत्सव नववर्ष 2026 में करने का निर्णय लिया गया। सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमि चयन व क्रय करने के लिए यथाशीघ्र सभी औपचारिकताएं प्राथमिकता से पूरी करना भी सुनिश्चित हुआ।

नो नेगेटिव एक्टीविटी के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए सभी समाजसेवियों ने एकजुट होकर समाज हित के सभी कार्य निःस्वार्थ भावना से करने की शपथ ली।



### आगामी बैठक 18 जनवरी को

आगामी मासिक बैठक 18 जनवरी को सुबह 11 बजे नाइन मसाला स्ट्रीट अरेरा हिल्स में होगी। स्वल्पाहार के बाद विनोद गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन व आभार प्रदर्शन किया। बैठक में बैंक में समाज का खाता खोलकर जनसम्पर्क कर एक स्थाई कोष निर्माण व रक्तदान कर रक्त कोष बनाने के लिए विष्णु गुप्ता, राकेश वैश्य, रवि गुप्ता को नामित किया गया। बैठक में अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता, अजय गुप्ता, सौरभ अग्रहरि, रवि गुप्ता, हरि अग्रहरि, सलिल अग्रहरि राकेश गुप्ता, राकेश वैश्य आदि उपस्थित रहे।

## पूर्णतः हर्बल औषधीय पौधों से निर्मित की जाएंगी इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियां

# मध्यप्रदेश की पहली इलेक्ट्रो होम्योपैथी उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं औषधि निर्माण प्रयोगशाला का शुभारंभ


प्रयोगशाला का शुभारंभ करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवी अहिल्या अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, इंदौर परिसर में मध्य प्रदेश की प्रथम इलेक्ट्रो होम्योपैथी उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं औषधि निर्माण प्रयोगशाला 'देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी कौंसिल ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष ओम जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### औषधीय पौधों से होगा उच्च गुणवत्ता की औषधियों का निर्माण

प्रयोगशाला में भारत में उपलब्ध औषधीय पौधों का उपयोग किया जाएगा। इन पौधों से सार तत्व निकालकर किण्वन, आसवन, भस्मीकरण एवं सहक्रियात्मक मिश्रण जैसी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से औषधियां तैयार की जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओम जैन ने कहा कि मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में यह प्रयोगशाला ऐतिहासिक और मील का पत्थर सिद्ध होगी। डॉ. काउंट सीजर मैटी के सिद्धांतों पर आधारित यह पहल न केवल चिकित्सा विज्ञान को नई दिशा देगी, बल्कि हर्बल एवं प्राकृतिक उपचार पद्धतियों को वैज्ञानिक आधार भी प्रदान करेगी।

### नवीन अनुसंधान को भी बढ़ावा: मनीषा

कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीषा शर्मा ने कहाकि देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का उद्देश्य इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। हमारी यह प्रयोगशाला हर्बल पौधों से निर्मित शुद्ध, सुरक्षित एवं प्रभावी औषधियां उपलब्ध कराने के साथ-साथ नवीन अनुसंधान को भी बढ़ावा देगी। इस अवसर पर देवी अहिल्या कैंसर हॉस्पिटल के उप निदेशक डॉ. आशीष हार्डिया, डॉ. अकील खान सहित चिकित्सा जगत के अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, शोधकर्ता एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च में मौजूद धर्मावलंबियों का सुनाए गए यीशु के शांति संदेश

चर्च के युवा अध्यक्ष अमन मार्टिन ने की विशेष आराधना

# यीशु के आगमन के आखिरी संडे पर हुई विशेष प्रार्थना: सेंट जोंस चर्च में प्रभु यीशु के बताए प्रेम व शांति के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभु यीशु के आगमन के चौथे व आखिरी संडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोविंदपुरा स्थित सैंट जॉन्स ईएलसी चर्च में प्रभु यीशु का प्रेम व शांति का संदेश विशेष रीति के साथ दिया गया। चर्च के युवा अध्यक्ष अमन मार्टिन ने बताया कि इस दौरान चर्च में प्रार्थनाएं और विशेष आराधना की गई। फादर अनिल मार्टिन ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु का आगमन पीड़ित मानवता के उद्धार के लिए हुआ था। उन्होंने प्रेम, सद्भाव व अमन का संदेश दिया। हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। 25 दिसंबर गुरुवार को धूमधाम से क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा। सुबह से लेकर रात तक प्रभु यीशु मसीह के जन्म की खुशियां मनाने सैकड़ों लोग गिरजाघरों में जुटेंगे। तो वहीं सैंट जॉन्स ईएलसी चर्च में क्रिसमस पर्व की पूर्व संध्या पर शाम सात बजे से कैंडल रैली निकाली जाएगी।


चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन।

### कैरोल सिंगिंग के साथ बांटी जा रही खुशियां

क्रिसमस पर्व को लेकर तैयारियों तेजी से चल रही हैं। मसीही परिवारों में उल्लास की लहर है। घर-घर में श्रद्धालुओं ने कैरोल सिंगिंग का गायन कर पर्व को उत्साह से मनाने के लिए जागरूक कर खुशियां बांटी जा रही है। बच्चों में सांता क्लॉज संग मौज-मस्ती का दौर शुरू हो गया है। वहीं सांता क्लॉस और उनकी टोपियों से बाजार सज गए हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देने के लिए उपहार खरीदते नजर आ रहे है।

### राजधानी के इन चर्चों में हुई प्रभु की आराधना

राजधानी के जहांगीराबाद चर्च, बरखेड़ी बेतलहम चर्च, अरेरा कॉलोनी चर्च, गोविंदपुरा, भेल बरखेड़ा स्थित संत जोसेफ चर्च और करोंद समेत एक दर्जन चर्चों में प्रभु की आराधना की गई। प्रभु यीशु की जन्मस्थली बेथलेहेम की चरनी की जीवंत झांकी बनाई जा रही है। 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व पर प्रभु यीशु के जन्म की खुशियों के गीत गाए जाएंगे। गिरजाघरों में होने वाली मुख्य आराधना में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जा रही है।


चर्च में हर्षोल्लास के साथ हुआ कार्यक्रम।

भोपाल, सोमवार 22 दिसंबर 2025 ■ पौष मास शुक्ल पक्ष-02 ■ वर्ष : 12, अंक : 262 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 25 न्यून. 11 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


राजधानी के लोग सुबह 7 बजे ही टिकट विंडो पर आ जुटे, लंबी कतारें लगी रहीं



देवी अहिल्या माता की प्रतिमा का अनावरण किया

# गुड मॉर्निंग मेट्रो

### पहले दिन सैर-सपाटे वाली रही यात्रा, लोगों के चेहरों पर दिखा उत्साह और उमंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में रविवार से मेट्रो का संचालन आम लोगों के लिए शुरू हुआ। पहले दिन शहर के लोगों की मेट्रो में यात्रा सैर-सपाटे वाली रही। एम्स मेट्रो स्टेशन से संचालन सुबह 9 बजे शुरू हुआ। शाम 7 बजकर 25 मिनट पर मेट्रो का आखिरी ट्रिप रहा। इस दौरान 17 फेरे लगाए और 7 हजार से ज्यादा लोगों ने पहले दिन यात्रा की। मेट्रो प्रशासन के अनुसार शाम पांच बजे तक ही 5 हजार से ज्यादा लोग यात्रा कर चुके थे। सबसे अधिक भीड़ सुभाष नगर और एम्स स्टेशन पर रही। एम्स अस्पताल में प्रदेश के अलग-अलग ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी



दिनभर में मेट्रो ने लगाए 17 फेरे, 7 हजार से ज्यादा यात्रियों ने मेट्रो में की यात्रा

उपराष्ट्रपति 'शून्य से शतक' कार्यक्रम में हुए शामिल

## अटल जी के राजनीति में स्थापित सभी आदर्श देश हमेशा याद रखेगा

### उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने बताए अटल जी के अनसुने किस्से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने इंदौर प्रवास के दौरान एक कॉलेज में आयोजित 'शून्य से शतकः एक शताब्दी अटल भारत की' स्मरणोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अटल जी ने राजनीति में कई ऐसी मिसालें और आदर्श स्थापित किए हैं, जिन्हें देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने उनके व्यक्तित्व को सर्वसमावेशी बताते हुए नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसे नेता बहुत विरले ही होते हैं, जिन्हें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों से समान रूप से सम्मान प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अटल जी के सिद्धांतों से हमने बहुत कुछ सीखा है। उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य आने वाली पीढ़ियों को सदैव सही ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 04 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**महंगा होगा रेल का सफर:** 215 किमी से अधिक दूरी की यात्रा पर 26 दिसंबर से बढ़ेगा किराया

# साधारण श्रेणी में 1 पैसा, एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी

*करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपए अधिक चुकाने होंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा, हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है।

दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है। रेलवे का अनुमान है कि इस किराया समायोजन से उसे करीब 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। इस राशि का उपयोग परिचालन लागत को संभालने ▶▶ शेष पेज 6 पर

**उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं**



फाइल फोटो

▶▶ इस किराया समायोजन से रेलवे को करीब 600 करोड़ की अतिरिक्त आय होगी

▶▶ इससे पहले जुलाई की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था

### इस साल ये दूसरी बढ़ोतरी

भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेन टिकट के दाम में ये इस साल की दूसरी बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले जुलाई की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था। 1 जुलाई से भारतीय रेलवे की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### लंबी दूरी पर कितना बढ़ेगा किराया?

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपए अधिक चुकाने होंगे।

### इन ट्रेनों पर भी लागू होगा किराया

रेल मंत्रालय के मुताबिक नया किराया संशोधन राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और साधारण गैर-उपनगरीय सेवाओं जैसी प्रीमियर व विशेष ट्रेन सेवाओं पर भी लागू होगा।

कोहरे के कारण लगातार हादसे

## गुना में पेड़ से टकराई कार युवक और डांसर की मौत

### भुलाए के पास अंधे मोड़ पर अनियंत्रित हुई कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे सड़क हादसे में युवक और महिला डांसर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ग्राम भुलाए के पास एक अंधा मोड़ पर उस समय हुआ, जब एक कार्यक्रम से लौट रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। कार में 9 लोग सवार थे। हादसे में लाल सिंह लोधा और डांसर माया ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दतिया में कंटेनर से भिड़ी कार और बाइक

दतिया में ग्वालियर–झांसी नेशनल हाईवे पर कोहरे और तेज रफ्तार के कारण एक कार और बाइक कंटेनर से टकरा गईं। शनिवार रात करीब डेढ़ बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## खबर संक्षेप

### सूर्य नमस्कार करते समय आया हार्ट अटैक, मौत

**अशोक नगर।** तुलसी सरोवर पार्क में योग करते समय सराफा कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार सूर्य नमस्कार करते हुए नरेंद्र सोनी अचानक जमीन पर गिर पड़े और अचेत हो गए। लोग उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि उनकी मौत साइलेंट अटैक से हुई है।

### रात को घर में तेंदुआ घुसा रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**सिवनी।** कुरई के करजमारा फतेपुर गांव में देर रात एक तेंदुआ रिहायशी इलाके में दाखिल हो गया।



तेंदुए की मौजूदगी से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। घर के सदस्य और आसपास के लोगों ने सुरक्षित दूरी बना ली। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। टीम ने पिंजरे में तेंदुए को कैद कर जंगल में छोड़ दिया।

### भगवान को प्रणाम कर कीमती समान को उड़ाया

**सागर।** जिले में भगवान श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में चोर ने पहले भगवान को प्रणाम किया और फिर




मंदिर के मुकुट समेत कीमती सामानों पर हाथ साफ कर लिया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी।

रीवा-सतना में 50 मीटर से कम दृश्यता

## दो जिलों में दृश्यता शून्य आज और बढ़ेगा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ दतिया, ग्वालियर खजुराहो, नौगांव में घना कोहरा

रविवार को भोपाल में साल के सबसे छोटे दिन की अवधि 10 घंटे 42 मिनट और 21 सेकंड रही। सुबह 6:57 बजे सूर्योदय के बाद शाम 5:39 बजे सूर्यास्त रहा। इस बीच सुबह 8:30 बजे तक कई जिलों में घने से अति घने कोहरे का असर रहा। रीवा और सतना में दृश्यता शून्य यानि 50 मीटर से भी कम रही। दतिया, ग्वालियर, खजुराहो, नौगांव और सीधी में विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर तक रही, जिससे सुबह घने कोहरे से आवागमन प्रभावित रहा। शहडोल, सिवनी जिलों में शीतलहर का असर रहा। रविवार को सतना, रीवा, नौगांव, खजुराहो, दतिया ▶▶ शेष पेज 6 पर

पहला अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण

## बाघिन को हेलिकॉप्टर से राजस्थान भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ कई दिनों से चकमा दे रही थी बाघिन

देश का पहला इंटर स्टेट बाघ ट्रांसलोकेशन (अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण) का कार्य पूरा हो गया। अभियान के 24वें दिन पेंच प्रबंधन को चकमा दे रही बाघिन पीएन-224 को पकड़कर राजस्थान भेजने सफलतापूर्वक एयरलिफ्ट कर लिया गया है। रविवार सुबह से दोपहर तक कई बार हाथियों से घेरने के बाद ट्रेंकुलाइज (बेहोश) की गई बाघिन को पिंजरे में कैद कर रेस्क्यू वाहन से सुकतरा हवाई पट्टी लाया गया। यहां भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर एमआई-17 में पिंजरे सहित बाघिन को एयरलिफ्ट कर राजस्थान के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व ▶▶ शेष पेज 6 पर

कंस्ट्रक्शन कंपनी पर जीएसटी का छापा

## बड़ी चोरी उजागर, 89.82 लाख रुपए कर दिए सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट



■ नेशनल हाईवे का निर्माण कर रही कंपनी

छिंदवाड़ा और बालाघाट जीएसटी की संयुक्त टीम ने रजेगांव से बालाघाट के बीच फोरलेन हाईवे का निर्माण कर रही फर्म मेसर्स कालूवाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान फर्म के लेन-देन में भारी अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद दबाव में आए निर्माणकर्ता ने 89 लाख 82 हजार रुपए की राशि विभाग के पास सरेंडर की है। संयुक्त आयुक्त (छिंदवाड़ा) सुनीता वर्मा के मार्गदर्शन और सहायक आयुक्त एकांत राहंगडाले के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। इस टीम ने बालाघाट के नवेगांव और रेंगाटोला ▶▶ शेष पेज 6 पर






संघ प्रमुख ने हिंदुओं के हालात खासकर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर चिंता जताई

अपनी सुरक्षा के लिए वहां के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर जुल्म बढ़े, भारत सरकार को इस मुद्दे पर 'ध्यान' देना चाहिए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत इन दिनों पश्चिम बंगाल के चार दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को उत्तर बंगाल के कोलकाता पहुंचे डॉ. भागवत ने साइंस सिटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने दुनियाभर में हिंदुओं के हालात खासकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे आत्याचार को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां हालात ▶▶ शेष पेज 6 पर




डॉ. मोहन भागवत

### संघ को भाजपा के नजरिए से समझने की प्रवृत्ति गलत

डॉ. भागवत ने साफ किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्म किसी राजनीतिक मकसद, प्रतिस्पर्धा या विरोध के लिए नहीं हुआ। उनका कहना था कि संघ पूरी तरह हिंदू समाज के संगठन, उन्नति और संरक्षण के लिए समर्पित ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर कोई सुरक्षा संकट नहीं

**भारत** में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर कथित प्रदर्शन को लेकर विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि 20 दिसंबर को कोई सुरक्षा संकट नहीं हुआ।

मंत्रालय के अनुसार, 20–25 युवाओं ने बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की हत्या के विरोध में शांतिपूर्ण नारेबाजी की थी, जिसे पुलिस ने तुरंत हटा दिया। विदेश मंत्रालय ▶▶ शेष पेज 6 पर



रणधीर जायसवाल

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती पर 'शून्य से शतक' कार्यक्रम

# राष्ट्रनीति के शिखर पुरुष, राजनीति के अजातशत्रु और लोकतंत्र की मर्यादा के प्रतीक थे 'वाजपेयी'

### उपराष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने चार विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अटलजी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और मिशन थे। उनके कर्म, आदर्श और सुशासन की दृष्टि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक प्रकाश हैं। उन्होंने कहा कि स्व. अटल भले हमारे बीच शारीरिक रूप से न हों, लेकिन उनके आदर्श सदैव हमारे हृदयों में जीवित रहेंगे और राष्ट्र को दिशा देते रहेंगे।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन रविवार को इंदौर में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अटल जी का जीवन ऐसे ग्रंथ की भांति था, जिसका प्रत्येक पृष्ठ नैतिकता, उत्कृष्टता और राष्ट्रधर्म की राह दिखाता है। अटल जी केवल राजनेता नहीं थे, बल्कि वे कवि, चिंतक, अद्भुत नेतृत्व गुणों से संपन्न, विनम्र, संवेदनशील और स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त थे।

### मां अहिल्या की पावन धरती पर आकर उन्हें विशेष प्रसन्नता

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि मां अहिल्या की पावन धरती पर आकर उन्हें विशेष प्रसन्नता है। उन्होंने अटल फाउंडेशन के मंच से स्व. अटल के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. अटल जी संवाद, समावेशी विकास और मानवीय सुशासन में विश्वास रखते थे। सांसद, कवि और प्रधानमंत्री-हर भूमिका में उन्होंने सार्वजनिक विमर्श को गरिमा दी और सिद्ध किया कि राजनीति सिद्धांतनिष्ठ और करुणामय हो सकती है।



उपराष्ट्रपति ने कवि सत्यनारायण सत्तन को सम्मानित किया।

### नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक पवित्र पद का धारण किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी का लगातार 50 वर्ष तक विपक्षी नेता के रूप में बोलते रहना आज के युग में कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात होगी। विशेष रूप से उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक पवित्र पद का धारण किया था। जब-जब देश को आवश्यकता पड़ी चाहे किसी काल में कोई विशेष अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा हो, उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। जब भी वे विदेश गए भारत माता को सदैव गौरवान्वित किया। लोकतंत्र को पूरे आनंद के साथ अनुभव करते हुए पूरे देश को

#### राजनीति के अजातशत्रु, विचारों की दृढ़ता रखते हुए वे भारतीय मर्यादा के प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजनीति के शिखर पुरूष, राजनीति के अजातशत्रु और विचारों की दृढ़ता रखते हुए वे भारतीय मर्यादा के प्रतीक बने। भारत रत्न श्री अटल वाजपेयी जी को हमारे बीच के कई लोगों ने देखा भी है। वास्तव में वे एक ऐसा व्यक्तित्व थे, जिसने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में अपनी हर एक जगह महत्ता स्थापित की। प्रारंभ में अटल जी की संघ के एक प्रचारक के रूप में पहचान बनी थी।

#### युगपुरुष थे अटल जी : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि अटल जी ऐसे व्यक्तित्व रहे, जिन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षण में देश को गौरवान्वित करने के कार्य किए। भारतीय राजनीति में अटल जी एक युगपुरुष के समान रहे हैं। प्रधानमंत्री रहते हुए देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाने की उनकी दूरदृष्टि अद्वितीय रही है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने भारतमाता और लोकतंत्र को गौरवान्वित किया।

### दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अटलजी का जीवन विचारों की दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व ऐसा था जिसने हर काल और हर युग में भारतीय राजनीति को दिशा दी। उनकी राजनीतिक यात्रा भारतीय लोकतंत्र की प्रेरक गाथा है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर इंदौर में 'शून्य से शतक' कार्यक्रम का गरिमामय रूप से आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में देश के उपराष्ट्रपति, राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चार प्रतिष्ठित विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से अलंकृत किया। इनमें सत्यनारायण सत्तन (प्रसिद्ध कवि), सत्यनारायण जटिया (पूर्व केंद्रीय मंत्री), संजय जगदाले (भारतीय क्रिकेट टीम चयन समिति के पूर्व चयनकर्ता) तथा पारंग शुक्ला (सागर) शामिल हैं। समारोह में अटल जी के जीवन पर आधारित एक भावपूर्ण लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, अटल जी से जुड़े संस्मरणों पर आधारित पुस्तक सदा अटल महाग्रंथ के तृतीय संस्करण के कवर पेज तथा केलेण्डर का विमोचन भी किया गया। अटल फाउंडेशन की माला तिवारी वाजपेई ने स्वागत भाषण दिया।*

### मनरेगा का नाम बदलने का कांग्रेस ने किया विरोध



**भोपाल।** मनरेगा का नाम बदलने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ रविवार को भोपाल कांग्रेस कमेटी ने मिंटो हॉल में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में भोपाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी धनोपिया सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। विरोध जताते हुए भोपाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदलना यानि सीधे उनके सम्मान को आघात पहुंचाना है।

### महाकाल विद्वत परिषद् ने सीएम को लिखा पत्र

**भोपाल।** महाकाल विद्वत परिषद् उज्जैन द्वारा नगर के विद्वानों को पत्र भेजकर राजा भर्तहरी के इतिहास,संस्कृति और पुरातत्व के सन्दर्भ में विस्तार से जानकारी मांगी है, साथ ही भर्तहरी गुफा पर कॉरिडोर बनाने और ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर का सरकारीकरण करने महाकाल विद्वत परिषद का मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ की विद्वत परिषद् के राष्ट्रीय प्रमुख आशीष अग्निहोत्री ने बताया, राजा भर्तहरी,विक्रमादित्य के बड़े भाई हैं, इसलिए यह संपदा राज घराने से संबंध रखती है।

### मुख्यमंत्री निवास में अभिनंदन एवं आभार कार्यक्रम के दौरान बोले मुख्यमंत्री

# विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे, हम सब मिलकर प्रदेश को बनाएंगे समृद्ध

*मुख्यमंत्री का शाजापुर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संघों ने किया सम्मान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अपनेपन से कुछ और बेहतर करने की नई ऊर्जा मिलती है। शाजापुर जिले ने प्रदेश को विचारों की दिशा दी है। इसलिए विकास में पहला हक भी शाजापुर का है। हम शाजापुर जिले के विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे। मक्सी के साथ-साथ अब शाजापुर में भी बदलाव की बयार बह रही है।

हम सब मिलकर मप्र को एक विकसित और समृद्ध प्रदेश बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शाजापुर जिले के जनप्रतिनिधियों, उद्योग संघ, डाक्टर्स एसोशिएशन, कर्मचारी संघ, अधिवक्ता संघ, उद्योग भारती के गणमान्य जनों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों के साथ अंगवस्त्रम ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री निवास पर अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया। शाजापुर जिले को विकास की विभिन्न सौगातें देने के लिए आयोजित अभिनंदन समारोह में जिले के जनप्रतिनिधियों ने बीते दो साल की उपलब्धियों का जिक्र किया।

**खास बातें**

- शाजापुर में बनेगा मेडिकल कॉलेज, शुजालपुर को मिलेगा आयुर्वेदिक कॉलेज
- दो साल में शाजापुर जिले को मिली कई सौगातें



अतिथियों ने किया सीएम का अभिनन्दन।

### मक्सी क्षेत्र में 8000 करोड़ के निवेश वाली सोलर प्लेट बनाने वाले उद्योग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर विधानसभा के मक्सी क्षेत्र में 8000 करोड़ रुपए निवेश वाली सोलर प्लेट बनाने वाले उद्योग की सौगात दी है। इसका भूमि-पूजन हो चुका है। इससे जिले के विकास को नये पंख मिल गए हैं। शाजापुर जिला 2 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं (पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना एवं नर्मदा-कालीसिंध परियोजना) से लाभान्वित हुआ। शाजापुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात, आलू-प्याज की मंडी को मंजूरी, शाजापुर शहर का एबी रोज-4 लेन, मक्सी से मोहन बड़ौदिया बायपास निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इन सभी सौगातों से जिले के सभी नागरिक बेहद खुश हैं। इस अवसर पर शाजापुर जिले से आए जनप्रतिनिधि, डॉक्टर्स, व्यापारी, उद्योगपति और बड़ी संख्या में नागरिकगण भी उपस्थित थे।

### शाजापुर जिले को तो सबसे अधिक सौगातें मिली

शाजापुर के विधायक अरुण भीमावद व कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री मप्र के गौरव हैं। दो साल की अल्प अवधि में मुख्यमंत्री ने मप्र की काया पलट दी है। शाजापुर जिले को तो सबसे अधिक सौगातें मिली हैं। इसलिए यहां के नागरिक अभिभूत हैं। हम सब हमेशा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ऋणी रहेंगे।

#### 2 मेट्रोपोलिटन एरिया के बीच में शाजापुर सबसे अच्छी जगह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 मेट्रोपोलिटन एरिया के बीच में शाजापुर सबसे अच्छी जगह है। शाजापुर 2 मेट्रोपोलिटन का केन्द्र बिन्दु है। शाजापुर में जल्द ही मेडिकल कॉलेज बनेगा।



पोहा-जलेबी का लुत्फ लेते सीएम।

#### मुख्यमंत्री ने इंदौर में इंदौरी पोहा-जलेबी का लिया लुत्फ

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन याढव का रविवार को इंढौर पहुंचे थे। वे इंढौर में मप्र पिकलबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एयरपोर्ट के रास्ते में अचानक गाड़ी रुकवाई और कॉलानी नगर स्थित मौसा पराठा हॉउस में इंदौरी पोहा जलेबी और चाय का लुत्फ लिया। इस दौरान उन्होंने रेस्टोरेंट के वर्कर्स के साथ सहज अंदाज में फ्रोटो भी खिंचवाए और उनका अभिवादन भी स्वीकारा।

# मध्य प्रदेश में शुरू हुई बजट की तैयारियां- 4 लाख करोड़ से ज्यादा का होगा जीरो बेस्ड बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में आगामी बजट की तैयारी शुरू हो गई है। वित्त विभाग ने समीक्षा के लिए तारीख भी तय कर ली है। करीब 32 विभागों के लिए 10 दिन का समय रखा गया है। इस दौरान अलग-अलग दिनों में विभाग बार समीक्षा की जाएगी। इस बार वित्त विभाग ने जीरो बेस्ड बजट तैयार करने का फैसला किया है। यानी कि विभागों को राशि उतनी ही दी जाएगी। जितनी खर्च करने की आवश्यकता है।

अभी तक मध्य प्रदेश सरकार रोलिंग बजट तैयार करती थी यानी कि पहले विभागों को बजट दिया जाता था लेकिन कई बार वह पैसा जनता के लिए खर्च नहीं हो पता था। इसलिए जीरो बेस्ड बजट तैयार करने का निर्णय वित्त विभाग ने लिया है। 12 जनवरी से लेकर 22 जनवरी के बीच 32 विभागों की समीक्षा का कार्यक्रम रखा गया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने सभी विभागों की अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए निर्देश दिए हैं।

### 32 विभागों की 10 दिन के भीतर होगी समीक्षा

#### दिसंबर में हो चुकी 22 विभागों की बैठक

*वित्त विभाग ने अभी तक करीब 22 विभागों बैठके ली है। दिसंबर महीने में अलग-अलग तरीकों में विभाग के साथ चर्चा हुई है। यह वह विभाग है। जिनका बजट अन्य विभागों से कम है। खास तौर पर केंद्रीय स्पॉन्सर स्कीम इन विभागों में लागू है। इसलिए ज्यादा मध्य प्रदेश सरकार पर भर नहीं है लेकिन कई ऐसे विभाग है। जिन पर सरकार को ज्यादा बजट की आवश्यकता होती है। स्कूल शिक्षा स्वास्थ्य लोक निर्माण विभाग जल संसाधन और अन्य विभाग शामिल है। जिस दिन में अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होती है।*

#### 3 सालों का तैयार किया जाएगा रोलिंग बजट

साल 2026- 27 के बजट के साथ-साथ 27-28 और वित्तीय वर्ष 28 और 29 के रोलिंग बजट को भी तैयार करने के लिए वित्त मंत्री ने निर्देश दिए हैं। साल 2026-27 के साथ-साथ 28 और 29 के बजट को विभाग को तैयार करना है। इससे यह बात पता चल सके की आने वाले 3 साल में सरकार को कितने और बजट की जरूरत होगी। क्योंकि 4 लाख करोड़ से अधिक का पिछला बजट था। इस बार साढ़े 34 लाख करोड़ से ज्यादा बजट रखा जाएगा।




### शिवराज के आंकड़ों को ही गलत ठहरा दिया

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा था कि खाद वितरण गड़बड़ी के मामलों में मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने कहा कि किस बात के आंकड़े, किसने दिए ? कोई गड़बड़ी नहीं है, लोकसभा में गलत आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। कंसाना ने कांग्रेस के आरोपों को भी निराधार बताया और कहा कि खाद गुणवत्ता या वितरण में कहीं गड़बड़ी या कमी नहीं है। उन्होंने यह भी कह दिया कि खाद को लेकर प्रदर्शन कांग्रेस द्वारा प्रायोजित है। शिवराज का इस पर कोई बयान नहीं आया है।

### बयानों से सरकार-संगठन को असहज कर रहे ये मंत्री

इस समय कुछ मंत्रियों के बयान सुर्खियों में हैं। चर्चा में रहने वाले ये मंत्री हैं- एंदल सिंह कंसाना, नारायण सिंह कुशवाह, प्रतिमा बागरी और विजय शाह। कंसाना से पूछा गया कि प्रदेश के किसान अपनी प्याज सड़कों पर फेंकने को मजबूर हैं? जवाब मिला-ज्यादा पैदावार होने के कारण ऐसा कर रहे हैं। शाजापुर पहुंचे प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने पूर्व की भाजपा सरकारों के सभी कामों को बेकार बता दिया। विजय शाह पहले कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान के कारण घिरे थे, अब लाड़लियों को लेकर विवादित बयान दे डाला। प्रतिमा बागरी गांजे की तस्करी में जेल में बंद अपने भाई को लेकर लगातार बयान बदल रही हैं और बदनामी का कारण बनी हुई हैं।

### कैलाश ने जीता विरोधियों का भी दिल

लंबे समय बाद ऐसा हुआ जब कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा में अन्य मुख्यमंत्रियों के साथ दिग्विजय सिंह के कार्यकाल की भी तारीफ की। दिग्विजय इसके कायल हुए और कैलाश के प्रति आभार व्यक्त किया। इस समय कैलाश कुछ अन्य बयानों के कारण भी चर्चा में हैं। जैसे, सदन के अंदर उन्होंने कह दिया कि मुख्यमंत्री सूट-बूट पहनकर सदन में आए हैं, जबकि हम मंत्री और विधायक अलग वेश-भूषा में बैठे हैं। इंदौर में अफसरों को लेकर दिया गया उनका बयान भी सुर्खियों में रहा।

### सिविल सर्जन का बेतुका बयान

जबलपुर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी का एक बेतुका बयान सामने आया है। उन्होंने कह दिया कि चूहे और सांप तो अस्पताल के मूल निवासी हैं। ताजा मामला सतना जिला अस्पताल में संचालित सिक न्यू बॉर्न केयर यूनिट का है, जहां नवजात शिशुओं को भर्ती किया जाता है। वायरल वीडियो में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में चूहा केबिन के अंदर धमा-चौकड़ी मचाते दिख रहा है। जबलपुर के जिला अस्पताल में चूहे आईसीयू तक में थे और एक मरीज के सिर पर चलते देखे गए थे। मरीजों की सुरक्षा के बजाए सिविल सर्जन उनको चूहों और सांपों के साए में रखने की हिमायत कर रहे हैं।

### इस मायने में अलग है मंत्री की बेटी की नर्मदा परिक्रमा

मंत्री प्रहलाद पटेल की बेटी प्रतिज्ञा सिंह 1330 किमी की मां नर्मदा परिक्रमा पर निकली हैं। प्रतिज्ञा की परिक्रमा का उद्देश्य कुछ अलग और विशिष्ट है। वे नर्मदा नदी के दोनों तटों के प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृश्यों को चित्रों के माध्यम से संजोएंगी। इस यात्रा के हर 150 किलोमीटर के दृश्यों को एक किलोमीटर लंबी पेंटिंग में उकेरा जाएगा। अमरकंटक, ओंकारेश्वर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए डेढ़ से दो किलोमीटर तक की पेंटिंग बनाई जाएगी। इस प्रकार पूरी नर्मदा परिक्रमा को लगभग 7 किलोमीटर लंबी पेंटिंग में रूपांतरित करने की तैयारी है। नर्मदा किनारे जहां पहुंचना कठिन होगा, वहां ड्रोन के माध्यम से वीडियो और फोटोग्राफी कराई जाएगी, जिसके आधार पर चित्र बनाए जाएंगे। परिक्रमा का उद्देश्य नर्मदा मैया के प्रति आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन-जागरुकता लाना है।

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

## एसआई, एएसआई और आरक्षक सहित 5 पुलिसकर्मी पीएचक्यू अटैच, आंदोलन खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करणी सेना ने आज अपनी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर जनक्रांती न्याय आंदोलन किया है। जिसमे से जिला प्रशासन ने 1 मांग पूरी की शेष 20 मांगो के लिए करणी सेना राजनीतिक दल बनाकर विधानसभा ओर लोकसभा में अपने प्रतिनिधि भेजेगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन कराकर भव्य कार्यक्रम में पार्टी की घोषणा की जाएगी।

हरदा जिले में करनी सेना के जनक्रांती न्याय आंदोलन में जिला प्रशासन ने 5 पुलिस कर्मियों को भोपाल पीएचक्यू पहुंचाकर 21 सूत्रीय मांगों में से 1 मांग पूरी कर दी शेष मांगे। राज्य और केंद्र सरकार द्वारा पूरी करने के लिए भोपाल और दिल्ली भेज दी है। आन्दोलन समाप्त करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने मंच से राजनीतिक दल बनाने की घोषणा की जीवन सिंह का कहना है कि सरकार हमे हर बार धोखा देती है लेकिन अब हम अपना राजनीतिक दल बनाकर विधानसभा ओर लोकसभा में सदस्य जिताकर पहुचेंगे ओर जनहित में सारी मांगो को पूरा करंगे। राज शेखावत राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय करणी सेना,महिपाल सिंह मकराणा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपूत करणी सेना एवं जीवन सिंह शेरपुर राष्ट्रीय करनी सेना के अध्यक्ष को सूरजपाल सिंह अम्मू पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना ने तीनों राष्ट्रीय अध्यक्षो को मंच पर एक साथ खड़ा के पूरी करणी सेना को एक कर दिया।

## रतलाम ग्रामीण अध्यक्ष का इस्तीफा नामंजूर मुकेश पटेल का त्याग-पत्र दिल्ली भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस संगठन में सामने आए इस्तीफों को लेकर प्रदेश नेतृत्व ने अलग-अलग निर्णय लिए हैं। अलीराजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश पटेल का इस्तीफा स्वीकार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र जीतू पटवारी ने मुकेश पटेल का इस्तीफा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेज दिया है।

अब इस पर अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। वहीं रतलाम ग्रामीण के अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत का इस्तीफा अस्वीकार कर दिया गया है। मुकेश पटेल और हर्ष विजय गेहलोत दोनों का चयन संगठन सृजन अभियान के तहत किया गया था। एक के बाद एक दो अध्यक्षों के इस्तीफे ने इस अभियान को झटका दिया है। मुकेश पटेल ने संगठनात्मक सहित अन्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दिया था। प्रदेश अध्यक्ष से चर्चा के बावजूद उन्होंने अपने निर्णय पर कायम रहने की बात कही, जिसके बाद प्रदेश नेतृत्व ने उनका इस्तीफा एआईसीसी को भेजने का निर्णय लिया। दूसरी ओर, रतलाम ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत को पार्टी ने मना लिया है। गहलोत द्वारा दिया गया इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र जीतू पटवारी ने अस्वीकार कर दिया है। पटवारी ने उनसे चर्चा कर संगठनात्मक विषयों पर भरोसा दिलाया और पार्टी में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

#### एआईसीसी को भेजा गया इस्तीफा

मुकेश पटेल का इस्तीफा एआईसीसी को भेजा गया है, हर्ष विजय गेहलोत का इस्तीफा अस्वीकार कर दिया गया है।


डॉ. संजय कामले, प्रदेश संगठन महामंत्री कांग्रेस

### ऊर्जा मंत्री ने दो साल का रिपोर्ट कार्ड पेश कर बताया तीन साल का लक्ष्य

# 'बिजली सरप्लस राज्य' बना मध्यप्रदेश, इतिहास में पहली 19,113 मेगावाट मांग की निर्बाध आपूर्ति: प्रद्युम्न सिंह तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए मध्यप्रदेश 'बिजली सरप्लस राज्य' बन गया है। 12 दिसंबर 2025 को प्रदेश के इतिहास में पहली बार 19,113 मेगावाट की सर्वाधिक बिजली मांग बिना किसी कटौती के पूरी की गई। यह मोहन सरकार की दूरदर्शी योजना और ऊर्जा विभाग की समयबद्ध कार्यप्रणाली का परिणाम है। यह बात कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर हाल में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कही। रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में ऊर्जा विभाग की उपलब्धियां गिनते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की कुल अनुबंधित विद्युत क्षमता 25,081 मेगावाट है, जिससे मप्र बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है। आज बिजली हर नागरिक




प्रेस कांफ्रेंस करते ऊर्जा मंत्री तोमर।

#### बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत थानों की होगी स्थापना

बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है। जल्द ही प्रदेश में बिजली विभाग द्वारा विद्युत थाने शुरू किए जाएंगे। इन थानों में बिजली कंपनियों की अपनी पुलिस व्यवस्था होगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली चोरी एक बड़ा अपराध है, जिसमें तीन साल तक की सजा का भी प्रावधान किया गया है। विद्युत थानों में पीएचक्यू से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

#### एक करोड़ उपभोक्ताओं को 100 यूनिट 100 रुपए में

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को प्रतिवर्ष लगभग 26 हजार करोड़ की सब्सिडी दी जा रही है। करीब एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं से प्रथम 100 यूनिट बिजली के लिए मात्र 100 रुपए लिए जा रहे हैं। वहीं कृषकों को कुल देय राशि का केवल सात प्रतिशत भुगतान दो किश्तों में करना होता है। इसके अलावा उद्योगों को भी लगभग 2,000 करोड़ रुपए की वार्षिक बिजली दर में छूट दी जा रही है।

#### सारणी और चचाई में स्थापित किए जाएंगे दो नए ताप विद्युत संयंत्र

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे हैं। शासकीय जनरेटिंग कंपनी द्वारा सारणी और चचाई में 660-660 मेगावाट के दो नए ताप विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। ट्रांसमिशन कंपनी की 5,000 करोड़ की पंचवर्षीय योजना को भी स्वीकृति दी गई है। वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह की इकाई-5 लगातार 442 दिनों से संचालित होकर रिकॉर्ड बना चुकी है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की इकाई-10 वित्तीय वर्ष 2023-24 में 305 दिन लगातार चली।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 दिसंबर 2025


सुभाष नगर स्टेशन से यात्रियों को लेकर चली मेट्रो।

## संडे सेलिब्रेशन: सात हजार यात्रियों ने लिया भोपाल मेट्रो का लुत्फ, ट्रेन में किसी ने गाना गाया तो किसी ने किया डांस

# त्योहार जैसा उत्साह, शहर की पहली मेट्रो में सफर कर ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने कंपकंपाती ठंड में सुबह 7 बजे से ही स्टेशन पर पहुंच गए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मेट्रो सेवा का लोकार्पण शनिवार को हुआ था, जबकि रविवार को पहली बार आम लोगों के लिए मेट्रो का संचालन शुरू किया गया तो लोगों में उत्साह और उमंग का हाल यह था कि एम्स स्टेशन के बाहर लोग सुबह 7 बजे से ही पहुंच गए थे, जबकि ट्रेन चलने का समय 9 बजे था। जैसे ही यहां टिकट काउंटर खुला तो लोगों ने दौड़ लगा दी। देखते ही देखते कतार लग गई।

जब 9 बजे मेट्रो ने चलना शुरू किया तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कोई मुस्कराते हुए गाना गा रहा था तो कोई डांस कर रहा था। इनमें महिलाएं-बुजुर्ग, बच्चे, जवान सभी शामिल थे। 90 फीसदी से ज्यादा यात्री तो ऐसे थे जो एम्स से सवार हुए तो सुभाष नगर पहुंचे, वहां से मेट्रो से ही वापस लौटे। यही हालत सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पर रहा, जहां से मेट्रो को सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर रवाना होना था, लेकिन यहां भी लोग सुबह से ही जुटना शुरू हो गए थे। सुबह जल्दी पहुंचकर परिवारों, युवाओं और बुजुर्गों ने भोपाल की पहली मेट्रो में सफर कर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने की कोशिश की।

एम्स से सुभाष नगर तक के इस रूट में कुल आठ मेट्रो स्टेशन पड़े। पहले ही दिन मेट्रो में सफर करने वालों में गजब का उत्साह देखने को मिला। ट्रेन के भीतर यात्रियों ने एक-दूसरे के साथ जश्न मनाया और जमकर सेल्फी ली। खिड़कियों से नजर आने वाले शहर के नजारे-सड़कें, इमारतें और हरियाली-लोगों को खासा आकर्षित करते नजर आए। कई यात्रियों ने कहा कि ऊंचाई से भोपाल की सुंदरता देखना अपने आप में नया अनुभव है।

एम्स से सुभाष नगर तक पहले ट्रिप में 350 से ज्यादा बैठे

एम्स से सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन तक ट्रेन ने लगाए 17 फेरे

सेल्फी और वीडियो बनाते नजर आए यात्री

कोई करोंद से तो कोई गांधी नगर से सुभाष नगर पहुंचा

### ट्रेन के अंदर हैंडल को पकड़कर बच्चों ने लिया आनंद



शहर के दूर-दराज इलाकों करोंद और गांधी नगर से भी लोग मेट्रो में यात्रा करने पहुंचे। जिंसी चौराहा और जहांगीराबाद से बड़ी संख्या में सपरिवार लोग सुभाष नगर पहुंचे। यहां पार्किंग में वाहनों की कतार दिनभर लगी रही। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। ट्रेन के अंदर हैंडल को पकड़कर बच्चों ने आनंद लिया।


मेट्रो में सफर का आनंद लेकर सेल्फी लेते यात्री।



### इन स्टेशनों पर लोग उतरे भी सवार भी हुए

एमपी नगर, आरकेएमपी और बोर्ड ऑफिस चौराहे के स्टेशन से बड़ी संख्या में लोग उतरे भी सवार भी हुए, जबकि केवी, डीआरएम और अल्कापुरी में इक्का-दुक्का लोग ही प्लेटफार्म पर नजर आए।


कई यात्री सांस्कृतिक वेशभूषा में मेट्रो का आनंद लेने पहुंचे।

एम्स में जांच करवाने आए मरीजों ने भी किए मेट्रो के दर्शन, कोई मुरैना से तो कोई झांसी से आया था

## मेट्रो में सवार लोगों ने हरिभूमि से साझा किए अपने यादगार पल... यात्रियों ने कहा- दिल्ली से अच्छी है हमारी मेट्रो



### पोते को बुखार है, बहू के साथ एम्स तक मेट्रो से जा रहे हैं

*पुराने शहर के बाग उमराव दूल्हा निवासी किश्वर जुबैर ने बताया कि उनके पोते को बुखार है। वे एम्स अस्पताल मेट्रो से उसे डॉक्टर को दिखाने जा रही हैं। पहला दिन था, इसलिए समय मालूम नहीं था। अब टाइम टेबल देखकर आएंगे।*


मेट्रो में बच्चों के साथ सफर करते यात्री।

### काउंटर खुला तो दौड़ लगाकर टिकट लेने पहुंच गए लोग


सफर के लिए मेट्रो का टिकट लेकर प्रसन्न यात्री कुलदीप (काली जेकेट में) और योगेश(क्रीम शर्ट में)।

### मुरैना से एम्स में जांच करवाने आए थे, मेट्रो के भी किए दर्शन



मुरैना से एम्स अस्पताल जांच करवाने आए भगवान सिंह भी मेट्रो में यात्रा करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह सौभाग्य उन्हें मिला कि वे जांच करवाने के बाद मेट्रो के दर्शन भी हो गए।

### झांसी से आए एलपी साहू पहली बार मेट्रो में बैठे, यात्रा का लिया अनुभव



झांसी से किसी काम से भोपाल आए एलपी प्रसाद को जब पता चला कि शहर मे मेट्रो चलना शुरू हो गई है तो वे भी इसमें यात्रा करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि अभी तक तो केवल मेट्रो के बारे में सुना था अब यात्रा का अनुभव लिया।

### भोपाल मेट्रो की पहली यात्रा यादगार अनुभव रही

भोपाल मेट्रो की पहली यात्रा यादगार अनुभव रही। शहर के बदलते स्वरूप को नजदीक से महसूस किया। मेट्रो भोपाल को आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन की नई दिशा देगी।

कुलदीप मालवीय, यात्री

### सहज एवं सुरक्षित रखेगी मेट्रो यात्रा

मेट्रो यात्रा को सहज, सुरक्षित और समय बचाने वाली रहेगी। मेट्रो से रोजमर्रा की भागदौड़ में आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

योगेश यादव, यात्री



### भोपाल को मिलेगा नया मुकाम

मेट्रो ने खास प्रभावित किया। मेट्रो भोपाल की पहचान को नए मुकाम तक ले जाने वाला कदम है। बेहद सुलभ और आसान यात्रा का पूरा आनंद लिया।

अश्विन मिश्रा, यात्री

### दिल्ली मेट्रो से भोपाल मेट्रो बहुत अलग



दिल्ली मेट्रो से भोपाल मेट्रो बहुत अलग है। हालांकि अपने शहर की मेट्रो है। इसलिए दिल्ली मेट्रो से ज्यादा अच्छी लग रही है।

कमल कुमार, जहांगीराबाद

### मेट्रो के सफर का आनंद लेने आई हूं



मेट्रो के सफर का आनंद लेने आई हूं। दिल्ली, मुंबई मेट्रो में कई बार सफर किया, लेकिन अपने शहर की मेट्रो की बात ही अलग है।

कविता स्वामी, मीनाल रेसीडेंसी

### मेट्रो के चलने से शहर की शान बढ़ गई



भोपाल मेट्रो के चलने से शहर की शान बढ़ गई है। यह बेहद खुशी की बात है। आने वाली जनरेशन के लिए यह काफी अच्छी साबित होगी।

विक्रम सिंह, दानिश नगर

### सैकड़ों यात्रियों को बहुत फायदा होगा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बहुत-बहुत आभार। भोपाल मेट्रो से रोजाना सैकड़ों यात्रियों को बहुत फायदा होगा।

नीलेश श्रीवास्तव, नेहरू नगर

### मेट्रो में सफर की मुझे बेहद खुशी हो रही है



मैं अपनी पत्नी के साथ भोपाल मेट्रो का सफर करने आया हूं। मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह पल मुझे जिंदगीभर याद रहेंगे।

मुकेश कुमार जैन, संजीव नगर

### आने वाली पीढ़ियों के लिए मेट्रो बहुत उपयोगी



भोपाल मेट्रो के चलने से शहर की शान बढ़ गई है। यह बेहद खुशी की बात है। आने वाली पीढ़ियों के लिए मेट्रो बहुत उपयोगी होगी।

रजनी जैन, संजीव नगर

### शहर में पहली बार आम लोगों के लिए मेट्रो चली



शहर में पहली बार आम नागरिकों के लिए मेट्रो चली है। देखने आए थे कि भोपाल मेट्रो कैसी है। बहुत अच्छा लगा देखकर।

मुबारिक खान, अशोका गार्डन

### परिवार को मेट्रो में घूमाने लाया हूं



मैं भोपाल मेट्रो में घूमने के लिए आया हूं। चूंकि रविवार है समय भी था। इसलिए परिवार को घूमाने लाया हूं।

बृजेश राठौर, पिपलानी

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति—दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्ते लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## पेज एक का शेष....

### गुड मॉर्निंग मेट्रो...

क्षेत्रों से इलाज व जांच करवाने आए लोगों ने भी मेट्रो में यात्रा का आनंद उठाया।
स्टेशनों पर यात्रियों को जांच-पड़ताल के बाद प्रवेश दिया गया और ट्रेन में भी महिला और पुरुष कर्मी सुरक्षा के लिए तैनात रहे। यात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए कर्मचारी तैनात थे। सुबह के समय टिकट काउंटर पर लोगों की खासी भीड़ रही। ट्रेन में यात्रियों ने सेल्फी और वीडियो बनाए तो वहीं कई लोगों ने लाइव वीडियो अपने परिजनों को भी दिखाए।

### अटल जी के ....

मार्ग दिखाते रहेंगे और देश के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी प्रचारक, लेखक, पत्रकार, कवि, राजनेता और अनेकों रूपों में अपनी छाप छोड़ गए। इमरजेंसी में इतने बड़े नेता होते हुए भी वे सहज रूप से जेल चले गए। 24 दलों के साथ मिलकर सरकार चलाने का काम सिर्फ अटल जी ही कर सकते थे। परमाणु परीक्षण करके उन्होंने पूरी दुनिया में भारत की शक्ति का परिचय करवाया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा वे एक विराट व्यक्तित्व थे। उनका व्यक्तित्व राष्ट्रधर्म की राह दिखाता है। उन्होंने भारतीय राजनीति में समानता का भाव स्थापित किया।

### साधारण श्रेणी में ...

और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा, जैसे स्टेशन सुविधाएं, कोचों का रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था। पिछले दस वर्षों में, रेलवे ने अपने नेटवर्क और ऑपरेशन को काफी बढ़ाया है और देश के दूर-दराज के कोनों तक भी पहुंच गया है।

### इस साल ये ....

ओर से रेल किराए में की गई बढ़ोतरी भी इतनी ही थी। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी, जबकि एसी ट्रेन से यात्रा करने पर 2 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से इजाफा किया गया था।

### गुना में पेड़ .....

बाई बिजोरी (40) निवासी बिरियाई को मृत घोषित कर दिया। हादसे में अरविंद लोधा, नरेंद्र, मोहन सहरिया, रूप सिंह, फूल सिंह और 16 वर्षीय किशोरी चंचल बाई कंजर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### दो जिलों में ...

और ग्वालियर में कोल्ड डे रहा। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी आधा दर्जन जिलों में घने से अति घना कोहरा रहेगा। सोमवार को ग्वालियर में अति घना कोहरा रहेगा। दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में घना कोहरा रहेगा। कुछ जगह कोल्ड डे भी रहेगा। अशोकनगर, शिवपुरी, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, मैहर में मध्यम कोहरे का अलर्ट है। वहीं, सिवनी में शीतलहर और नरसिंहपुर में कोल्ड डे रह सकता है।

### बाघिन को ...

शाम लगभग छह बजे रवाना किया गया। बाघिन को पकड़ने का अभियान 28 नवंबर से शुरू किया गया था, लेकिन पिछले आठ दिनों से पेंच टाइगर रिजर्व की बाघिन पीएन-224 का राजस्थान ट्रांसलोकेशन करने प्रबंधन ने पूरी ताकत लगा रहा था। जंगल में आठ हाथियों दल लगातार मशक्कत कर रहा था। इसके बावजूद बाघिन चकमा देकर जंगल भागने में सफल हो रही थी। सर्चिंग अभियान में आठ हाथी दल के अलावा मैदानी गश्ती दल में 50 से अधिक वनकर्मी लगे रहे। रूखड़ व कुरई जंगल में बाघिन की सही लोकेशन को ट्रेप करने 50 से अधिक कैमरे लगाने के साथ ही 10 ऑनलाइन कैमरों की मदद ली गई। रविवार को बाघिन को ट्रेंकुलाइज (बेहोश) कर पिंजरे में कैद करने प्रबंधन को सफलता मिली। अभियान का समन्वय राजस्थान वन विभाग के साथ निकट सहयोग में किया गया। सुगनाराम जाट, मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान तथा डॉ. तेजिंदर, पशु चिकित्सक, विगत एक माह से इस अभियान का समन्वय कर रहे थे। यह स्थानांतरण कार्य फील्ड डायरेक्टर देवप्रसाद जे. के सहयोग एवं उप संचालक रजनीश कुमार सिंह, पेंच टाइगर रिज़र्व के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बता दें कि अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण एक वन्यजीव संरक्षण रणनीति है, जिसमें बाघों को एक राज्य से दूसरे राज्य के टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित किया जाता है ताकि आनुवांशिक विविधता बढ़े।

### बड़ी चोरी उजागर....

स्थित कालूवाला कंस्ट्रक्शन के ठिकानों पर दबिश दी। फर्म नेशनल हाईवे 543 (रजेगांव-बालाघाट-लबादा) के निर्माण कार्य में करा रही है। जीएसटी विभाग के पुख्ता सबूतों के सामने फर्म के संचालकों ने कर चोरी स्वीकार कर ली। फर्म ने तत्काल 65 लाख रुपए नकद और 24 लाख 82 हजार रुपए आईटीसी के माध्यम से, कुल 89.82 लाख रुपए सरकारी खजाने में जमा कराए।

### बांग्लादेश में ....

काफी कठिन हैं। ऐसे में अपनी सुरक्षा के लिए वहां के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं के भीतर रहकर जितनी मदद कर सकते हैं, उतनी करनी चाहिए और हम कर भी रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुओं के लिए एकमात्र देश भारत है, इसलिए भारत सरकार को इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. भागवत का पूरा भाषण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा, 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' की सोच और एकजुट हिंदू समाज के साथ समृद्ध भारत के लक्ष्य पर केंद्रित रहा।

### संघ को भाजपा ...

है। कई लोगों में संघ को भाजपा के नजरिए से समझने की प्रवृत्ति होती है, जो एक बहुत बड़ी गलती है। संघ की स्थापना का सार एक ही वाक्य में है भारत माता की जय।

### बांग्लादेश हाई ....

के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा इस दौरान न तो किसी तरह की बैरिकेड तोड़ने की कोशिश हुई और न ही कोई सुरक्षा स्थिति बनी। बांग्लादेश के कुछ मीडिया में इस घटना को बढ़ा-चढ़ाकर और गलत तरीके से पेश किया गया है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत अपने क्षेत्र में स्थित सभी विदेशी मिशनों और राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा वियना कन्वेंशन के तहत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत बांग्लादेश में हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। भारतीय अधिकारी बांग्लादेशी प्रशासन के संपर्क में हैं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर अपनी गहरी चिंता भी जता चुके हैं। एमईए ने यह भी आग्रह किया कि दीपू चंद्र दास की हत्या के दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाए।

---

### कैम्पियन स्कूल में आयोजित हुआ 56वां वार्षिक खेल महोत्सव दिवस 2025

# कैंपियन के बच्चों ने दिखाया अपना टैलेंट, पार की हर बाधा



स्कूल के छात्रों को पुरस्कार वितरित करते प्राचार्य व अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैम्पियन स्कूल में विद्यालय का 56वां वार्षिक खेल महोत्सव दिवस 2025 का आयोजन खेल मैदान में आयोजित किया गया। विद्यालय के कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं के सेकंडरी सेकशन के लगभग 1000 छात्र-छात्राए इस खेल दिवस का हिस्सा बने। मुख्य अतिथि के रूप में लेफटिनेंट कर्नल जैक्सन जोस कुटटूर (पूर्व छात्र कैम्पियन स्कूल), प्राचार्य फादर डॉ. अथनस लकड़ा एस.जे. सुपीरियर एवं मैनेजर फादर के साथ उप प्राचार्य फादर मनोज मिंज एसजे, हैडमिस्ट्रैस सिस्टर रेनिशा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्राचार्य फॉदर आदि के सम्मुख छात्राओं मनोरम नृत्य प्रस्तुत करके किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा इस समारोह के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा स्कूल के चारों सदनों नेहरू हाऊस, अशोका हाऊस, टैगोर हाऊस व गाँधी हाऊस के छात्रों एवं उनके पैरेंटस के सामने मार्च पास्ट करके की गई। मुख्य अतिथि, प्राचार्य फादर एवं सभी छात्रों द्वारा शपथ ली गई।

### छठवीं से 12वीं तक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने लिया विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा

छठवीं से बारहवीं तक के विभिन्न छात्र वर्ग के सैंकड़ों छात्रों के लिए सब जूनियर, जूनियर, इंटर्स, सीनियर में सभी के लिए 100मी. रेस, सब जूनियर और जूनियर वर्ग में 4 गुणा 100 मीटर रिले, इंटर्स और सीनियर वर्ग में 4 गुणा 400 मीटर रिलेरेस आदि की विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। मैनेजर ऑफ द मीट उपप्राचार्य फादर मनोज मिंज और चीफ जज और रेफरी के तौर पर जोंसी कोशी उपस्थित थे।

---

### मेन ऑफ़ द मैच रहे प्रभात शुक्ला, अग्निहोत्री, मौर्य और साध्य को विशेष पुरस्कार

# इंदौर को 9 विकेट से हराकर भोपाल मीडिया टीम ने वार्षिक मैत्री मैच जीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मीडिया टीम ने इंदौर मीडिया टीम को 30वें वार्षिक मैत्री टी-20 क्रिकेट मैच में नौ विकेट से पराजित किया। इंदौर के यशवंत क्लब मैदान पर स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा आयोजित प्रदेश प्रकाश मैत्री मैच में इंदौर मीडिया इलेवन की सलामी जोड़ी राजकुमार अग्निहोत्री और तनिष्क शर्मा ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। अग्निहोत्री ने सर्वाधिक 25 रन और फिर असीम जैन ने 22 रनों का योगदान दिया। 12.4 ओवर में इंदौर टीम ने भोपाल को 127 रनों का लक्ष्य दिया। भोपाल के कप्तान इंद्रजीत मौर्य ने गेंदबाजी में कप्तान की भूमिका निभाते हुए सर्वाधिक तीन विकेट झटके। विवेक साध्य और ललित कटारिया ने दो-दो एवं रामकृष्ण यदुवंशी ने एक विकेट लिया। जवाब में भोपाल टीम की सलामी जोड़ी अक्षत शर्मा और आनंद रजक ने इंदौर के गेंदबाजों की पहले पांच ओवर में लय बिगाड़ कर अपनी जीत पक्की कर ली थी। शर्मा ने 41 और रजक ने 15 रन जोड़े। प्रभात शुक्ला ने विकेट पर आते ही शॉटों की झड़ी लगाकर नाबाद 45 रन बटोरे और टीम को जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।





अतिथियों से ट्रॉफी ग्रहण करते भोपाल टीम के कप्तान इंद्रजीत मौर्य।

### प्रारंभ में अतिथियों ने प्राप्त किया परिचय

प्रारंभ में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, मुख्य महासचिव नवनीत शुक्ला, प्रदेश प्रकाश के संपादक अनंत बिल्लोरे, उद्योगपति अमरीश पचोरिया, वरिष्ठ पत्रकार गणेश एस चौधरी ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि थे एमपीसीए के सचिव सुधीर असनानी, वरिष्ठ कमेंटेटर पद्मश्री सुशील दोषी, जॉइंट कलेक्टर राकेश शर्मा, सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी, पूर्व कुलपति डॉ. मानसिंह परमार एवं वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र जैन। इस अवसर पर अतिथियों ने व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खेलकूद का समय निकालने के लिए मीडियाकर्मियों को बधाई दी। अतिथियों ने कहा कि मैत्री मुकाबले से जीवन में सकारात्मकता आती है, जिसका असर लेखन पर भी पड़ता है।

### इन्हें किया गया सम्मानित

भोपाल टीम विजेता, इंदौर टीम उपविजेता, मेन ऑफ़ द मैच प्रभात शुक्ला, बेस्ट बेट्समैन राजकुमार अग्निहोत्री, बेट्स बोलर इंद्रजीत मौर्य एवं बेस्ट फील्डर विवेक साध्य को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। अम्पायर आशुतोष सावनेर एवं नरेश दुर्गिया को भी सम्मानित किया गया। संयोजक राजू घोलप ने मैच की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत संजय लुणावत, इंद्रजीत मौर्य, कमल कस्तूरी, विजय गुंजाल, अजय भट्ट, यशवर्धन सिंह, बंसीलाल लालवानी, दीपक माहेश्वरी, श्रद्धा चौबे, सुदेश गुप्ता एवं प्रवीण धनोतिया ने किया।

**जाहिर - सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संजय मदान आत्मज श्री गनेश मदान ने श्रीमति सुनयना जैन पत्नि श्री आशीष जैन निवासी एम 14 स्टारलिंग कैसल होशंगाबाद रोड भोपाल के स्वामित्व व आधिपत्य का आवासीय भूखण्ड स्थित वार्ड क्रमांक 05 लोधी महोल्ला औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है आवासीय भूखण्ड जिसका खसरा क्रमांक 207 भूमि के अंश भाग पर स्थित है जिसका क्षेत्रफल 25 फीट गुणित 50 फीट योग 1250.00 वर्गफिट अर्थात - 116.17 वर्गमीटर है, जो कि पूर्णतः रिक्त भूखण्ड है, जिसकी चतुर्थ सीमाऐ : पूर्व दिशा में- श्री मोतीलाल की सम्पत्ति, पश्चिम दिशा में -एन एच 12 रोड, उत्तर दिशा में- भूखण्ड का शेष भाग, दक्षिण दिशा में -श्री मेहताब सिंह की सम्पत्ति है। जिसको क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तय कर लिया है एवं बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है उक्त वर्णित भूखण्ड के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, बैंक सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालय न्यायालय को कोई आपत्ति, ऋणभार हक व अन्य कोई हित हो या उक्त भूखण्ड कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, विक्रय अनुबंधं आदि हो तो, वह व्यक्ति, फर्म, बैंक अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस तक मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर लिखित मे मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।

**नीतेश नागर** अधिवक्ता
स्वास्तिक लॉ चेम्बर औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.
मो. 9691819010

---



### मंडीदीप में 22 दिवसीय खेल महाकुंभ एवं सांस्कृतिक महोत्सव का 5 जनवरी को होगा भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मध्य प्रदेश में मंडीदीप नगरपालिका पहली नगर पालिका है जहां बच्चों की प्रतिभाओं को निकालने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है जिसकी शुरुआत पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन भार्गव ने लगभग 20 वर्षों पहले की थी, जो आज बट वृक्ष के रूप में निरंतर परंपरा चलती आ रही है जिसको लेकर शनिवार को नगर पालिका में स्कूल संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए सीएमओ प्रशांत जैन ने बताया कि जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से भव्य आयोजन किया जाएगा जो 5 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम के साथ जिसका भव्य आगाज किया जाएगा जिसका समापन 26 जनवरी को सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा जिसमें शहर के लगभग 100 स्कूल भाग लेंगे व्यवस्थापक प्रेम नारायण शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद मण्डीदीप द्वारा 5 जनवरी से 22 जनवरी तक खेलकूद प्रतियोगिताओं व 23 जनवरी से 26 जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें इस वर्ष स्कूल संचालकों की मांग पर कराटे प्रतियोगिता एवं अंडर 16 फुटबॉल प्रतियोगिता माध्यमिक वर्ग के लिए बढ़ाई गई है बाकी सभी आयोजन पूर्व अनुसार आयोजित किए जाएंगे इस मौके पर पुष्पा साहू, बहादुर पाल देवी अजमेरा ,कपिल देव चौहान ,विजय पटेल ,सुनील खामरा ,मस्त देव नामदेव सहित समस्त स्कूल संचालकों एवं स्कूल कोच मौजूद थे।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लॉसेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है!
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
ओर साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी दिया जाता है।
ONLY LIBRARY 299/- Rs. Per Month
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 6085



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6084 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 6095

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स की पैसेंजर व्हीकल्स लांच



**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी), भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी, ने दिसंबर महीने के लिए आकर्षक मासिक ईएमआई योजनाओं की घोषणा की है। टियागो पर ईएमआई 4,999 रूपए प्रति माह से शुरू होकर कर्व.ईवी पर 14,555 रूपए प्रति माह तक उपलब्ध है। साल के अंत से पहले अपनी पसंदीदा टाटा कार घर लाने का यह बेहतरीन अवसर है।

### एथर एनर्जी ने ऑटो बीमा क्षेत्र में कदम रखा



**बेंगलुरू।** एथर एनर्जी द्वारा कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में ऑटो बीमा सेवा के क्षेत्र में प्रवेश किया जाएगा। कंपनी ने यह कदम देश में अपने ग्राहकों को स्वामित्व का सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए उठाया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न बीमाप्रदाताओं के साथ साझेदारी में ऑटो बीमा पॉलिसी पेश की जाएंगी। एथर एनर्जी द्वारा बीमा की पेशकशों को व्यवस्थित बनाकर ग्राहकों के अनुभव में सुधार लाया जाएगा, जिससे कंपनी के लिए राजस्व के नए स्रोत का निर्माण होगा।

### भारत ऊर्जा दक्षता में उद्योग की अहम भूमिकाः नंदी



**नई दिल्ली।** भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपने महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर आर्थिक विकास और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के एक दौर से गुज़र रहा है। जैसे-जैसे लोगों की आमदनी बढ़ रही है और जीवन स्तर ऊंचा हो रहा है, वैसे-वैसे आराम और सुविधा बढ़ाने वाले उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है। एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर जैसे घरेलू उपकरण जो पहले शौक की चीज़ें मानी जाती थी।

### जीपी हिंदुजा की स्मृति में आयोजित की प्रार्थना सभा




**मुंबई।** हिंदुजा ग्रुप के दिवंगत चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा की स्मृति में उन्हें सम्मान देने के लिए मुंबई में एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज, राजनीति के विभिन्न दलों के नेता, राजनयिक कोर के सदस्य और कई प्रमुख फिल्मी हस्तियां शामिल हुईं। परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद सरस्वती जैसे गुरुओं और सहयोगियों ने जीपी हिंदुजा के बहुमुखी व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कार्तिकेय की पुस्तक 'द अनबिकमिंग' का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के साहित्यिक परिदृश्य में एक स्मरणीय क्षण रचते हुए, प्रथम उपन्यासकार कार्तिकेय वाजपेयी ने अपने बहुप्रतीक्षित उपन्यास 'द अनबिकमिंग' का गरिमामय लोकार्पण किया। प्रभा खेतान फाउंडेशन की प्रतिष्ठित पुस्तकपहल 'किताब' के अंतर्गत आयोजित इस सुसंवेदनशील और विचारोत्तेजक संध्या ने साहित्य प्रेमियों को एक साथ लाकर रचनात्मक अवसर प्रदान किया।

### मेदांता में अध्याधुनिक तकनीक सेवा की सुविधा



**गुरूग्राम।** मेदांता -द मेडिसिटी, जिसे लगातार 6 वर्षों से न्यूजवीक द्वारा देश का सर्वश्रेष्ठ निजी अस्पताल चुना गया है, अब डीप ब्रेन स्टिमुलेशन जिसे 'ब्रेन-पेसमेकर सर्जरी' के नाम से भी जाना जाता है । न्यूरोसायंसेस के डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी डॉ. अनिर्बन दीप बनर्जी द्वारा की जाती है। मेदांता में दिए जाने वाले इस व्यापक इलाज की व्यवस्था में अत्याधुनिक तकनीक और व्यक्तिगत देखभाल का संतुलन है।

---

विभिन्न पहलुओं पर संरचित एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की

# वीआईटी भोपाल विवि द्वारा शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 'कॉलेज चलो अभियान' का आयोजन

*यह पहल ज्ञान और अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए कॉलेज चलो अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक करना था।




### सुविधाओं एवं सहायता प्रणालियों पर विस्तृत जानकारी साझा की

यह कार्यक्रम विशेष रूप से कक्षा 12 के विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर संरचित एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न विषयों में उपलब्ध करियर विकल्पों, छात्रवृत्ति अवसरों तथा संस्थागत सुविधाओं एवं सहायता प्रणालियों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई।

### कॅरियर से संबंधित जानकारियों की कमी को दूर किया

कार्यक्रम में आयोजित संवादात्मक सत्रों एवं मार्गदर्शित चर्चाओं के माध्यम से महाविद्यालय प्रवेश एवं करियर योजना से संबंधित सामान्य जानकारियों की कमी को दूर किया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक निर्णय आत्मविश्वास के साथ लेने में सहायता मिली। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों से सीधे संवाद किया और उच्च शिक्षा से जुड़े प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया।

### उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कॉलेज चलो अभियान ने विविध पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को समयोचित मार्गदर्शन एवं जागरूकता प्रदान करते हुए उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। यह कार्यक्रम स्वीकृत ढांचे के अंतर्गत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें आयोजन टीम के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

एनएमडीसी को वार्षिक रिपोर्ट और गृह पत्रिका के लिए प्रथम पुरस्कार मिला

# एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में सात पुरस्कार जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और एक जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए।

तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय "सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण" रहा, जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व , अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है।



### विशिष्ट हस्तियों का हुआ सम्मान

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव प्रौद्योगिकी मंत्री गणेश जोशी, सांसद नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुरस्कार मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रसाद गौरीनेनी सहित उद्योग जगत की अन्य विशिष्ट हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से च. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने संगठन की ओर से सम्मान ग्रहण किया। एनएमडीसी को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट तथा गृह पत्रिका (हिंदी) के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किए गए।

### सभी क्षेत्रों में व्यापक पहलों को एनएमडीसी आगे बढ़ा रहा

*जी. प्रियदर्शिनी, निदेशक ने कहाकि ये सम्मान इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि सार्थक प्रगति तब हासिल होती है जब प्रदर्शन उद्देश्य से निर्देशित हो और स्पष्टता के साथ संप्रेषित किया जाए। हमारी यात्रा खनन से आगे बढ़कर समुदायों को सशक्त बनाने, कौशल को पोषित करने, नवाचार को आगे बढ़ाने और राष्ट्र के विकास में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने तक विस्तृत है। ये पुरस्कार टीम की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके माध्यम से वे एनएमडीसी के इतिहास को प्रामाणिकता, प्रभाव और गर्व के साथ प्रस्तुत करते हुए हितधारकों के साथ विश्वास को सुदृढ़ कर रहे हैं।*

---

# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में हुआ भव्य दीक्षांत समारोह, 5 विभूतियों को मिली मानक उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी में शिक्षा और गौरव का उत्सव देखने को मिला। कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में चौथे दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जहां छात्र-छात्राओं के सपनों को नई उड़ान मिली। दीक्षांत समारोह में कर्नाटक राज्य के राज्यपाल थवारचंद गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और भाजपा राष्ट्रीय महा सचिव अरुण सिंह भी बतौर विशेष अतिथि मौजूद रहे। मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री कृष्णा गौर, भोपाल की हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा, एमपी प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमिशन के प्रेसिडेंट डॉ खेम सिंह डहरिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अंडरग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट समेत 835 और एचडी के 29 छात्र छात्राओं ने डिग्री प्राप्त की। वहीं 34 गोल्ड मैडल और 1 मेमोरल मेडल भी दिया गया।



### पांच विशिष्ट जनों को मिला सम्मान

*समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच व्यक्तियों को मानक उपाधि से सतीश मालवीय , राजनीतिज्ञ, दीपक जायसवाल , राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन , मनोज कुमार पांडे, दिव्यांगजन पुनर्वास विशेषज्ञ, ब्रह्मऋषि सच्चिदानंद स्वामी, आध्यात्मिक युग और रवीश रोशन डायरेक्टर, केगर को सम्मानित किया गया।*

### अच्छे मनुष्य के साथ समाज के हर क्षेत्र में अच्छा ही होता है: जय नारायण

यूनिवर्सिटी के चांसलर जय नारायण चौक से ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहाकि ज्ञान का कोई अंत नहीं होता। जीवन में कुछ पाने के लिए हमेशा मन में इच्छा रखनी चाहिए। आप अच्छे मनुष्य बनें, क्योंकि अच्छे मनुष्य के साथ समाज के हर क्षेत्र में अच्छा ही होता है। उन्होंने फैकल्टी सदस्यों और अभिभावकों की भूमिका को भी सराहते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग के बिना छात्रों की यह सफलता संभव नहीं थी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एलएनसीटी ग्रुप भविष्य में शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। संबोधन के अंत में उन्होंने सभी डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रटरी डॉ. अनुपम चौकसे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

---

भारत के 75 सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा की शुरुआत

# मुथूट फाइनेंस ने की 'मुथूट शिक्षा ज्योति' की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सबसे बड़ी गोल्ड-लोन एनबीएफसी, मुथूट फाइनेंस ने अपनी नई सीएसआर पहल 'मुथूट शिक्षा ज्योति' की शुरुआत की है – जिसके तहत डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से स्मार्ट शिक्षा को सक्षम किया जा रहा है। परियोजना के पहले चरण के रूप में, कई क्षेत्रों में सरकारी अपर प्राइमरी और हाई स्कूलों में 65 इंच स्क्रीन वाले 75 स्मार्ट इंटरैक्टिव पैनल लगाए गए हैं।

यह कार्यक्रम औपचारिक रूप से पॉल जॉर्ज ग्लोबल स्कूल, अलकनंदा, नई दिल्ली में शुरू किया गया था, और इससे दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, लुधियाना (पंजाब), ओडिशा, मुंबई, गुजरात, राजस्थान, पुणे, कोलकाता, सिलीगुड़ी, रायपुर और गुवाहाटी के स्कूलों को लाभ मिलेगा। लांच इवेंट में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष, विजेंदर गुप्ता, ग्रेटर कैलाश (जीके) निर्वाचन क्षेत्र की विधायक, श्रीमती शिखा रॉय, मुथूट फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक, अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट और मुथूट फाइनेंस के उप प्रबंध निदेशक, जॉर्ज एम. जॉर्ज उपस्थित थे। शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए, मुथूट फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक, अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहाकि शिक्षा हमारे सीएसआर दर्शन का आधार बनी हुई है, जो हमारे कुल सीएसआर खर्च का लगभग 75 प्रतिशत है। 'मुथूट शिक्षा ज्योति' के माध्यम से, हम सरकारी स्कूलों में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहे हैं ताकि विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा तक बेहतर पहुंच सक्षम हो सके।



### सीएसआर दृष्टिकोण जमीनी स्तर पर केंद्रित

मुथूट फाइनेंस के उप प्रबंध निदेशक, जॉर्ज एम जॉर्ज ने कहाकि हमारा सीएसआर दृष्टिकोण जमीनी स्तर पर दीर्घकालिक प्रभाव बनाने पर केंद्रित है। 'मुथूट शिक्षा ज्योति' के साथ, हम डिजिटल शिक्षण उपकरणों तक पहुंच को सक्षम करके एक वास्तविक बुनियादी ढांचे के अंतर को दूर कर रहे हैं जो रोजमर्रा के कक्षा शिक्षण में शिक्षकों और छात्रों दोनों का समर्थन कर सकता है। इस पहल के तहत पेश किए गए स्मार्ट इंटरैक्टिव पैनल का उद्देश्य कक्षा की भागीदारी को बढ़ाना, डिजिटल शिक्षण उपकरणों को सक्षम करना और सार्वजनिक शिक्षा प्रणालियों में डिजिटल विभाजन को कम करना है। पायलट चरण के कार्यान्वयन के बाद, मुथूट फाइनेंस कार्यक्रम के परिणामों और जमीनी स्तर पर निष्पादन की समग्र समीक्षा करेगा।

---

भोपाल उत्सव मेलाः तेज ठंड के बावजूद भारी भीड़

# कंबल, प्लेन सूट, जैकेट, स्वेटर और घरेलू सामग्री मेला में किफायती दामों पर उपलब्ध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टीटी नगर दशहरा मैदान में 33 वें भोपाल उत्सव मेला पूरे शबाब पर है। रात के समय झूलों और दुकानों पर लगी रंग-बिरंगी लाइटें मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रही हैं। मेला में उत्साह चरम पर है, और बच्चे व परिवार के सदस्य देर रात तक झूलों का आनंद ले रहे हैं। या यूं कहे कि बढ़ती ठंडी ने इस मेले में रौनक भर दी है। सैकड़ों दुकानों में हजारों लोग खरीदारी कर रहे हैं। काफी बड़ी संख्या में लोगों का लगातार मेले में आना जारी है।

मेले में सैकड़ों कपड़ों की दुकान लगी हुई है और हजारों लोग रोज खरीदारी कर रहे हैं। मजेदार बात यह है कि कश्मीर से आने वाले करीब दर्जनभर दुकानें भी पूरी तरीके से सजी हुई है। इनका कहना है कि मेले के समय में 20 से 25 प्रतिशत तक की बिक्री होती थी लेकिन इन दिनों यह बिक्री 95 प्रतिशत तक हो रही है। वहीं, लोग बाजारों की सजावट की फोटो क्लिक करते दिखाए दिए।

### परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने मेले में झूला चर्खी का आनंद उठायाः सुनील

मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि भोपाल के टी टी नगर दशहरे मैदान में चल रहे भोपाल उत्सव मेले में ठिठुरती सर्दी के बावजूद भारी भीड़ उमड़ रही है। मेला में सजी रंग-बिरंगी रोशनी और झूलों के बीच व्यापारियों के चेहरे पर खुशी की लहर है। मेला में शनिवार को भीड़ उमड़ पड़ी। अब लोग मेले में खरीदारी संग घूमने का मौका गंवाना नहीं चाहते हैं। परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने मेले में झूला, चर्खी का आनंद उठाया। खरीदारी के लिए यहां एक से बढक़र एक स्टॉल लगे हुए हैं। लेकिन सबसे अधिक भीड़ गर्म कपड़ों के बाजार में देखी जा रही है। यहां 100 रुपए से लेकर 10 हजार तक का सामान उपलब्ध है। यहां डबल बेड का कंबल सिर्फ 500 में मिल रहा है। तो वहीं, 200 रुपए में जैकेट उपलब्ध है।



---

## बिजनेस न्यूज

### भोपाल में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित द्वारा कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से राजधानी के ई-8 एक्सटेंशन, बावडिया कला, महिंद्रा पेट्रोल पंप के पास, रोहित नगर में हस्तशिल्प प्रदर्शनी आयोजित है। यह बाजार 27 दिसंबर 2025 तक चलेगा। प्रदर्शनी का समय दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक है। प्रदर्शनी में संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं ब्रिकी। इसमें विश्वप्रसिद्ध बनारस की मशहूर कतान सिल्क,मसलिन सिल्क, टीसू सिल्क, अल्फी और टिल्फी सिल्क, काटन, साड़ी, सूट-दुप्पट्टे, भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियां व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिंट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी साड़ी,महोबा यूपी का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्कस, पश्चिम बंगाल का जामदानी सिल्क साड़यिां, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ जो आप देख एवं खरीदारी कर सकते है।




### क्लैट 2026 में टॉपर्स रैंकर्स- लीगल एज के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**भोपाल।** कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। देश के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में एक बार फिर भोपाल मुख्यालय वाले संस्थान टॉपर्सरैंकर्स- लीगल एज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जारी परिणामों के अनुसार, अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष तीन स्थानों (अखिल भारतीय रैंक 1, 2 और 3) पर इसी संस्थान के छात्रों ने जगह बनाई है। यह पिछले 6 वर्षों में चौथा अवसर है जब इस संस्थान के छात्रों ने शीर्ष तीनों रैंक हासिल की हैं। संस्थान द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, टॉप 10 में उनके 7 छात्र और टॉप 100 में 51 छात्र शामिल हैं, जो इस परीक्षा में संस्थान की मजबूत पकड़ को दर्शाता है। केवल लीगल एज से मिली मार्गदर्शन -एआईआर 1 गीताली राजस्थान के श्रीगंगानगर की रहने वाली गीताली गुप्ता ने एआईआर 1 हासिल की है। अपनी सफलता पर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए गीताली ने कहाकि मेरे माता-पिता ने मुझे बचपन से अनुशासन सिखाया, और लीगल एज के वॉरियर्स गोल्ड बैच ने उस अनुशासन को सही दिशा दी। मैंने अपनी तैयारी के दौरान निरंतरता पर सबसे अधिक जोर दिया।




### विरोहन ने जुटाई 65 करोड़ रुपए की सीरीज-बी फंडिंग

**नई दिल्ली ।** हेल्थकेयर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, विरोहन ने अपनी चल रही सीरीज-बी फंडिंग के तहत 65 करोड़ रुपए (7.5 मिलियन डॉलर) जुटाए हैं, जिसका नेतृत्व मायनावी कॉर्पोरेशन ने किया है। इस निवेश दौर में विरोहन के मौजूदा निवेशकों जैसे ब्लूम वेंचर्स, भारत इनक्लूसिव टेक्नोलॉजीज सीड फंड और रीब्राइट पार्टनर्स ने भी भाग लिया। यह फंडिंग उत्पाद नवाचार, संचालन दक्षता में सुधार और रणनीतिक रूप से प्रतिभाशाली पेशेवरों की टीम के विस्तार के माध्यम से विरोहन को लाभप्रदता की दिशा में तेजी से आगे बढऩे में मदद करेगी। विरोहन यूपीईएस (देहरादून), बीबीडी यूनिवर्सिटी (लखनऊ), सीएमआर यूनिवर्सिटी (बेंगलुरु), असम डॉन बॉस्को यूनिवर्सिटी (गुवाहाटी), एमआईटी यूनिवर्सिटी (शिलांग), जी.एच. रायसोनी यूनिवर्सिटी (नागपुर और पुणे), सिल्वर ओक यूनिवर्सिटी (अहमदाबाद) सहित कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर एलाइड हेल्थकेयर, नर्सिंग और हेल्थकेयर मैनेजमेंट में उच्च गुणवत्ता के स्नातक कार्यक्रम संचालित करने में सक्षम बनाता है। यह एक इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में 20 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ जुड़ा है, 13,000 से अधिक महत्वाकांक्षी हेल्थकेयर पेशेवरों को प्रशिक्षित कर चुका है, और 2,000 से अधिक हेल्थकेयर नियोक्ताओं के साथ सहयोग कर रहा है, ताकि इसके स्नातक पहले ही दिन से करियर के लिए पूरी तरह तैयार हों।




### टाटा मोटर्स के एकीकृत ग्राम विकास में चंद्रकांत बने 'लखपति किसान'

**नई दिल्ली ।** टाटा मोटर्स के एकीकृत ग्राम विकास कार्यक्रम इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम ने चंद्रकांत के जीवन में बदलाव की नई उम्मीद जगाई। यह कार्यक्रम स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए एक बहु-स्तरीय और टिकाऊ विकास ढांचे पर आधारित है, जिसमें सरकारी योजनाओं के प्रभावी समन्वय को केंद्र में रखा गया है। टाटा मोटर्स ने विभिन्न सरकारी योजनाओं को जोड़ते हुए चंद्रकांत की आजीविका को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनके खेत में पानी संचयन के लिए फार्म पॉन्ड का निर्माण किया गया। सीमित जल संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए ड्रिप सिंचाई प्रणाली स्थापित की गई और ईंधन खर्च कम करने के उद्देश्य से बायोगैस यूनिट लगाई गई। इसके साथ ही आय बढ़ाने और जोखिम को कम करने के लिए एग्रो-फॉरेस्ट्री, मछली पालन, सोलर पैनल की स्थापना, बांस की खेती और उच्च मूल्य वाली फसलों की नर्सरी जैसी विविध गतिविधियों को अपनाने में भी सहायता की गई। इन प्रयासों के परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे। सुनिश्चित सिंचाई व्यवस्था, बेहतर कृषि तकनीकों और आय के नए स्रोतों के चलते चंद्रकांत की खेती की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और उनकी वार्षिक आमदनी दोगुने से भी अधिक हो गई। उन्होंने अपनी भूमि पर एक अतिरिक्त घर का निर्माण भी किया है, जिससे उनका सफर 'लखपति किसान' बनने तक पहुंच सका।



### ई-कॉमर्स-लॉजिस्टिक्स के लिए देशभर में मान्यता प्राप्त फ्लिपकार्ट और एनसीवीईटी में करार

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट ने नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के साथ एक समझौतापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य भारत में कौशल निर्माण की प्रक्रिया को मजबूत बनाना तथा भारत के स्किल इंडिया मिशन में सहयोग देना है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के तेजी से बढ़ते हुए ई-कॉमर्स एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए पूरे देश में मान्यताप्राप्त और उद्योग पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मिस देबाश्री मुखर्जी, सचिव,उद्यमिता मंत्रालय तथा चेयरपर्सन, एनसीवीईटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उनके साथ मौजूद लोगों में रजनीश कुमार, चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर, फ्लिपकार्ट ग्रुप, प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार गाबा आदि शामिल थे।



चिंतन

# 'वीबी-जी राम जी' देगी ग्रामीण जीवन को गति

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी योजना आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत कर ग्रामीण जीवन को मजबूती देने का काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य सीधे गांव के लोगों को काम देने की बजाय गांवों की आमदनी बढ़ाना है। इसमें स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाता है। खेती, पशुपालन और छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता है और गांव को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना इसका उद्देश्य है। यह विधेयक हाल ही में संसद के दोनों सदनों में पास हो गया था। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद कानून बन गया। इस योजना ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लिया है। मनरेगा अब बीते दिनों की बात हो जाएगी। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। जो मनरेगा के 100 दिनों से अधिक है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। इसके लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कुछ बदल जाएगा। इस योजना को चार प्रमुख भागों में बांटा गया है। इनमें जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर, आजीविका से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर और मौसमी घटनाओं के लिए विशेष कार्य शामिल हैं। यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। व्यय-साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए 90:10, तथा विधानसभा रहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण का है। निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4(5) एवं 22(4)), जिससे पूर्वानुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोज़गार तथा बेरोज़गारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है। वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। ग्रामीणों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। नए कानून का मकसद केवल रोजगार नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना है। इसमें समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके और उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती प्रदान करेगा। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी। विकास कार्य तेजी से होंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति में सुधार होगा। ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार दिए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही तय हो सकेगी। रोजगार बढ़ने से गांवों में आय के साधन मजबूत होंगे और शहरों की ओर पलायन पर भी रोक लगेगी। यह योजना विकसित भारत 2047 के विज़न के पूर्णतः अनुरूप है।



सहकारिता
महेन्द्र तिवारी

# भारत टैक्सी से ओला-उबर को चुनौती

> भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है, हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के ज़रिए संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है।

भारत टैक्सी का अमूल-आधारित सहकारी मॉडल भारत की ऐप-आधारित टैक्सी अर्थव्यवस्था में सिर्फ एक नया स्टार्ट-अप नहीं, बल्कि एक वैचारिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आ रहा है। पिछले एक दशक में ओला-उबर जैसे प्लेटफॉर्मों ने शहरी मोबिलिटी को तेज़, सुलभ और तकनीक-संचालित बनाया, लेकिन इसके साथ ही गिग-इकोनॉमी का एक ऐसा चेहरा भी उभरा, जिसमें ड्राइवर ऊँचे कमीशन, अस्थिर आय, एल्गोरिद्मिक दंड और सर्ज प्राइसिंग की मार झेलते रहे। यात्रियों को भी कभी-कभी सुविधा के बदले अनियंत्रित किराया और सुरक्षा को लेकर असहजता स्वीकार करनी पड़ी। इसी पृष्ठभूमि में भारत टैक्सी एक ऐसे विकल्प के रूप में प्रस्तुत हो रही है, जो लाभ अधिकतमकरण की जगह सहकार, स्वामित्व और न्याय की भाषा बोलती है।




भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है, हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के ज़रिए संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है। दिल्ली और सौराष्ट्र क्षेत्र में पायलट के दौरान ही हज़ारों ड्राइवरों के जुड़ने का दावा बताता है कि यह विचार ज़मीन पर कुछ हद तक स्वीकार्यता पा रहा है।

ड्राइवर-केंद्रित दृष्टिकोण भारत टैक्सी की सबसे बड़ी विशिष्टता है। मौजूदा एग्रीगेटर प्लेटफॉर्मों पर 20 से 30 प्रतिशत तक कमीशन, जटिल इंसेंटिव संरचना और अकसर मनमाने बैन ड्राइवरों की सबसे बड़ी शिकायत रही है। भारत टैक्सी इन शिकायतों का जवाब न्यूनतम या शून्य कमीशन, नाममात्र प्लेटफॉर्म फीस और मुनाफे के सहकारी वितरण के ज़रिए देने का दावा करती है। प्रति राइड मिलने वाली आय का बड़ा हिस्सा सीधे ड्राइवर तक पहुँचना, और अतिरिक्त अधिशेष का सदस्य-लाभांश के रूप में लौटना, इस मॉडल को रोज़गार से आगे बढ़ाकर साझा स्वामित्व की दिशा में ले जाता है। प्रतीकात्मक रूप से ड्राइवरों को "सारथी" कहा जाना भी इसी सोच को रेखांकित करता है कि वे सिर्फ ऐप पर लॉग-इन करने वाले गुमनाम कर्मी नहीं, बल्कि नीति और दिशा तय करने वाले भागीदार हैं। यात्रियों के लिए भारत टैक्सी का आकर्षण पारदर्शिता और स्थिरता में निहित है। सर्ज प्राइसिंग पर रोक और पहले से तय किराया-ब्रैकेट इस वादे के साथ आते हैं कि पीक ऑवर, बारिश या किसी आपात स्थिति में किराया अचानक कई गुना नहीं बढ़ेगा। न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर और दूरी के हिसाब से घटती कीमतें एक ऐसे ढांचे का संकेत देती हैं जिसमें सेवा को सार्वजनिक उपयोगिता के करीब लाने की कोशिश है, न कि केवल अधिकतम मुनाफे का साधन बनाने की। मल्टीलिंगुअल इंटरफेस, रियल-टाइम ट्रैकिंग, 24x7 कस्टमर सपोर्ट और भविष्य में मेट्रो जैसे ट्रांज़िट सिस्टम से इंटीग्रेशन का वादा यह दिखाता है कि यह पहल तकनीकी अनुभव में निजी कंपनियों से पीछे नहीं रहना चाहती। फिर भी, इस सहकारी सपने के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। तकनीकी स्तर पर ओला-उबर जैसे दिग्गजों के पास वर्षों का डेटा, परिष्कृत एल्गोरिद्म और विशाल सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर है। दो मिनट के भीतर पिक-अप, कम कैंसिलेशन और निर्बाध ऐप अनुभव देना केवल विचारधारा से संभव नहीं, इसके लिए भारी तकनीकी निवेश और दक्ष प्रबंधन चाहिए।

जैसे-जैसे भारत टैक्सी अधिक शहरों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैलेगी, सहकारी शासन की जटिलताएँ भी बढ़ेंगी—निर्णय-प्रक्रिया की गति, स्थानीय हितों का टकराव और पेशेवर प्रबंधन व सदस्य-लोकतंत्र के बीच संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा। एक और बड़ी बाधा उपभोक्ता आदतों की है। ओला-उबर अब सिर्फ सेवाएँ नहीं, बल्कि शहरी जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं। उनके ऐप खोलना, किराया स्वीकार करना और यात्रा शुरू करना एक स्वाभाविक क्रिया बन गई है। भारत टैक्सी को इस आदत को तोड़ने के लिए नैतिक अपील से आगे बढ़कर लगातार बेहतर, भरोसेमंद और सहज अनुभव देना होगा। यदि सेवा में देरी, ड्राइवर उपलब्धता की कमी या तकनीकी खामियाँ रहीं, तो सहकारी विचार का आकर्षण जल्दी फीका पड़ सकता है।

इसके बावजूद भारत टैक्सी का महत्व उसके तत्काल व्यावसायिक भविष्य से कहीं बड़ा है। यह पहल यह प्रश्न उठाती है कि क्या प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था अनिवार्य रूप से वेंचर-कैपिटल संचालित, प्रॉफिट-मैक्सिमाइज़िंग मॉडल तक सीमित रहेगी, या उसमें सहकारी, श्रमिक-केंद्रित विकल्पों के लिए भी जगह बन सकती है। यदि यह प्रयोग सफल होता है और ड्राइवरों की आय व गरिमा में वास्तविक सुधार लाता है, तो यह उदाहरण फूड डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और अन्य गिग-आधारित क्षेत्रों में भी दोहराया जा सकता है। और यदि यह आंशिक या सीमित स्तर पर ही टिक पाता है, तब भी यह बहस को मजबूर करेगा कि तकनीक का इस्तेमाल केवल पूँजी के हित में हो या समाज के व्यापक हित में।

अंततः भारत टैक्सी को एक प्रयोग के रूप में देखना अधिक यथार्थवादी होगा। एक ऐसा प्रयोग जिसमें सरकारी-सहकारी समर्थन और सामूहिक स्वामित्व की ताक़त है, लेकिन बाज़ार की प्रतिस्पर्धा और तकनीकी चुनौतियों का दबाव भी उतना ही वास्तविक है। आने वाले वर्षों में यह तय होगा कि टैक्सियों का यह "अमूल मॉडल" भारतीय मोबिलिटी इकोसिस्टम में एक नई धारा बनता है या समानांतर, सीमित-कक्षा का विकल्प बनकर रह जाता है। पर इतना स्पष्ट है कि इसने प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था की दिशा पर एक ज़रूरी और समयोचित सवाल खड़ा कर दिया है और यही किसी भी संपादकीय रूप से महत्वपूर्ण पहल की असली कसौटी है। यूनियन होम एंड कोऑपरेशन मिनिस्टर सहित अन्य अधिकारियों ने इस योजना का समर्थन किया है और इसे देश में एक स्थानीय और पारदर्शी राइड-हेलिंग ऑप्शन के रूप में पेश किया है। कहा गया है कि इस पहल से ना केवल ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि भारतीय राइड-शेयरिंग उद्योग में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गणित दिवस
बाल मुकुन्द ओझा



# गणितीय जगत के बेजोड़ नक्षत्र थे रामानुजन

आज 22 दिसंबर के दिन हर वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिन देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है जिनका जन्म 22 दिसंबर, 1887 को तमिलनाडु राज्य के इरोड नामक स्थान पर हुआ था। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने 100 साल पहले गणित की जो गुत्थियां सुलझाई थीं, वह आज भी विज्ञान की दुनिया को हैरान कर रही हैं। रामानुजन को आधुनिक काल के महान गणित विचारकों में गिना जाता है। उन्होंने अपने जीवनकाल में गणित के विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिया। रामानुजन को गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला था इसके बावजूद इन्होंने अपनी प्रतिभा और लगन से ना केवल गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए अपितु भारत को वैश्विक स्तर पर गौरव प्रदान कराने का भी काम किया था। राष्ट्रीय गणित दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में गणित के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत और गणित का रिश्ता बहुत अटूट रहा है। माना जाता है कि भारत ही वह देश है जिसने पूरी दुनिया को गणित के सबसे महत्वपूर्ण अंक 'शून्य', नकारात्मक संख्या, दशमलव प्रणाली, बीजगणित, त्रिकोणमिति जैसे विषयों से अवगत कराया था। ऐसा देखा गया है कि हमारी आज की युवा पीढ़ी गणित के नाम से अपने पैर पीछे खींच लेती है। हम अपना




हर छोटा मोटा हिसाब आजकल मोबाइल पर करने लगे हैं। आज भी पुरानी पीढ़ी के लोग जोड़ बाकी अँगुलियों पर करते हैं और नई पीढ़ी के युवा मोबाइल का सहारा लेते हैं। नई तकनीक ने हालांकि गणित को हल करने में सरलता कर दी है। इसके बावजूद गणित के प्रति हमारा रवैया सकारात्मक नहीं है। लोगों में गणित के प्रति जागरूकता और उत्साह उत्पन्न करने के लिए इस दिवस को मानते हैं। इस दिन गणित के शिक्षकों और छात्रों को इस विषय को आसान बनाने और लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 22 दिसंबर 2012 को चेन्नई में महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की 125वीं वर्षगाठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि देते हुए वर्ष 2012 को राष्ट्रीय गणित वर्ष और साथ ही उनके जन्मदिन के अवसर पर 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया। तभी से 22 दिसंबर को हर साल राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से रामानुजन को याद किया जाता है और गणित के महतत्व की जानकारी दी जाती है। रामानुजन को बचपन से ही गणित में काफी रुचि थी। उन्होंने किसी भी तरह की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली थी लेकिन उन्होंने अपने जीवन में ऐसी-ऐसी खोजें कीं कि बड़े-बड़े गणितज्ञ हतप्रभ रह गए। रामानुजन ने 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी और बिना किसी की सहायता के खुद से कई प्रमेय भी विकसित किए। उनका यह कार्य ऐतिहासिक माना गया था।

रामानुजन की प्रतिभा का पता इसी से लगाया जा सकता है कि जब वह सातवीं कक्षा में पढ़ते थे तो उसी समय ये बी. ए. के छात्रों को गणित पढ़ाया करते थे। लोनी के द्वारा प्रसिद्ध त्रिकोणमिति जिसे हल करने में बड़े-बड़े गणितज्ञ असफल हो जाया करते थे, मगर इन्होंने अपनी मात्र 13 वर्ष की अल्पायु में ही हल करके अपनी प्रतिभा को प्रमाणित कर दिया था। उनके बारे में यह कहा जाता था कि वे गणित के किसी भी प्रश्न को सबसे अधिक आसान तरीके से हल कर सकते थे। उनकी इसी विलक्षण प्रतिभा ने इनको विश्व में गणित का गुरु होने का दर्जा दिलाया था। गणित के क्षेत्र में किए गए कार्यों की वजह से इनका नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया गया है। इन्होंने अपने कार्यों के द्वारा भारत के सम्मान में भी चार चाँद लगाए। टीबी की बीमारी की वजह से रामानुजन का 32 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
दर्शन

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टीएन शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टीएन शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है: मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## सटाका




## आज की पाती

### सरकारी इमारतें नेताओं के नाम पर क्यों

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां आमजन द्वारा चुने हुए नेता ही सत्ता पर विराजमान होते हैं। इस कारण इनका परम कर्त्तव्य है कि वो आमजन के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करें। लेकिन नेताओं के नाम से सरकारी इमारतें नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इस मुद्दे पर विधानसभा सत्र में बेवजह का हो हल्ला होगा, जिससे कीमती समय भी बर्बाद होगा। इसलिए सरकारी इमारतों का नाम उन शहीदों के नाम से होना चाहिए जिन्होंने देश की सुरक्षा की खातिर अपनी जान न्यौछावर कर दी है। प्रदेश के बहुत से युवाओं ने सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा की खातिर अपनी कुर्बानी दी है, कारगिल में भी प्रदेश के जवानों ने भी पाकिस्तान को करारी मात देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। *– किशोर कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### असम के संसाधन



कांग्रेस की सरकारों ने असम और पूर्वोत्तर को विकास से दूर रखने का जो पाप किया था, उसका बड़ा खामियाजा देश की सुरक्षा को उठाना पड़ा। बीते 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ है कि असम के संसाधन वहां के लोगों के ही काम आएं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नए रोज़गार और अवसर



मज़बूत नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से आगे बढ़ रही है। टेक्सटाइल, हस्तशिल्प, गिग इकॉनमी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति से युवाओं, महिलाओं, कारीगरों और एमएसएमई के लिए नए रोज़गार और अवसर सृजित हो रहे हैं।

**-अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा। शिक्षक समाज के कर्णधार होते हैं। सरकार शिक्षकों के सम्मान, सशक्तीकरण और सहयोग एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### सुरक्षा व बचाव के उपाय




असम में राजधानी एक्सप्रेस की दुर्घटना में 7 हाथियों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। पशुओं का जीवन-चक्र में अलग महत्व होता है। सरकार को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में जानवरों की सुरक्षा व बचाव के उपाय करने चाहिए।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### भारत ने चक्रवात से उबरने में श्रीलंका में सहायता पहुंचाई


भारत चक्रवात 'दित्वा' से हुए विनाश के बाद उबरने में श्रीलंका की मदद करने के लिए उसे मानवीय और बुनियादी ढांचा संबंधी सहायता लगातार मुहैया करा रहा है। ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत ने प्रभावित समुदायों की मदद करने और क्षतिग्रस्त संपर्क सुविधा को फिर से बहाल करने के लिए इंजीनियरिंग एवं चिकित्सकीय दलों को तैनात किया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है, श्रीलंका को भारत की निरंतर सहायता के तहत, कोलंबो में स्थित भारतीय उच्चायोग, कैंडी में स्थित सहायक उच्चायोग और जाफना में स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने चक्रवात दित्वा से प्रभावित परिवारों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में मानवीय सहायता अभियान चलाया। 18 दिसंबर को भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने कोलोनावा में 'ऑल सीलोन सूफी स्पिरिचुअल एसोसिएशन' के साथ समन्वय में प्रभावित परिवारों के बीच राहत किट वितरित कीं और कोलंबो के इस्कॉन मंदिर में भक्तिवेदांत चिल्ड्रन होम 'गोकुलम' के बच्चों को सहायता भी पहुंचाई। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इस महीने की शुरुआत में, उच्चायुक्त ने दृष्टिबाधित लोगों के गांव नयनलोकगामा के निवासियों और गंपाहा जिले के नेगोम्बो में प्रभावित परिवारों के बीच भी सहायता वितरित की।'



## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद

जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3 .4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### ज्वेलर्स शॉप में कैमरे लगाने की दी समझाइश

**औबेदुल्लागंज।** टीआई भारत प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने औबेदुल्लागंज के सभी ज्वेलर्स की दुकानों पर जाकर सुरक्षा के इंतजाम देखें और ज्वेलर्स को समझाइश दी कि वह दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। किसी बाहरी व्यक्ति को काम पर रखने से पहले पुलिस को सूचित करें एवं पूर्ण रूप से वेरिफिकेशन करें। कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे तो पुलिस को तत्काल सूचित करें।

### अंकित नप अध्यक्ष चुनाव की दौड़ में,मिला समर्थन

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज के वरिष्ठ समाजसेवी, वैश्य समाज के प्रमुख एवं भाजपा नेता अंकित अग्रवाल को नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ाने के लिए दिलीप मित्तल, राम अग्रवाल मारवाड़ी समाज की अध्यक्ष विद्या अग्रवाल, वरिष्ठ प्रेम नारायण सोनी, व्यापार महासंघ के संरक्षक अशोक मित्तल, भजन प्रतियोगिता के संरक्षक केशव पचौरी, संजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पंकज कोठारी ने बताया कि अंकित अग्रवाल विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता, पूर्व मंत्री एवं जबलपुर के विधायक अजय बिश्नोई के करीबी है। अंकित अग्रवाल की नगर में साफ छवि हैं। वह विधायक पटवा के हर कार्यक्रम



### पंकज का जन्मदिन मनाया, दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** पंकज नागरानी का जन्मदिन मनाया गया। जिसमें कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सिंह चौहान, द्वारका, सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू मेहरा, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर, हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष उत्तम यादव, हरजीत सिंह मंगू, किसान नेता भाई सूरजमल गौर, संजय खटीक, विनोद इरपाचे, आशुतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

### खंडवा से कांग्रेस नेता को अरेस्ट किया

**भोपाल।** खंडवा के कांग्रेस नेता यशवंत सिलावट को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिलावट रविवार दोपहर को कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसी दौरान कोतवाली स्टाफ के साथ पहुंची महाराष्ट्र पुलिस ने उन्हें कस्टडी में ले लिया। कोतवाली थाने में कुछ देर तक पूछताछ की गई, फिर पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर अपने साथ महाराष्ट्र ले गई। कार्रवाई धुलिया जिले की सिरपुर तालुका पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े केस में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

**कॉलोनी से आ रही कार ने मुख्य सड़क पर कार को मारी थी टक्कर**

# कोलार में गोकुल स्वीट्स के सामने हादसा, बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर गोकुल स्वीट्स के सामने मुख्य सड़क पर दो कार में हुई भिड़ंत में मासूम सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। घटना गत 14 दिसंबर की सुबह करीब साढ़े 8 बजे की है। घायलों में बुजुर्ग का शाजापुर में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान पांच दिन बाद शनिवार रात बुजुर्ग की मौत हो गई।

शाजापुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हादसा कोलार में होने के कारण मर्ग डायरी कोलार पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार विजय गुर्जर (25) ग्राम भूरा खेड़ी, पोस्ट गुलाउता थाना सारंगपुर, जिला राजगढ़ के रहने वाले हैं। वे सारंगपुर में सावरिया आटोडील का




संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पड़ोस में राधेश्याम सोनी (64) रहते थे। राधेश्याम सोनी की बेटी की कोलार में पुलिस आरक्षक की परीक्षा थी।

रविवार 14 दिसंबर को राधेश्याम सोनी और उनके परिवार को लेकर बेटी को परीक्षा दिलाने भोपाल आए थे। ललिता नगर में सुबह गोकुल स्वीट के सामने पहुंचते ही कॉलोनी की तरफ से आ रही अर्टिका कार के चालक ने मुख्य सड़क पर ध्यान दिए बिना कार पास कर दी। इससे विजय की कार को सामने से टक्कर लगी। इससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ था। कार में जोरदार टक्कर लगने से मेरी कार में बैठे राधेश्याम सोनी को गंभीर चोट आई थी।

इसके अलावा उनकी पत्नी और परिवार के सदस्यों को भी चोटें थीं। हादसे में अनुश्री सोनी को कमर और अश्विन सोनी को जबड़े में चोट आई है। हादसे के बाद सभी को ऑटो से अस्पताल इलाज के लिए भेज गया था। बाद में परिजन राधेश्याम को लेकर शाजापुर चले गए थे। शाजापुर में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार रात राधेश्याम की मौत हो गई।

---

## बेटी के साथ शौच के लिए जा रही 70 साल की बुजुर्ग को ऑटो ने मारी टक्कर, मौत

*गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित कस्तूरबा अस्पताल के पीछे विश्वकर्मा नगर झुग्गी के पास सड़क पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार ऑटो ने 70 साल की बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें गंभीर चोट थी। परिजन उन्हें एम्स लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले ऑटो की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार नसीब उल पति हबीब उल (70) विश्वकर्मा नगर झुग्गी में रहती थीं।*

*शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपनी बेटी के साथ शौच के लिए घर से निकली थीं। मां-बेटी विश्वकर्मा नगर से निकलकर मुख्य सड़क पर पहुंचे थे, तभी अज्ञात ऑटो चालक ने तेजी और लापरवाही पूर्वक ऑटो चलाते हुए नसीब उल को टक्कर मार दी। अंधेरा होने के कारण उनकी बेटी ऑटो का नंबर नहीं देख सकी। टक्कर मारने के बाद ऑटो का चालक रुके बिना वहां से ऑटो लेकर भाग निकला। इधर, बेटी ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग नसीब उल को लेकर एम्स पहुंचे, वहां इलाज के दौरान रविवार सुबह उनकी मौत हो गई।*

---

# अवैध हथियार बनाने के कारखाने पर छापा 9 तलवार जब्त

**भोपाल।** निशातपुरा पुलिस ने देवकी नगर में एक मकान पर छापामार कार्रवाई करते हुए 9 तलवारें जब्त की हैं। पुलिस ने तलवार बनाने के लिए इस्तेमाल उपकरण भी जब्त किए। पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि देवकी नगर में गोपाल विश्वकर्मा घर पर अवैध हथियार बनाता है।

सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने गोपाल विश्वकर्मा के घर की घेराबंदी की। घर की तलाशी लेने पर गोपाल विश्वकर्मा (64) देवकी नगर के घर के नीचे बने तलघर में अवैध हथियार बनाने का कारखाना मिला। वहां से 9 तलवार, अवैध हथियार बनाने में इस्तेमाल ग्राइंडर मशीन, छैनी, हथौड़ी, लोहे की पत्तिया मिलीं। पुलिस ने उससे हथियार बनाने का लाइसेंस पूछा। इस पर उसने बताया कि उसके पास कोई लाइसेंस नहीं है।

---

**हबीबगंज, टीटी नगर, गोविंदपुरा में युवकों को बनाया निशाना**

# बाइक सवार झपटमारों ने 40 मिनट के अंदर तीन लोगों से मोबाइल झपटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार रात झपटमारों ने चालीस मिनट के भीतर मोबाइल झपटने की तीन वारदातों को अंजाम दिया। बदमाशों ने रात दस बजे बंसल मॉल के सामने पशु चिकित्सक से मोबाइल झपटा था। इसके बाद आईएसबीटी और टीटी नगर में भी छात्र और युवक से मोबाइल झपट लिए। संबंधित थाना पुलिस ने झपटमारी का मामला दर्ज कर लिया है। सूत्रों के अनुसार झपटमारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**पुलिस ने मामले दर्ज किए, आरोपियों की तलाश**

हबीबगंज पुलिस के अनुसार मूलरूप से भिंड निवासी मोहित सिंह बघेल (26) अनूपपुर में पशु चिकित्सक हैं। वह परीक्षा देने भोपाल आए थे।

शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे एमपी नगर से रानी कमलापति स्टेशन की ओर जाते समय बंसल वन के सामने ट्रेन की जानकारी लेने के लिए उन्होंने अपनी जेब से मोबाइल निकाला और चेक करने लगे। तभी काले रंग की बिना नंबर की बाइक पर सवार दो बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने उनका मोबाइल झपट लिया।

**भिंड से परीक्षा देने आए पशु चिकित्सक से छीना मोबाइल | गोविंदपुरा में प्रतियोगी परीक्षा देने आए छात्र से लूट**

### बैतूल से आए छात्र का मोबाइल झपटा

*गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित आईएसबीटी के पास बाइक सवार बदमाशों ने बैतूल से भोपाल परीक्षा देने आए छात्र का मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 22 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि अनुराग सोनारे पिता भूरा सोनारे (24) गांव चिचौली, बैतूल का रहने वाला है। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। शनिवार को वह परीक्षा देने के लिए बैतूल से भोपाल आया था। रात करीब साढ़े दस बजे वह आईएसबीटी के पास अपनी महिला मित्र के साथ आटो की तलाश कर रहा था। उसके मोबाइल पर किसी कॉल आया और बातचीत करने लगा। इसी बीच बाइक से आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया।*

### बात करते वक्त झपटा मोबाइल

टीटी नगर पुलिस ने बताया कि सिग्नेचर सिटी निवासी वेदांत पांडे (27) प्राइवेट काम करता है। शनिवार रात वह किसी काम से टीटी नगर आया था। शाही दरबार के सामने वह खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया।

### सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर चार लाख रुपए की ठगी

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा में एक ड्राइवर से जालसाजों ने चार लाख रुपए ऐंठ लिए। दरअसल, ड्राइवर ने गूगल पर सिंगापुर जाने का प्लान सर्च किया था। इस दौरान साइबर जालसाजों से उसका कांटेक्ट हो गया। जालसाजों ने उससे मोबाइल पर दस्तावेज मांगे और सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर चार लाख रुपए क्यूआर कोड के माध्यम से ले लिए। चार लाख रुपए देने के बाद भी जब उसे सिंगापुर जाने का रास्ता साफ नहीं हुआ तो उसने ईंटखेड़ी थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल नंबर अकाउंट नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार निखिल राजा चंद्रवंशी (32) लांबाखेड़ा, ईंटखेड़ी में रहता है और प्राइवेट ड्राइवरी करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसका एक रिश्तेदार कनाडा में रहकर जॉब कर रहा है। उसने बताया था कि गूगल पर एजेंट का नंबर सर्च कर उसने बात की थी। निखिल राज ने भी गूगल पर प्लान सर्च किया। इस दौरान उसका एक मोबाइल नंबर पर अंजान व्यक्ति से संपर्क हो गया। उसने अपना नाम वैभव अग्रवाल और गौरव शर्मा बताया। उन्होंने उससे रुपए ऐंठ लिए।

---

**गोविंदपुरा पुलिस के कार्रवाई नहीं होने से दुखी है स्क्रिप्ट राइटर**

# पेट्रोल छिड़ककर बोर्ड ऑफिस पर आत्मदाह का किया प्रयास

डायरेक्टर पर लगाया स्क्रिप्ट चुराकर फिल्म बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा के अन्ना नगर इलाके में रहने वाले स्क्रिप्ट राइटर ने शनिवार दोपहर बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास किया। वह पूर्व में ही मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से बोर्ड ऑफिस चौराहे पर आत्मदाह की चेतावनी दे चुका था।

गनीमत रही कि समय पर गोविंदपुरा पुलिस पहुंच गई और उसे आत्मदाह करने से पहले रोक लिया गया। स्क्रिप्ट राइटर का आरोप है कि उसकी स्क्रिप्ट डायरेक्टर ने चुराकर प्रोड्यूसर की मदद से फिल्म बनाकर आय अर्जित कर ली, लेकिन उसे मेहनताना नहीं दिया गया। इस संबंध में उसने गोविंदपुरा थाने में शिकायत की थी। शिकायती आवेदन लेने के बाद गोविंदपुरा पुलिस ने उसे चलता कर दिया और शिकायत दर्ज नहीं की।

पुलिस के अनुसार अन्ना नगर निवासी रवि वाल्मीकि उर्फ रवि धोलपुरिया खुद को स्क्रिप्ट राइटर बताता है। उसने शिकायती आवेदन देते हुए बताया था कि उसने साल 2024 में आखिरी बंधन, आखिर कब तक और शहडोलिया गैंगस्टर नाम से फिल्म की कहानी लिखी थीं। डॉक्टर नत्थूलाल पटेल नामक फिल्म डायरेक्टर ने उसकी कहानियां लेकर प्रति कहानी दो लाख रुपए देने का वादा किया था। कुछ दिन बाद उसने पता चला कि नत्थूलाल ने उसकी कहानियों पर फिल्म बना ली है और यू-ट्यूब और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों रुपए कमा रहा है।

रवि वाल्मीकि का कहना है कि भरोसा होने के कारण उनके बीच जुबानी वादा हुआ था। बाद में जब उसने अपना मेहताना मांगा तो नत्थूलाल पटेल उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। अब पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही।

---

**विधायक शर्मा ने पंचवटी लालघाटी पर किया भूमिपूजन**

# 1100 कलश यात्रा के साथ होगा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



कथा स्थल का भूमिपूजन करते विधायक शर्मा व गणमान्य नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत गोरक्षा उत्थान समिति के तत्वावधान में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा चित्रकूट धाम से वेदव्यास धर्माचार्य कृपा शंकर महाराज के मुखारविंद से 4 से 10 जनवरी तक होगी। स्थान श्रृंगार चोली ब्रिज के नीचे पंचवटी लालघाटी पर भूमिपूजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज, हुजूर के विधायक रामेश्वर शर्मा, पंडित भंवरलाल शर्मा, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, जगदीश यादव, कैलाश मिश्रा, विशाल पुरोहित, राम बंसल व राहुल राजपूत मौजूद थे।

### कलश यात्रा के लिए संकल्प कराया

कार्यक्रम आयोजक राधे महाराज ने बताया कि 1100 कलश यात्रा में शहर के गणमान्य लोग शामिल होंगे। कलश यात्रा लालघाटी देवी मंदिर से कथा स्थल तक पहुंचेगी। कार्यक्रम संयोजक योगेश वासवानी ने भक्तों को कलश यात्रा के लिए संकल्प कराया गया। मुख्य यजमान श्याम विजय, लेखराज शर्मा, राकेश शास्त्री, प्रमोद पुरोहित, वृंदावन, प्रदीप शर्मा, मधुसूदन, घनश्याम शर्मा, विनोद श्रीवास्तव, दीपक नामदेव आदि ने पूजन किया। इसके बाद भंडारा सम्पन्न हुआ।

---

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया से पटवा की भेंट



**औबेदुल्लागंज।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भेंट कर क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष विधायक पटवा के साथ रहे।

---

**महिलाओं को माहवारी स्वच्छता एवं पोषण की जानकारी दी**

# स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य जांच कर दवाओं का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नूरगंज में चैम्प संस्था व ग्लोबल स्कूल ने वर्धमान टेक्सटाइल के सहयोग से संचालित नंदिनी परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला लगाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चैम्प संस्था के कार्यकारिणी निर्देशक फादर शिंटो अब्राहम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी गरिमा शर्मा एवं ग्राम पंचायत की सहायक सचिव सरिता मालवीय उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य मेले के दौरान बालिकाओं और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता एवं पोषण की जानकारी दी गई।




स्वास्थ्य मेले में बुजुर्ग महिला की जांच करती चिकित्सक।

### आशा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को एकत्र किया

ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया तथा दवाइयां दी गई। कार्यक्रम में यूनानी विभाग ने ग्रामीणों को औषधियों का वितरण किया। सेंस्ड संस्था के सहयोग से आशा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को एकत्रित करने में भूमिका निभाई। मेले में चैम्प संस्था के बालेन्द्र सिंह कौरव, नताशा शर्मा, राहुल सूर्यवंशी एवं अनुरिमा नंदवंशी उपस्थित रहे।

---

# चार साहिबजादों के शहीदी पर्व पर प्रभात फेरी का आयोजन



प्रभात फेरी निकालती महिला श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों का शहीदी पर्व मनाने की तैयारी चल रही है। गुरुद्वारा संत संतोख सिंह जी भजन गढ़ से 27 को सुबह 4:30 बजे नगर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। शाम 7 बजे सिंघ सभा गुरुद्वारा से जागृति यात्रा निकलेगी, जो रात 8 बजे भजनगढ़ गुरुद्वारा पहुंचेगी। कथा कीर्तन, अरदास उपरांत गुरू लंगर वितरित किया जाएगा। 22 से 28 दिसंबर तक पंचायती गुरुद्वारा में 7 बजे से 9 बजे तक सुखमणि साहब शब्द कीर्तन उपरांत प्रसाद वितरण होगा। शाम को 7 बजे से 8 बजे तक बच्चों को धार्मिक शिक्षा दी जाएगी।

---

**आम भंडारे में 25 हजार से अधिक भक्त हुए शामिल**

# संत हिरदाराम साहिब के निर्वाण दिवस पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**हरे राम, हरे कृष्णा की धुन लगाई, सामाजिक संस्थाओं और संगठनों ने किए आयोजन**

**गरीबों की सेवा का लिया गया संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

ब्रह्मलीन संत हिरदाराम साहिब का निर्वाण दिवस श्रद्धा के साथ कई आयोजनों के बीच मनाया गया। संत कुटिया पर देश-विदेश से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। नव युवक सभा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 25 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा भी कई स्थानों पर भी संतजी का निर्वाण दिवस मनाकर गरीबों की सेवा का संकल्प लिया गया।

### संत जी को शत-शत नमन किया

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एजुकेशनल सोसाइटी गांधीनगर द्वारा संचालित विद्यालयों में सुखमनी पाठ साहिब का आयोजन किया गया। शाला सचिव रमेश हिंगोरानी एवं सभी विद्यालय के प्राचार्यों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संत जी को शत-शत नमन किया एवं प्रार्थना की कि संत जी का आशीर्वाद शाला परिवार पर सदैव बना रहे।



संतजी की आराधना करते भक्त।

### संतजी मानवता के मसीहा थे: अध्यक्ष चांदवानी

नव युवक सभा के अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने रामधुन के महत्व व संतों के आशीष वचनों व उनकी कृपा के बारे में बताया। पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने संतजी की समाधि स्थल पर माथा टेका। पंचायत कार्यालय में हरे राम, हरे कृष्णा की धुनी लगाई गई। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि संत मानवता के मसीहा थे। वे गरीब व दीन-दुखियों की सेवा के कार्य करते थे।



बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

### सुखमनी पाठ साहिब का आयोजन

सिंधी महिला पंचायत ने सुखमनी पाठ साहिब का आयोजन किया। बाबा प्रभादस उदासी दरबार से पदमा उदासी ने पाठ किया। इस अवसर पर किरण वाधवानी, मधु लालवानी, नूतन लाखवानी, भावना चांदनानी, नैना, भूमिका होतवानी, मुस्कान कृपलानी मौजूद थे।

---

# ध्यान कर चेतना और आत्म चिंतन के महत्व को समझा



विश्व ध्यान दिवस पर योग करते साधक।

**औबेदुल्लागंज।** वीर सावरकर महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस पर मप्र जन अभियान परिषद मुख्यमंत्री सामुदायिक के नेतृत्व में स्टूडेंट ने समूह में ध्यान कर शांति, चेतना और आत्म-चिंतन के महत्व को समझा एवं ध्यान किया। ध्यान के बारे में परामर्शदाता प्रेमनारायण सोनी, भूपेन्द्र नागर, राहुल नागर ने ध्यान अभ्यास कराते हुए बताया कि ध्यान मन, बुद्धि और आत्मा को एकाग्र कर चेतना के उच्च स्तर तक ले जाने की प्रक्रिया है। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक निशा बहेकार परामर्शदाता एवं एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के स्टूडेंट उपस्थित थे।

---

# कायस्थ बंधु समिति भोपाल ने श्रीवास्तव का किया सम्मान



राजकुमार श्रीवास्तव का सम्मान किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

कायस्थ बंधु समिति ने पटेल नगर निवासी राजकुमार श्रीवास्तव के सम्मान में कार्यक्रम रखा। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने आठ साल से निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे राजकुमार श्रीवास्तव को पीला गमछा पहनाकर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर भेंट की। श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ बंधु समिति भोपाल कायस्थ समाज के पत्रकार, समाज सेवी लोगों के लिए चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर रही है।


अरेरा क्लब में सीएस अनुराग जैन व अन्य अधिकारी।

# 18 किमी साइकिल रेस में आईएएस अफसरों ने दिखाया दम, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## क्विज, टंग ऑफ वार, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस, कैरम, बिलियर्ड्स, रैपिड चैस, पीजा सैरेमनी जैसी प्रतियोगिताओं के साथ तीन दिनी आईएएस सर्विस मीट का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा क्लब में रविवार को पिछले तीन दिन से चल रही आईएएस सर्विस मीट का समापन हो गया। मीट के अंतिम दिन आईएएस अधिकारियों ने 18 किमी की साइकिलिंग रेस के साथ क्विज, टंग ऑफ वार, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस,कैरम, बिलियर्ड्स रैपिड चैस, पीजा सैरेमनी जैसी अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित कर मीट को एंजॉय किया। सुबह 8 बजे से आयोजित साइक्लोथॉन में अफसरों सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सबसे कम उम्र की प्रतिभागी 11 वर्षीय अरण्य चौहान रहीं, जिनकी भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। प्रतियोगिता में पारीकी पांडला अक्षर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 38 मिनट में रेस परी कर पहला स्थान हासिल किया।

यह इस वर्ष के आईएएस सर्विस मीट साइकिलिंग इवेंट का सर्वश्रेष्ठ समय भी रहा। उनकी जीत का जश्न साथियों और अन्य अफसरों ने सम्मान स्वरूप पुश-अप्स लगाकर मनाया। दूसरे स्थान पर शिवराज सिंह वर्मा (एडिशनल कमिश्नर भोपाल) और अभय सिंह संयुक्त रूप से रहे, जिन्होंने 45 मिनट में रेस पूरी की। वहीं तीसरा स्थान ईशान सुमन सिंह को मिला, जिन्होंने 47 मिनट में रेस पूरी की।

आयोजकों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार की आईएएस मीटके प्रतिभागियों की संख्या और उत्साह दोनों अधिक रहे। इस पूरी मीट में खासतौर पर 11 साल की बच्ची की भागीदारी ने इस आयोजन को प्रेरणादायक बना दिया। रविवार शाम को अवॉर्ड सेरेमनी में अलग-अलग हाउस में जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए।


अरेरा क्लब में साइकिल पर सवार अधिकारी।


अरेरा क्ल से रवाना होती हुई साइकिल रैली।


जब महिला अधिकारियों के हाथ में ट्रॉफी आई तो चेहरे चमक उठे।

ट्रॉफी जीती तो चेहरे पर दिखी खुशी

### पहले दिन गीत संगीत का आयोजन

सर्विस मीट के पहले दिन आईएएस अधिकारियों और उनके परिजनों ने गीत-संगीत और डांस के जरिये अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही बोट क्लब में हुई रेस के दौरान आईएएस अफसरों ने बड़े तालाब में बोट का आनन्द लिया। पहले और दूसरे दिन लगातार खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं। तीन दिन से लगातार चल रहे खेलों, कुकिंग प्रतियोगिता और अनेक प्रतियोगियों रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ।


ट्रॉफी के साथ महिला आईएएस अधिकारी।

## तीन दिन की प्रतियोगिताओं में ग्रीन हाउस को मिला पहला स्थान

तीन दिन की ओवरऑल प्रतिभाओं में पहला स्थान - ग्रीन हाउस टीम को मिला। दूसरा स्थान - रेड हाउस टीम को मिला तीसरा स्थान - ऑरेंज हाउस टीम को मिला चौथा स्थान - ब्लू हाउस टीम को मिला। यह इस वर्ष के आईएएस सर्विस मीट साइकिलिंग इवेंट का सर्वश्रेष्ठ समय भी रहा। उनकी जीत का जश्न साथियों और अन्य अफसरों ने सम्मानस्वरूप पुश-अप्स लगाकर मनाया। दूसरे स्थान पर शिवराज सिंह वर्मा (एडिशनल कमिश्नर भोपाल) और अभय सिंह संयुक्त रूप से रहे, जिन्होंने 45 मिनट में रेस पूरी की। वहीं तीसरा स्थान ईशान सुमन सिंह को मिला, जिन्होंने 47 मिनट में रेस पूरी की।


पुरस्कार वितरण के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता अधिकारी।


प्रमाण पत्रों के साथ अधिकारी एवं सबसे कम उम्र की प्रतिभागी 11 वर्षीय अरण्य चौहान।

### जीएमसी का प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल हुए शिवराज


गांधी मेडिकल कॉलेज के समारोह में पूर्व चिकित्सकों का सम्मान करते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

# जीएमसी के विकास के लिए जो भी सहयोग होगा, उसे हर संभव पूरा करेंगे: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री एवं मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के विकास में जो भी सहयोग की जरूरत होगी, उसके लिए वह हर संभव मदद करेंगे। वे रविवार को जीएमसी के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने डाक्टरों को सम्मानित भी किया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में उन्होने यहां अनेक विकास कार्य स्वीकृत किए। फिर उन्हें पूरा भी करवाया। उन्होंने कहा कि नवीन अस्पताल भ्वन उन्होंने अपने कार्यकाल में बनवाया था। भविष्य में जो भी मदद की जरूरत होगी। उसे वह पूरा करेंगे। कार्यक्रम में उन्होंने जीएमसी के मौजूदा और सेवानिवृत्त चिकित्सकों का सम्मान किया। इस अवसर पर जीएमसी की डीन डॉ कविता एन सिंह, अधीक्षक डा. सुनीत टंडन, डा. आईके चुघ, डा. अजय कौशल, डा. राजीव गुप्ता, डा. आरएस मीणा, डा. स्मिता सोनी, डा. जीके अग्रवाल, डा. आईके चुघ सहित अनेक चिकित्सक मौजूद थे।

## डॉ. चोटाला ने डेंगू कैंपेन में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

जीएमसी के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होने दिल्ली से आए डॉ बिजेंद्र सिंह चोटाला गांधी मेडिकल कॉलेज के वर्ष 1973 बैच के छात्र रहे है। जीएमसी से पढ़ाई करने बाद डॉ चोटाला वर्ष 1985 से दिल्ली में डीटीसी और एलआईसी कार्यरत रहे। इसके साथ ही डॉ चोटाला ने दिल्ली में आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक में 2016 से 2025 तक किया। वह भी साउथ दिल्ली में निजी प्रैक्टिस करते है। इसके साथ ही 2021 में दिल्ली सरकार के कैलेंडर और डेंगू कैंपेन में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉ चोटाला का शाल श्री फल और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मान किया।





## सुनील पाल ने डॉक्टरों को गुदगुदाया

जीएमसी एलुमनी एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी डॉ आईके चुघ ने बताया कि प्लेटिनम जुबली समारोह के समापन अवसर पर रविवार को मशहूर कॉमेडियन सुनील पाल ने अपनी कॉमेडी से डॉक्टरों का खूब मनोरंजन किया। जैसे ही वे मंच पर आए, लोगों ने तालियां बजाना शुरू कर दी। इसके बाद एक के बाद एक ऐसे चुटकुले सुनाए कि डॉक्टर्स ठहाके लगाने लगे। उन्होंने लोगों को खूब गुदगुदाया।

# अंतरराष्ट्रीय वन मेले के पांचवें दिन उमड़ी लोगों की भारी भीड़

## 311 स्कूलों के 117 विद्यार्थियों ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं ने बढ़ाया मेले का आकर्षण,रविवार को आयोजित शालेय विद्यार्थियों की एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता में 11 विद्यालयों के 117 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कठपुतली शो, पंजाबी भांगड़ा एवं ऑर्केस्ट्रा का आयोजन हुआ। संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।


कार्यक्रम में प्रस्तुति देती स्कूलों की बच्चियां।


पपेट शो का आयोजन



**प्रतिभागियों को किए गए पुरस्कार प्रदान** — प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की एमडी डॉ. समीता राजोरा द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

### गंजबासौदा से आए गोविंद सिंह ने दी साथियों संग प्रस्तुति

## संभावना गतिविधि में राई नृत्य की जीवंत प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के अंतर्गत रविवार को बुंदेलखंड की समृद्ध लोकनृत्य परंपरा राई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुति गंजबासोदा से आए कलाकार गोविंदसिंह यादव एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत की गई।

राई नृत्य बुंदेलखंड के जनजीवन के हर्ष, उल्लास और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का सशक्त प्रतीक है। इस नृत्य में कलाकार फागें गाते हुए नृत्य करते हैं। राई के गीत ख्याल, स्वांग सहित अनेक रूपों में प्रस्तुत किए जाते हैं। मृदंग की थाप पर घुंघरुओं की झंकार के साथ नृत्यरत कलाकार और स्वांग की प्रस्तुति दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करती है, साथ ही लोकपरंपराओं को जीवंत बनाए रखती है।


जनजातीय संग्रहालय में राई नृत्य की प्रस्तुति।

### नेताजी पर आधारित नाटक से जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह का समापन

## 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज़ाद हिन्द फौज के संस्थापक और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा का ओजस्वी नारा देने वाले नेताजी के जीवन पर आधारित नाटक 'नेताजी सुभाषचंद्र बोस' के मंचन के साथ जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह का समापन हुआ। नेताजी के तेजस्वी व्यक्तित्व का प्रभावशाली चित्रण नाटक में प्रभाव शाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। उनके संघर्ष, देश प्रेम को जीवंत मंचन के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा गया, जिसने जनसमूह को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया।


मंच पर प्रभावी अभिनय करते कलाकार।

**निर्देशक का कथन** — नाटक के निर्देशक अरविन्द सिंह ने बताया कि महान देशभक्त और वीर सैनिक सुभाषचंद्र बोस ने देशवासियों के मन में स्वतंत्रता की चेतना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**शहीद भवन में हुआ मंचन**

स्वराज संस्थान द्वारा आयोजित नाट्य समारोह के समापन अवसर पर यह नाटक मंचित किया गया। अरविन्द सिंह चंद्रवंशी के निर्देशन में सुमुखा, नई दिल्ली की नाट्य प्रस्तुति में 20 से अधिक कलाकारों ने सशक्त अभिनय किया।

### 'विश्व रंग वार्ता' में सातवें संस्करण को किया साझा


कार्यक्रम में कुलाधिपति संतोष चौबे व अन्य।

## विश्वरंग की यात्रा, अनुभव और भविष्य की दिशा हुई साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'विश्व रंग श्रीलंका', 'आरंभ- मुंबई' और 'विश्व रंग भोपाल 2025' जैसे ऐतिहासिक आयोजनों की अपार सफलता और विश्वरंग के सातवें संस्करण की वैश्विक पहुंच को साझा करने के उद्देश्य से होटल पलाश रेसीडेंसी में 'विश्व रंग वार्ता' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वरंग फाउंडेशन एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि के तत्वावधान में आयोजित किया गया । मुख्य वक्ता साहित्यकार, विश्वरंग के परिकल्पक संतोष चौबे ने कहा कि विश्वरंग केवल एक महोत्सव नहीं, बल्कि भाषा, साहित्य और संस्कृति के माध्यम से वैश्विक मानवीय संवाद की सशक्त पहल है। उन्होंने बताया कि श्रीलंका, मॉरिशस, मुंबई और भोपाल में विश्वरंग ने भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक चेतना को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया है। उन्होंने समर्पित टीमवर्क, संस्थागत सहयोग और रचनात्मक अनुशासन को निर्णायक बताया।

### 150 मिनट में प्रस्तुत किए 10 भाषाओं में गीत

विश्वरंग की सह-निदेशक डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि बॉलीवुड गायिका सोना महापात्रा के संदर्भ में कहा कि जब उन्हें विश्वरंग की अवधारणा के बारे में बताया गया, तो उन्होंने इस मंच के लिए विशेष तैयारी की और 10 भाषाओं में गीत प्रस्तुत किए। निर्धारित 90 मिनट की प्रस्तुति को उन्होंने 150 मिनट तक प्रस्तुत कर विश्वरंग को एक अविस्मरणीय सांगीतिक अनुभव में बदल दिया। साहित्यकार मुकेश वर्मा, प्रवासी साहित्य केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्णावट, विनीता चौबे ने आयोजन से जुड़े अनुभवों को साझा किया। संचालन टैगोर विश्व कला केंद्र के निदेशक विनय उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी, कथाकार उर्मिला शिरीष, महिला लेखिका संघ की सलाहकार डॉ. अनीता सक्सेना, रचनाकार गोकुल सोनी, व्यंग्यकार सुदर्शन सोनी सहित अन्य रचनाकारों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

विकसित भारत-जी राम जी विधेयक बना कानून, राष्ट्रपति ने किए हस्ताक्षर

# कामगारों की हो गई बल्ले-बल्ले, अब 125 दिन के काम की गारंटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। अब यह विधेयक अब कानून बन गया है। इसके तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

### काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी

अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक मजदूरी आधारित काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होगी। इसका सीधा उद्देश्य गांवों में रहने वाले श्रमिकों, किसानों और भूमिहीन परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देना है। सरकार का कहना है कि इससे गांवों में गरीबी कम होगी और लोगों को अपने ही क्षेत्र में काम मिलेगा।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

सरकार का कहना है कि नए कानून का मकसद केवल रोजगार देना नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना भी है। वीबी-जी राम जी के तहत समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार का दावा है कि यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी। सड़कों, जल संरक्षण, सिंचाई, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कामों को रोजगार से जोड़कर गांवों की तस्वीर बदलने की योजना है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी।

### मजबूत और एकीकृत राष्ट्रीय फ्रेमवर्क बनेगा

सरकार का कहना है कि नए नियमों से मनरेगा की ढाचांगत कमियों को दूर किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले सभी कार्यों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक में शामिल किया जाएगा। इससे ग्रामीण स्तर पर सार्वजनिक कार्यों के लिए एक मजबूत और एकीकृत राष्ट्रीय फ्रेमवर्क तैयार होगा। इसके बाद कामों को लेकर तैयारियां होंगी।

### अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ मिलेगा

कानून में संतृप्ति आधारित डिलीवरी को खास महत्व दिया गया है। कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। सरकार का कहना है कि अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ पहुंचाना इस कानून का मूल उद्देश्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा।सरकार का मानना है कि यह कानून समृद्ध, मजबूत और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव को और पुख्ता करेगा। इससे रोजगार बढ़ेगा।

### शिवराज ने किया विपक्ष पर हमला — मनरेगा के नाम पर देश को गुमराह करने की कोशिश



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विपक्षी नेताओं की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वे सरकार की प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि विकसित भारत ग्राम योजना, मनरेगा से एक कदम आगे है। अब मजदूरों को 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। बेरोजगारी भत्ते के प्रावधानों को और मजबूत किया गया है और यदि मजदूरी में देरी होती है, तो अतिरिक्त मुआवजा भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने ग्रामीण रोजगार योजना के लिए कुल आवंटन बढ़ाया है और विकसित गांवों के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में सिंगर पर हमले की कोशिश

**पूर्वी मिदनापुर।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर में एक इवेंट के दौरान सिंगर लग्नजिता चक्रवर्ती पर शख्स ने हमला करने की कोशिश की। पुलिस ने शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। महबूब मलिक नामक शख्स पर आरोप लगाया गया है कि वह कार्यक्रम के दौरान चक्रवर्ती से कह रहा था कि जागो मां गाना बहुत हो गया, अब सेक्युलर गाना गाओ।



### हरियाणा में आया भूकंप रोहतक था इसका केंद्र

**रोहतक।** दिल्ली से सटे राज्य हरियाणा में रविवार को भी भूकंप आया है। इससे हरियाणा के कुछ हिस्सों की धरती हिल उठी है। रविवार को हरियाणा में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.3 दर्ज की गई है। ये भूकंप दोपहर 12 बजकर 13 मिनट पर महसूस किया गया। इसका केंद्र रोहतक में धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था।



### बिजली बिल वसूलने गई टीम पर जानलेवा हमला

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में बिजली बिल वसूली के दौरान बिजली विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया। मामला पैलानी थाना क्षेत्र के पिपरोदर गांव का है, जहां बकायेदार के घर बिल वसूलने गई टीम को लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है।



### बेसमेंट की दीवार गिरी 7 लोग मलबे में दबे

**आगरा।** ताज नगरी आगरा में रविवार को नमक मंडी इलाके में हादसा हो गया, जहां बेसमेंट निर्माण के दौरान दीवार गिर गई। घटना में सात लोग मलबे में दब गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें से4 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा मलबे में दबे सभी मजदूर अलाव ताप रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।



### दिल्ली पहुंचे नीतीश पीएम से होगी मुलाकात

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंच गए हैं। नीतीश के दिल्ली जाते ही कयासों का दौर भी शुरू हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि वे प्रधानमंत्री से मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मिल सकते हैं। संभावना यह भी है कि सीएम नीतीशदिल्ली में अपना रूटीन चेकअप करा सकते हैं।



## प्रधानमंत्री ने डिब्रूगढ़ में 10,601 करोड़ के उर्वरक संयंत्र की रखी आधारशिला

पीएम ने असमिया में लोगों को किया संबोधित

# कांग्रेस घुसपैठियों को बसा और बचा रही भाजपा आपके साथ फौलाद की तरह खड़ी


लोगों को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ डिब्रूगढ़

पपीएम नरेंद्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ जिले में 10,601 करोड़ की लागत से बनने वाले उर्वरक संयंत्र की आधारशिला रखी। उन्होंने असमिया में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने कहा कि अवैध घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। इसलिए कांग्रेस पार्टी वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण का विरोध कर रही है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और असम की सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर पके साथ खड़ी है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस को असम के लोगों से कोई लगाव नहीं है, बल्कि वह अवैध घुसपैठियों के प्रति झुकी हुई है। कांग्रेस ने उन घुसपैठियों का समर्थन किया जिन्होंने असम की डेमोग्राफी को नुकसान पहुंचाया, क्योंकि वही उनका वोट बैंक हैं। भाजपा ने हमेशा असम के लोगों के अधिकारों की रक्षा की है। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं. जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया। इसलिए मुझे अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है।

असम में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

कांग्रेस को असम के लोगों से लगाव नहीं

जो काम कांग्रेस को करना था, अब वह हम कर रहे

यहां अवैध लोगों को कांग्रेस ने ही बसाया

### कांग्रेस राष्ट्रविरोधी विचारधाराओं को बढ़ावा दे रही


उर्वरक संयंत्र की आधारशिला रखते प्रधानमंत्री मोदी

नामरूप में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अभी भी राष्ट्रविरोधी विचारधाराओं को बढ़ावा दे रही है। ये लोग असम के जंगलों और ज़मीनों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाकर अपना वोट बैंक मज़बूत करना चाहते हैं। उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं कि आपका क्या हाल होता है। कांग्रेस पार्टी को असम, यहाँ की जनता या आपकी पहचान की कोई चिंता नहीं है।

### पहले पुलिस किसानों पर बरसाती थी लाठी

पीएम ने कहा कि आज हमारी डबल इंजन की सरकार कांग्रेस द्वारा पैदा की गई समस्याओं का समाधान भी कर रही है। पहले यूरिया के लिए किसानों को लाइनों में लगना पड़ता था, पुलिस किसानों पर लाठी बरसाती थी।

### मैं चायवाला हूं, ...तो कौन करेगा यह काम

पीएम ने रैली में अपने आप को एक बार फिर से चायवाला बताया। उन्होंने कहा कि हम असम की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले हर काम को प्राथमिकता देते हैं। जब भाजपा ने भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित किया, तो कांग्रेस ने खुले तौर पर इसका विरोध किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी गायकों और नाचने वालों को भारत रत्न दे रहे हैं। यह भूपेन दा का अपमान नहीं है? यह कला,संस्कृति का अपमान नहीं है? कांग्रेस ने दशकों तक चाय बागान समुदाय को भूमि अधिकार नहीं दिए। यह काम हम कर रहे हैं। इसे कौन करेगा?

### असम आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने बोरागांव स्थित स्वहीद स्मारक क्षेत्र में असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने छह वर्ष लंबे आंदोलन के पहले शहीद खर्गेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### मुझे अभी बहुत काम करना बाकी

पीएम मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए काम भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद ही हो रहा है। पुरानी फैक्ट्रियों में तकनीक पुरानी हो गई थी और कांग्रेस सरकारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी वजह से नामरूप की कई यूनिट बंद होती रहीं। कांग्रेस ने इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला। वे उदासीन थे। हमारी दो इंजन वाली सरकार उन समस्याओं का भी समाधान कर रही है। 11 साल की कड़ी मेहनत के बाद भी मुझे अभी बहुत काम करना बाकी है।पिछले 10-11 सालों की कड़ी मेहनत के बाद यह उत्पादन बढ़कर लगभग 306 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

पीएम के घुसपैठिए वाले बयान पर कांग्रेस का पलटवार

### नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष पर मढ़ रहे दोष



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घुसपैठियों को लेकर प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार किया है। खरगे ने कहा कि केंद्र और असम दोनों जगह भाजपा की सरकारें हैं, जिसे वे खुद डबल इंजन सरकार कहते हैं। जब सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहती है, तो सारा दोष विपक्ष पर मढ़ देती है। मैं ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। खरगे ने कहा कि वे देशद्रोही हैं, हम नहीं। हम देश के हित में जो भी अच्छा होगा, वह करेंगे, लेकिन हम आतंकवादियों, घुसपैठियों या किसी और का समर्थन नहीं करेंगे। वह सिर्फ दोष दूसरों पर डाल रहे हैं क्योंकि वे उन्हें रोकने में नाकाम रहे हैं।


जीत की खुशी व्यक्त करते भाजपा कार्यकर्ता

महाराष्ट्र में नपं और नप चुनाव

## महायुति को 288 में से 207 सीटें, एमवीए हो गई 'साफ'

**मुंबई।** रविवार देर शाम तक मिली जानकारी के मुताबिक 288 सीटों के परिणाम में महायुति 207 सीटें जीत चुकी है। वहीं कांग्रेस समर्थित महा विकास अघाड़ी 50 का आंकड़ा भी छू नहीं पाया है। चुनाव नतीजों में सर्वाधिक 117 सीटों पर भाजपा के नगराध्यक्ष चुने गए है। वहीं, शिवसेना के लगभग 53, अजित पवार की एनसीपी के 37 नगराध्यक्ष चुने जाने के रुझान सामने आए है। वहीं, पार्षदों की संख्या पर गौर करें तो 2017 में 1602 के मुकाबले 2025 के चुनाव में 6952 सीटों में से 3325 सीटें भाजपा ने जीती है। महायुति के तौर पर 4133 सीटें जीती है। इस जीत पर प्रधानमंत्री ने बधाई दी है।

### भाजपा फिर नंबर वन: फडणवीस



भाजपा की इस जीत पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के मार्गदर्शन में और सभी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से भाजपा एक बार फिर राज्य में नंबर 1 है। सभी को बधाई।

### एमवीए के बराबर तो शिवसेना की ही सीटें



एकनाथ शिंदे ने कहा कि एमवीए ने जितनी सीटें जीती हैं उससे ज्यादा तो अकेले शिवसेना ने जीत ली हैं। कुछ लोग शिवसेना सिर्फ ठाणे तक ही सीमित समझते हैं, लेकिन अब चुनाव परिणाम ने दिखा दिया है कि ऐसा नहीं है। शिवसेना का प्रभाव बाहर भी है।

## भगवान अयप्पा की 'पालकी'


**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी अपने बेटे के साथ रविवार को हैदराबाद के हिमायत नगर में 'पड़ी पूजा' समारोह के दौरान भगवान अयप्पा की 'पालकी' ले जाते हुए।

अरावली की पहाड़ियां फिर चर्चा में

# खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मची हलचल, इस पर सियासत भी गरमाने लगी

'सेव अरावली कैंपेन' भी चल पड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरावली के पर्वत दुनिया में सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक हैं। इनसे जुड़ा एक ताजा मामला सोशल मीडिया पर अभियान का रूप ले रहा है।इन पर्वतों के पास खनन की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लंबित है। इस पर केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में एक जवाब दाखिल किया। इसके बाद से कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं, जिन्हें लेकर यह श्रृंखला चर्चा के केंद्र में आ गई। अरावली के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'सेव अरावली कैंपेन' अभियान तक चल पड़ा है।



अरावली के पर्वत दुनिया में सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में शामिल


अरावली की पहाड़ी

### अरावली पर्वत श्रृंखला की महत्ता

पृथ्वी पर अरावली पर्वत श्रृंखला दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है। यह करीब दो अरब साल पुरानी है। यह हिंद-गंगीय मैदानी इलाकों को रेगिस्तानी रेत से बचाने के लिए एक अहम पारिस्थितिकी बैरियर की तरह काम करता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि अगर यह पर्वत श्रृंखला न होती तो भारत का उत्तरी क्षेत्र रेगिस्तान में तब्दील होना शुरू हो गया होता।

### खनन बढ़ाने के आरोप निराधार: मंत्री यादव



सरकार ने उन रिपोर्टों को खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि अरावली की परिभाषा बदल दी गई है । सरकार ने बताया कि कोर्ट ने इस क्षेत्र में नए खनन लीज पर रोक लगाई हुई है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा, कोर्ट की मंजूरी के अनुसार अरावली का 90फीसदी हिस्सा 'सुरक्षित क्षेत्र' में आएगा।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन अंबानी का बड़ा बयान

# हम दुनिया को देंगे सस्ती-स्वच्छ ऊर्जा, भारत बनेगा आत्मनिर्भर

मुंबई में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में यह बात कही

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने भारत के ऊर्जा भविष्य और 'न्यू इंडिया' की बदलती तस्वीर पर बड़ा बयान दिया है। मुंबई में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने देश में ग्रीन एनर्जी की संभावनाओं और युवाओं की आकांक्षाओं पर खुलकर बात की। ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति की तैयारी अंबानी ने संकेत दिया कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दहलीज पर खड़ा है। सौर ऊर्जा को लेकर पारंपरिक सोच को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि हम स्थानीय ऊर्जा समस्याओं को सुलझाने के बेहद करीब हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग अब केवल 4 घंटे के ईंधन के रूप में नहीं किया जाएगा। हम सौर ऊर्जा का उपयोग उन समस्याओं को हल करने के लिए कर सकते हैं ।

सौर ऊर्जा अब चार घंटे का ईंधन नहीं

ग्रीन एनर्जी की संभावनाओं पर की बात

हम स्थानीय ऊर्जा समस्याओं को सुलझाने के बेहद करीब



### हम मिसाल पेश करेंगे

मुकेश ने कहा कि रिलायंस न केवल भारत, बल्कि दुनिया के कई हिस्सों के लिए एक मिसाल पेश करेगा। उहम रास्ता दिखाएंगे कि कैसे ग्रीन और क्लीन एनर्जी को प्रचुर मात्रा में और किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

### नए भारत में युवाओं से भरोसा बढ़ राह

आज के भारत की बदलती तस्वीर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम एक 'नए भारत' में हैं। अंबानी ने देश की युवा शक्ति पर भरोसा जताते हुए कहा कि यह नया भारत सपने देखने वाले युवाओं भरा हुआ है। आज लाखों सपने भारत में ही हकीकत बन रहे हैं।

### भारत के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे

मुकेश ने अपने पिता और रिलायंस के संस्थापक धीरूभाई अंबानी को याद करते हुए कंपनी के मूल उद्देश्य के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता, धीरूभाई ने रिलायंस की स्थापना इसी एकमात्र उद्देश्य के साथ की थी कि हमें भारत के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। भारत और भारतीयों को आगे बढ़ना ही होगा। यही रिलायंस का उद्देश्य था।

यात्री से मारपीट का मामला

## एआई एक्सप्रेस का पायलट सस्पेंड और कारण बताओ नोटिस भी जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक ऑफ-ड्यूटी पायलट द्वारा यात्री के साथ मारपीट किए जाने के मामले ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र को हिला दिया है। अब एआई एक्सप्रेस ने पायलट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह घटना शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुई। आरोपी पायलट वीरेंद्र सेजवाल उस समय किसी दूसरी एयरलाइन से यात्री के रूप में यात्रा कर रहा था। इसी दौरान उसका यात्री अंकित दीवान से विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। अंकित दीवान ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा करते हुए चेहरे पर खून के निशान वाली तस्वीर भी पोस्ट की।



एयर इंडिया एक्सप्रेस

### बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक रोक दिया

# घाटी में प्रचंड हुई ठंडः चिल्लई कलां की दस्तक से पहले ही कश्मीर में कांपती सर्दी, पारा माइनस में पहुंचा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कश्मीर की ऊंची पहाड़ियों में इस मौसम की पहली बर्फबारी और घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। यह 40 दिनों की कड़ाके की ठंड के पहले दिन की शुरुआत है, जिसे स्थानीय भाषा में 'चिल्लई कलां' कहा जाता है। लगभग तीन महीने से चला आ रहा सूखा रविवार को खत्म हो गया, जब बारिश और बर्फबारी ने हवा से सभी सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर को धो दिया, जिससे सांस लेना सुरक्षित और आसान हो गया। लोगों ने मौसम की पहली बर्फबारी और बारिश से राहत की सांस ली। शहर और कस्बों में हवा साफ हो गई।

**गुलमर्ग और पहलगाम में क्रमशः माइनस 1.5 डिग्री और 2.8 डिग्री सेल्सियस**


गुलमर्ग का नजारा...बर्फ ही बर्फ

जहां का तहां थमा पानी


सर्दी इतनी बर्फ बन गया पानी

### ज्यादा बर्फबारी की उम्मीद

*जोजिला पास इलाके में बर्फबारी के कारण, अधिकारियों ने श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक रोक दिया है। इसी तरह, कुपवाड़ा जिले में सदना टॉप, बांदीपोरा जिले में रजदान पास और अनंतनाग जिले में सिंथन पास पर भी ट्रैफिक रोक दिया गया है। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी होने से लोग और बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं, जो गर्मियों से पहले पानी के स्त्रोतों को भरने के लिए जरूरी है।*




### सऊदी अरब बना रहा दुनिया की सबसे ऊंची इमारत

# बुर्ज खलीफा का टूटा रेकॉर्ड 1 किमी से ज्यादा होगी ऊंचाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर आप दुनिया की सबसे ऊंची इमारत दुबई का बुर्ज खलीफा कहने के आदि हैं तो जल्द ही इसमें बदलाव होने वाला है। दरअसल, सऊदी के क्राउन प्रिंस बुर्ज खलीफा से भी एक ऊंची इमारत बनवा रहे हैं जिसे जेद्दा टावर के नाम से जाना जाएगा।

इसकी ऊंचाई 1000 मीटर होगी यानी एक किलोमीटर। टावर 2028 तक बनकर तैयार हो जाएगी। गौरतलब है कि बुर्ज खलीफा की ऊंचाई 828 मीटर है। तो उसकी ऊंचाई से जेद्दा टावर कम से कम 172 मीटर ज्यादा ऊंची होगी।

### अब तक 80 फ्लोर बने

*रिपोर्ट के अनुसार जेद्दा टावर में अबतक 80 फ्लोर बन चुके हैं। इसका निर्माण काफी तेजी से हो रहा है। माना जा रहा है कि इस इमारत में सारी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। शुरुआत में इस इमारत का निर्माण 2020 में ही पूरा हो जाना था। 2011 में इस इमारत को बनाने की घोषणा की गई थी। लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप के बाद इसका निर्माण कार्य रोक दिया गया था। उस समय तक इस इमारत की 63 मंजिलें बन गई थी।*

### 2025 में फिर शुरू हुआ काम


*2025 में इसको बनाने काम फिर से शुरू हुआ था। सऊदी अरब को क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सल अल सउद के विजन 2030 के तहत इसको बनाया जा रहा है। इसे सऊदी अरब के जेद्दा इकनॉमिक सिटी में बनाया जा रहा है।*

### टावर में क्या-क्या होगा?

जेद्दा टावर में ऑफिस, होटल, अपार्टमेंट होंगे। इस ऊंची टावर में आने-जाने के लिहाज से काफी तेज गति से चलने वाली लिफ्ट भी लगेगी ताकि आने वाले लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो।

## खबर संक्षेप

### नीरव मोदी केस की सुनवाई मार्च तक टली



**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी के मामलों में वांछित हीरा कारोबारी नीरव मोदी को लंदन की अदालत से अस्थायी राहत दी है। अदालत ने ब्रिटेन की जेलों में जरूरी कानूनी दस्तावेजों की आपूर्ति में हो रही देरी को आधार बनाते हुए बैंक आफ इंडिया के एक बकाया ऋण से जुड़े मुकदमे की सुनवाई मार्च 2026 तक टालने की अनुमति दी है।मोदी दो अरब डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में भारत प्रत्यर्पण का सामना कर रहा है। अक्टूबर में उसे दक्षिण लंदन की थेम्साइड जेल से उत्तर लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल में स्थानांतरित किया गया था, ताकि वह हाईकोर्ट में पेश हो सके।

### खाना लेकर फरार हुआ आतंकी,सर्च अभियान शुरू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक घर से आतंकवादियों के कथित रूप से भोजन लेकर पास के जंगल में भागने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर शाम खुफिया सूचना मिली थी कि दो अज्ञात आतंकवादी चोरे मोटू गांव में शाम करीब साढ़े छह बजे मंगतू राम के घर पहुंचे और भोजन लेकर चले गए। उधमपुर में तमाम सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। इसके बाद गांव के पास के जंगलों की घेराबंदी कर रविवार तड़के तलाशी और सघन अभियान शुरू किया गया।

### अब और ज्यादा पॉवरफुल हो जाएगा आईएएफ का जेट

# फाइटर जेट मिराज-2000 होगा अपग्रेड, अब 160 किमी दूर तक के लक्ष्य को भेदना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना मिराज 2000 लड़ाकू विमानों की अपग्रेडेड फ्लीट में स्वदेशी अस्त्र एमके 1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल को शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। यह फैसला विदेशी अगली पीढ़ी की मिसाइलों के आने तक वायुसेना की क्षमतागत कमी को पाटने में अहम भूमिका निभा सकता है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के मिराज 2000 विमान एमआईसीए आईआर और एमआईसीए आरएफ मिसाइलों पर निर्भर हैं, जिनकी प्रभावी मारक दूरी लगभग 80 किलोमीटर बताई जाती है।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह रेंज अब क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तुलना में कम मानी जा रही है, जिससे वायु युद्ध क्षमता पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय रक्षा कंपनी एमबीडीए अगली पीढ़ी की एमआईसीए एनजी न्यू जेनरेशन मिसाइल पर काम कर रही है, जिसकी अनुमानित रेंज 150 से 160 किलोमीटर तक होगी। यह मिसाइल भारत के अपग्रेडेड मिराज 2000, 5 विमानों के साथ संगत होने की पुष्टि कर चुकी है। इसकी डिलीवरी 2028-29 के अंत तक संभावित है, जबकि पूरी तरह ऑपरेशनल क्लीयरेंस मिलने में परीक्षण और एकीकरण प्रक्रिया के चलते 3 से 4 साल अतिरिक्त लग सकते हैं।

**अपनी स्वदेशी एस्ट्रा एमके1 मिसाइल न केवल सस्ती है बल्कि ताकतवर है**

**चुनौतीपूर्ण हवाई युद्ध में बेहतर भूमिका निभाएगा मिराज**


फाइटर जेट का फाइल फोटो

### आरडीवाय 2 रडार से लैस हैं अपग्रेडेड मिराज 2000

*भारतीय वायुसेना के अपग्रेडेड मिराज 2000 विमानों में आरडीवाय 2 ऑल वेदर सिंथेटिक अपर्चर रडार लगाया गया है। यह रडार 5 वर्ग मीटर रडार क्रॉस सेक्शन वाले फाइटर टारगेट को 120 से 140 किलोमीटर की दूरी से ट्रैक करने में सक्षम है। पहले के मिराज वेरिएंट में था, लेकिन आरडीवाय 2 अब मल्टी मोड और बीवीआर युद्ध के लिए कहीं अधिक सक्षम माना जा रहा है। यदि एस्ट्रा एमके 1 को मिराज 2000 में शामिल करने की मंजूरी मिलती है, तो इसके लिए तकनीकी सहयोग आवश्यक होगा। इससे आरवायडी 2 रडार और एस्ट्रा मिसाइल के बीच सटीक डेटा लिंक स्थापित किया जा सकेगा, ताकि मिसाइल की फायर एंड फॉरगेट क्षमता और गाइडेंस पूरी तरह प्रभावी रहे। एस्ट्रा एमके 1 पहले ही सुखोई 30 एमकेआई और तेजस लड़ाकू विमानों पर सफलतापूर्वक ऑपरेशनल हो चुकी है।*

### स्वदेशी विकल्प से जल्द मिलेगा लाभ

मिका एनजी के पूरी तरह तैयार होने में जहां 2030 के शुरुआती वर्षों तक का इंतजार हो सकता है, वहीं एस्ट्रा एमके 1 एक समयबद्ध, किफायती और स्वदेशी अंतरिम समाधान के रूप में सामने आ रही है। आरडीवाय 2 रडार की मजबूत डिटेक्शन क्षमता के साथ एस्ट्रा एमके 1 की तैनाती मिराज 2000 बेड़े की मारक दूरी और घातक क्षमता को जल्दी बढ़ा सकती है।

### आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

*एस्ट्रा एमके 1 को मिराज 2000 में शामिल करने का फैसला आत्मनिर्भर भारत पहल को मजबूती देगा। इससे न केवल स्वदेशी मिसाइल प्रणाली का व्यापक उपयोग होगा, बल्कि विदेशी अपग्रेड्स पर निर्भरता भी कम होगी। साथ ही, यह मिराज 2000 विमानों को भविष्य के चुनौतीपूर्ण हवाई युद्ध परिदृश्यों में प्रासंगिक बनाए रखने में मदद करेगा।*

***रडार और अस्त्र का तालमेलः*** *मिराज-2000 को पहले ही अपग्रेड किया जा चुका है, जिससे वह अब और भी आधुनिक हो गया है। अपग्रेड किए गए मिराज विमानों में अब थलेस कंपनी का आरडीवाय-2 रडार लगा है।*

### स्वदेशी अस्त्र मिसाइल की जरूरत

मिराज-2000 को अपग्रेड करने के पीछे कई बड़े रणनीतिक कारण हैं। मिराज की मौजूदा मीका मिसाइलें दुश्मन को 80 किमी तक ही मार सकती हैं। इसके मुकाबले चीन और पाकिस्तान के पास ऐसी मिसाइलें हैं जो इससे कहीं ज्यादा दूर तक वार करती हैं। नई फ्रांसीसी मिसाइल के आने में अभी बहुत समय है। भारत इतना लंबा इंतजार नहीं कर सकता, क्योंकि सरहद पर चुनौतियां हर दिन बदल रही हैं। विदेशी मिसाइलें बहुत महंगी होती हैं। अपनी स्वदेशी एस्ट्रा एमके1 न केवल सस्ती है, बल्कि इसके स्पेयर पार्ट्स और मेंटेनेंस भी भारत में ही आसानी से हो जाता है।

### जोहांसबर्ग के बार में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग

# 9 लोगों की मौत और 10 घायल, मची भगदड़

एजेंसी ▶▶ जोहांसबर

दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग के बाहरी इलाके में हुई गोलीबारी में कम से कम 9 लोग मारे गए हैं, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। इस महीने यह दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी की दूसरी बड़ी घटना है। पुलिस ने पहले बताया था कि 10 लोग मारे गए हैं लेकिन बाद में मृतकों की संख्या घटाकर 9 कर दी।

पुलिस के अनुसार, अनजान बंदूकधारियों ने एक बार में अंधाधुंध फायरिंग की। यह हमला शहर से लगभग 40 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में सोने की खदान वाले इलाके बेकर्सडेल में रात करीब 1 बजे से पहले किया गया। पुलिस ने एक बयान में बताया कि दो गाड़ियों से


घटना स्थल पर पुलिस

आए बंदूकधारियों ने बार में बैठे लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मौके से भागते समय भी हमलावर फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस कमिश्नर मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने बताया कि मरने वालों में एक ऑनलाइन कार हेलिंग सर्विस का ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर था।

### सोने की खदानों के पास घटना

*हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। बेकर्सडेल दक्षिण अफ्रीका की कुछ बड़ी सोने की खदानों के पास स्थित एक गरीब इलाका है। रविवार को हुआ हमला दक्षिण अफ्रीका में सामूहिक गोलीबारी की इसी महीने दूसरी घटना है। राजधानी प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल पर हमला किया था।*

### गृह मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

# बीएसएफ भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 50 प्रतिशत आरक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमा सुरक्षा बल कांस्टेबल भर्ती में पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षण कोटा पहले से प्रस्तावित 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया गया है। नियमों के अनुसार,बीएसएफ में हर साल 50 फीसदी वैकेंसी पूर्व-अग्निवीरों के लिए, 10 प्रतिशत पूर्व सैनिकों के लिए और तीन प्रतिशत तक वार्षिक वैकेंसी को कॉम्बैटाइज्ड कांस्टेबलों (ट्रेड्समैन) के लिए आरक्षित होंगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 फीसदी से बढ़ाकर 50


फाइल फोटो

फीसदी कर दिया है। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी एक नोटिफिकेशन के मुताबिक, यह बढ़ोतरी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, जनरल ड्यूटी कैडर (नॉन-गजेटेड) रिक्रूटमेंट रूल्स, 2015 में संशोधन करके की गई है।

### हिंदुओं के खिलाफ दुश्मनी और नफरत का भाव

**संघ के पदाधिकारियों और भाजपा नेताओं पर पीएफआई रखता है नजर**

# एनआईए ने कोर्ट से कहा- देश के लिए खतरा है पीएफआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली की एक अदालत में पीएफआई नेतृत्व मामले में आरोपों पर अपनी दलीलें दीं। एनआईए ने कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) देश की एकता और अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा था।

यह मामला पीएफआई नेतृत्व द्वारा कथित तौर पर रची गई उस साजिश से संबंधित है जिसका उद्देश्य मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाना और हिंदुओं के खिलाफ दुश्मनी को बढ़ावा




देना था। पटियाला हाउस कोर्ट के एनआईए जज प्रशांत शर्मा के समक्ष एनआईए के विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) राहुल त्यागी ने कहा, हमारे पास संगठन के खिलाफ सबूत हैं एक संरक्षित गवाह ने हमें बताया कि पीएफआई कक्षाओं में यह सिखाता था कि अगर भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध करता है।

### इस्लामी शासन को स्वर्ण युग बताकर प्रचारित किया

*एसपीपी राहुल त्यागी ने कहा, पीएफआई के एक सदस्य ने गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बारे में दूसरों से चर्चा की। उन्होंने इस्लामी शासन के 'स्वर्ण युग' का वर्णन किया ये एक संरक्षित गवाह के बयान हैं। एसपीपी ने कहा, पीएफआई द्वारा भर्ती किए गए सदस्यों से 'बैतुलमाल' के रूप में मासिक राशि प्रदान करने के लिए कहा गया था।*

### बांग्लादेश में बवाल, हादी समर्थकों ने यूनुस सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

**दीपू की हत्या के खिलाफ भारत में निकला जुलूस लोगों में गुस्सा**

# बैरिकेड्स तोड़ते हुए भीड़ संसद भवन में घुसी नारेबाजी के साथ जमकर कर दी तोड़फोड़

**यूनुस सरकार पर भारी पड़ रहे हैं उपद्रवी**


**हादी समर्थकों ने पूछा**

- हत्या के लिए जिम्मेदार कौन
- अब तक जांच में क्या हुआ
- आरोपियों को गिरफ्तार कब तक किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ ढाका

'बांग्लादेश में शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद शुरू हुई हिंसा लगातार जारी है। राजधानी ढाका में बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

इस बीच उस्मान हादी को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के बाद भीड़ ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और प्रदर्शनकारी संसद भवन में घुस गए। हादी के समर्थकों ने यूनुस सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच


बांग्लादेश संसद के बाहर जुटे प्रदर्शनकारी

से जुड़े हादी के करीबी सहयोगी अब्दुल्ला अल जबेर ने कहा है कि सरकार को अगले 24 घंटों में सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना होगा कि हादी की हत्या के जिम्मेदार कौन हैं, अब तक क्या जांच हुई है और गिरफ्तारियों के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

बांग्लादेश में भड़की हिंसा को लेकर ताजा अपडेट्स जानने के लिए इंडिया टीम की डिजिटल टीम के साथ जुड़े रहें। बांग्लादेश में हिंदू युवक की कट्टरपंथियों द्वारा बर्बर हत्या किए जाने के बाद हिंदुओं का गुस्सा चरम पर है।

भारत में हिंदू संगठन हिंदुओं के हत्यारे को कड़ी सजा देने और बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। भारत ने बांग्लादेश उच्चायोग बाहर हुए प्रदर्शन को लेकर बांग्लादेशी मीडिया की खबरों को खारिज किया।

### भारत रख रहा है नजर चटगांव में वीजा सेवा बंद

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत बांग्लादेश में बदलती स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है। हमारे अधिकारी बांग्लादेश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हमने उन्हें अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों पर अपनी गहरी चिंता जताई है। हमने यह भी आग्रह किया है कि दास की बर्बर हत्या के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद ढाका के अलावा चटगांव में भी हिंसा हुई थी। चटगांव में असिस्टेंट हाई कमीशन पर हमला करने की कोशिश कर रही भीड़ को सुरक्षा बलों ने पीछे धकेल दिया था। ऐसे में सुरक्षा कारणों के चलते, वीजा एप्लीकेशन सेंटर चटगांव में भारतीय वीजा सेवाएं अगले आदेश तक बंद रहेंगी।

### चीन के कॉन्सर्ट में रोबोटस का कमाल

# सिंगर के साथ थिरके रोबोट्स मस्क बोले काफी इंप्रेसिव रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एलन मस्क को प्रभावित करना आसान नहीं है, लेकिन जब बात ह्यूमनॉइड रोबोट्स की आती है, तो उनकी दिलचस्पी साफ दिखती है। हाल ही में चीन के एक कॉन्सर्ट में रोबोटिक डांसर्स की परफॉर्मेंस ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया और इसी वायरल वीडियो पर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक शब्द में प्रतिक्रिया दी, लिखा आई एम प्रेसिव यह वीडियो रोबोटिक एंटरटेनमेंट के भविष्य की झलक देता है। वायरल वीडियो कथित तौर पर चीनी सिंगर-सॉन्गराइटर वांग लीहोम के बेस्ट प्लेस टूर के चेंगदू कॉन्सर्ट का है। वीडियो में यूनिट्री कंपनी के कई ह्यूमनॉइड रोबोट्स बैगी स्ट्रीट-स्टाइल पैंट्स और चमकदार ओवरशर्ट्स पहने नजर आते हैं, जो स्टेज पर प्रोफेशनल डांसर्स की तरह परफॉर्म कर रहे हैं। जैसे ही गाना ओपन फायर शुरू होता है, रोबोटिक डांसर्स स्टेज पर उभरते हैं और वांग लीहोम की कोरियोग्राफी के साथ बिल्कुल सिंक में मूव करने लगते हैं।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स–2025 पांच जनवरी से होंगे, पहली बार पारंपरिक खेलों और क्रिकेट को किया गया शामिल: मंत्री सारंग

## देश में पहली बार खेल विभाग एवं सभी खेल संघ मिलकर करेंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को "खेलो एमपी यूथ गेम्स–2025- मध्यप्रदेश का ओलंपिक" के आयोजन को लेकर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। मंत्री सारंग ने बताया कि यह देश में पहली बार ऐसा होगा, जिसमें खेल विभाग के साथ सभी मान्यता प्राप्त खेल संघ मिलकर समन्वित रूप से प्रतियोगिताओं का संचालन करेंगे। मंत्री सारंग ने कहा कि "खेलो एमपी यूथ गेम्स–2025- मध्यप्रदेश का ओलंपिक" में पहली बार पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है। इस बार पिट्टू और रस्साकशी को भी यूथ गेम्स में शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि क्रिकेट की युवाओं में लोकप्रियता को देखते हुए इसबार महिला और पुरूष क्रिकेट भी यूथ गेम्स का हिस्सा होंगे।

मंत्री सारंग ने जानकारी दी कि खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025- मध्यप्रदेश का ओलंपिक" 10 जनवरी से 31 जनवरी तक संपन्न होगा। चयन प्रक्रिया ब्लॉक स्तर से प्रारंभ होगी, जिसमें ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 10 से 15 जनवरी, जिला स्तरीय 16 से 20 जनवरी, संभाग स्तरीय 21 से 25 जनवरी एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 28 से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी।




### इन जिलों में होंगे विभिन्न खेलों के आयोजन

भोपाल में एथलेटिक्स, फेंसिंग, पुरुष क्रिकेट, क्याकिंग-कैनोईंग, रोईंग, तैराकी, शूटिंग, पुरुष हॉकी एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। इंदौर में बास्केटबॉल, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस एवं टेनिस, शिवपुरी में महिला क्रिकेट, ग्वालियर में महिला हॉकी, पिट्टू एवं बैडमिंटन, उज्जैन में मल्लखम्ब, योगासन, कबड्डी, रस्साकशी एवं कुश्ती, जबलपुर में खो-खो एवं आर्चरी, रीवा में फुटबॉल एवं जूडो, नर्मदापुरम में ताईक्वांडो एवं शतरंज तथा सागर में व्हॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। मंत्री सारंग ने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स–2025 राज्य के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगा और एमपी को खेलों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भविष्य में राज्य टीम के चयन में प्राथमिकता

मंत्री सारंग ने कहा कि यूथ गेम्स में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भविष्य में राज्य टीम के चयन में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। खेल संघों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा समन्वय अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं। खेलों के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उद्घाटन एवं समापन समारोह में खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया जायेगा तथा राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों को भी अतिथि के रूप में आमंत्रण दिया जायेगा।

### 27 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी

मंत्री सारंग ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स–2025 में कुल 27 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रयास यह रहेगा कि जिन खेलों की परंपरा एवं लोकप्रियता जिस क्षेत्र में है, वहाँ उन्हीं स्थानों पर संबंधित प्रतियोगिताएँ करायी जाएँ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा, शिवपुरी, ग्वालियर, सागर एवं नर्मदापुरम में प्रस्तावित है।

### सभी खेल संघों के साथ किया गया समन्वय

मंत्री सारंग ने बताया कि पहले यूथ गेम्स और खेल संघों के आयोजन अलग-अलग होते थे। दोनों की ही चयन प्रक्रिया अलग हुआ करती थी, लेकिन पहली बार खेल विभाग और सभी खेल संघ मिलकर यूथ गेम्स का आयोजन कर रहे हैं। इससे आयोजन का विस्तार होने के साथ ही खिलाड़ियों को भी यूथ गेम्स में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी खेल संघों के साथ समन्वय कर यूथ गेम्स का फोर्मेट तैयार किया गया है। जिससे राज्य स्तर की टीम में खिलाड़ियों को अवसर मिल सके।

## खबर संक्षेप



### केओए ने किया आयुष प्रज्वल को सम्मानित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक ओलंपिक संघ (केओए) ने उभरते हुए शटलर आयुष शेट्टी, अनुभवी टेनिस खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव सहित इस साल उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले राज्य के खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया। बीस साल के शेट्टी ने जून में यूएस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीतकर बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर में इस साल भारत के खिताब के सूखे को समाप्त किया था। उन्होंने पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराया था। प्रज्वल 2024 में भारत की डेविस कप टीम के सदस्य थे। प्रज्वल ने पुरस्कार लेने के बाद कहा, 'अब मेरी नजर बेंगलुरु ओपन, बैंकॉक चैलेंजर और वियतनाम में होने वाले दो टूर्नामेंटों पर है। इस पुरस्कार को पाकर मुझे बहुत गर्व हो रहा है।'

### एशियाई फुटबॉल परिसंघ शुरू करेगा नेशंस लीग

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अपने सदस्य देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए एएफसी नेशंस लीग शुरू करने की घोषणा की। यह कदम यूईएफए द्वारा 2018 में नेशंस लीग से प्रभावित होकर उठाया गया है, जिसमें यूरोप की राष्ट्रीय टीमों को विभिन्न स्तरों में विभाजित किया जाता है और वे फीफा की निर्धारित विंडो में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं। यह घोषणा अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ द्वारा 2029 में इसी तरह का टूर्नामेंट शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आई है। एएफसी से जारी बयान के मुताबिक, 'राष्ट्रीय टीमों की सीमित उपलब्धता, बढ़ती परिचालन लागत और लॉजिस्टिक संबंधी जटिलताओं के कारण फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो का प्रभावी उपयोग करना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।




### विश्व 25 कोलकाता दौड़: गुलवीर और सीमा ने बनाया कोर्स रिकॉर्ड



**कोलकाता।** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगेई ने 10वीं टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता पुरुष दौड़ में जीत हासिल की, जबकि गुलवीर सिंह और सीमा ने नया भारतीय कोर्स रिकॉर्ड बनाया। इथियोपिया की डेगिटु अजीमेरा ने मौजूदा चैंपियन सुतुमे असेफा केबेडे को हराकर अंतरराष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग की दौड़ जीती। दो बार के ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगेई ने शुरुआत में ही दबदबा बना दिया था। उन्होंने 1:11:49 (एक घंटा, 11 मिनट और 49 सेकेंड) का समय लेकर पहली बार यह प्रतियोगिता जीती। तंजानिया के अल्फोंस फेलिक्स सियुम्बु (1:11:56) दूसरे और लेसोथो के टेबेलो रामाकोंगोआना (1:11:59) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में अज़ीमेरा शुरू से अंत तक आगे रहीं। उन्होंने 1:19:36 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया।

## कमिंस की टीम ने स्टोक्स का सपना किया चकनाचूर

# ऑस्ट्रेलिया के पास रहेगी एशेज की ट्रॉफी, इंग्लैंड को 82 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶ एडिलेड

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत दर्ज करके दो टेस्ट शेष रहते हुए एशेज बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की। इंग्लैंड ने 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 207 रन से आगे बढ़ाई। उसे तब जीत के लिए 228 रन चाहिए थे, जबकि आस्ट्रेलिया को एशेज को बरकरार रखने के लिए चार विकेट की जरूरत थी। इंग्लैंड की टीम हालांकि लंच के बाद 352 रन पर आउट हो गई और इस तरह से उसकी अप्रत्याशित जीत दर्ज करके विश्व रिकार्ड बनाने और एशेज में बने रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया।

- स्टार्क ने इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर फेरा पानी



### स्टार्क ने की शानदार गेंदबाजी

*इन दोनों मैच में स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की थी और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में फिर से ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने सुबह के सत्र में एकमात्र विकेट लिया। उन्होंने जेमी स्मिथ को 60 रन पर आउट किया। इंग्लैंड ने पहले सत्र में 102 रन जोड़कर अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। इंग्लैंड की शानदार वापसी ने आखिरी दिन दोपहर के भोजन तक एशेज का रोमांच बनाए रखा। इंग्लैंड ने लंच तक सात विकेट पर 309 रन बनाए थे। तब ऑस्ट्रेलिया को एडिलेड में ही ट्रॉफी जीतने के लिए तीन विकेट और इंग्लैंड को पांच मैचों की श्रृंखला में बने रहने के लिए 126 रन की जरूरत थी।*

### यह हार काफी निराशाजनक : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बाद में कहा कि उन्हें सुबह के सत्र में ऐसा लग रहा था कि उनकी टीम एक और बड़ी जीत हासिल करने के लिए तैयार है और उन्हें रिकॉर्ड स्कोर बनाने का पूरा भरोसा था। स्टोक्स ने कहा, 'यह हार काफी निराशाजनक है। हम जिस लक्ष्य को लेकर यहां आए थे उसे हासिल नहीं कर पाए। हम अपना सपना पूरा नहीं कर पाए, जो निश्चित रूप से काफी निराशाजनक है।' इंग्लैंड के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया को अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन की कमी खली जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसे में श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज स्टार्क ने शानदार प्रदर्शन किया। चौथा टेस्ट मैच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) पर मेलबर्न में शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट समान अंतर से जीते

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मैच के बाद कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। हमने कर दिखाया। ऑस्ट्रेलिया में आप कुछ भी चीज को हासिल करने के लिए जल्दबाजी नहीं कर सकते। इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होती है और मुझे खुशी है कि हमारे सभी खिलाड़ियों ने मेहनत की। मैंने नहीं सोचा था कि मैच इतना करीबी हो जाएगा लेकिन मैं परिणाम से बहुत खुश हूं।' इंग्लैंड ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जनवरी 2011 में जीता था, जिसके बाद से 5,462 दिन बीत चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने उसके बाद से अपनी धरती पर 5-0, 4-0, 4-0 से श्रृंखला जीती है और अब वह 3-0 से आगे है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ और ब्रिस्बेन में पहले दो टेस्ट मैच आठ विकेट के समान अंतर से जीते थे।

## रिकॉर्ड : कॉनवे-लाथम ने दोनों पारियों में ठोका शतक



एजेंसी ▶▶ माउंट माउंगानुई

कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने लगातार दूसरी पारी में शतक जड़कर टेस्ट इतिहास में अपना नाम विशिष्ट सूची में शामिल किया, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत के लिए 462 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। लैथम ने 101 रन बनाए जबकि कॉनवे ने 100 रन की पारी खेली। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी की थी, जिससे न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन पर समाप्त घोषित की। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। उसने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए हैं और इस तरह से वह अभी लक्ष्य से 419 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय ब्रैंडन किंग 37 और जॉन कैंपबेल दो रन पर खेल रहे थे। इससे पहले वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पहली पारी छह विकेट पर 381 रन से आगे बढ़ाई लेकिन वह चौथे दिन अपने स्कोर में 39 रन ही जोड़ पाया और इस बीच उसने चार विकेट गंवाए।

- न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का रखा लक्ष्य

### लैथम ने की पिता रॉड की बराबरी

कॉनवे ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे और इस तरह से वह एक टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले दुनिया के केवल 10वें और न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। लैथम ने पहली पारी में 137 रन बनाए थे। उन्होंने एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी करके अपने पिता रॉड की बराबरी की, जिन्होंने 1992 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में मार्क ग्रेटबैच के साथ शतकीय साझेदारी की थी। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से केन विलियमसन को पहली पारी में 86 ओवर से अधिक और दूसरी पारी में लगभग 40 ओवर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। विलियमसन 40 रन बनाकर नाबाद रहे। रचिन रविंद्र ने 23 गेंदों में नाबाद 46 रन बनाए।

# भारतीय बल्लेबाजों का फ्लाप शो पाक ने जीता अंडर-19 एशिया कप

एजेंसी ▶▶ दुबई

अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम को पाकिस्तान हार दिया। पाकिस्तान की टीम ने भारत को 26.2 ओवरों में ढेर कर 191 रन से फाइनल जीत लिया। भारतीय टीम के सामने 348 रन का लक्ष्य बड़ा साबित हुआ और बैटर्स के फ्लॉप प्रदर्शन के चलते अंत में टीम को हार मिली। भारत की ओर से कोई भी बैटर 26 रन से ज्यादा नहीं बना पाया। वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, एरोन जॉर्ज जैसे बड़े नाम फ्लॉप रहे।




### वैभव ने बनाए मात्र 26 रन

भारत की शुरुआत जोरदार रही. ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने पहले ओवर में ही अली रजा पर तीन छक्के और एक चौका लगाकर 26 रन ठोक दिए। लेकिन इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गई। कप्तान आयुष म्हात्रे सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए. एरॉन जॉर्ज ने 16 रन बनाए, लेकिन वो भी जल्दी लौट गए। वैभव भी 10 गेंदों पर 26 रन बनाकर पवेलियन चले गए।

### क्रीज पर नहीं टिक सके भारतीय बल्लेबाज

*इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। विहान मल्होत्रा 7 रन, वेदांत त्रिवेदी 9 रन, अभिज्ञान कुंडू 13 रन, कनिष्क चौहान 9 रन बनाकर आउट हुए। खिलन पटेल ने 19 रन बनाए, जिसमें दो छक्के शामिल थे। हेनिल पटेल 6 रन पर आउट हो गए। आखिर में दीपेश देवेंद्रन ने पूरी कोशिश की लेकिन उन्हें और किसी बैटर का साथ नहीं मिल पाया। अंत में किशन सिंह उनके साथ आए और दोनों ने जैसे तैसे रन जोड़ने शुरू किए। लेकिन अंत में अली रजा ने दीपेश को कैच आउट करा पाकिस्तान की झोली में जीत डाल दी। भारत की ये बेहद बड़ी हार है।*

## दिव्या शक्ति सुगम्य भारत ट्रॉफी



*वाराणसी। राजस्थान के दिव्यांग खिलाड़ी जसवंत सिंह रविवार को बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के एमपी थिएटर ग्राउंड में बीसीसीआई की ओर से प्रायोजित दिव्या शक्ति सुगम्य भारत ट्रॉफी के क्रिकेट मैच के दौरान छड़ी का इस्तेमाल करके गेंद फेंकते हुए।*

## यादें 2025: अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं से जूझना पड़ा

# इस साल उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा भारतीय फुटबॉल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के लिए वर्ष 2025 निराशा से भरा रहा, जिसमें उसे गंभीर प्रशासनिक संकट, अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं, घरेलू लीग के अभाव और सीनियर पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से जूझना पड़ा। जैसे-जैसे साल खत्म होने लगा लियोनेल मेस्सी के बहुचर्चित 'जीओएटी इंडिया टूर' ने कुछ दिलचस्पी पैदा की और इस खेल को लेकर कुछ चर्चा शुरू करने पर मजबूर किया। लेकिन इससे भारतीय फुटबॉल को कुछ फायदा हुआ होगा ऐसा नहीं लगता है। भारतीय फुटबॉल की अपनी समस्याएं ही कम नहीं थी और ऐसे में मेस्सी के दौरे के पहले दिन साल्ट लेक स्टेडियम में फैली अराजकता और अव्यवस्था ने शर्मिंदगी को और बढ़ा दिया। भारतीय फुटबॉल के गढ़ कहे जाने वाले कोलकाता में कानून-व्यवस्था का बिगड़ना भले ही अच्छी खबर न हो, लेकिन हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में मेस्सी के कार्यक्रम अच्छी तरह से आयोजित किए गए।



### पुरुष टीम का प्रदर्शन रहा बेहद निराशाजनक

इस साल भारत की सीनियर पुरुष टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। उसे ढाका में नवंबर में खेले गए 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग मैच में बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। यह बांग्लादेश के खिलाफ पिछले 22 वर्षों में उसकी पहली पराजय थी। भारतीय टीम वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस साल वह कुछ जीत हासिल करने में कामयाब रही, जिसमें सितंबर में मध्य एशियाई देशों ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक जीतना भी शामिल है।

### कम रैंकिंग वाली टीमों से हार भारत

बांग्लादेश के अलावा भारतीय पुरुष टीम को हांगकांग और सिंगापुर जैसी कम रैंकिंग वाली टीमों से भी हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर से 1-2 से मिली हार ने एशियाई कप में प्रवेश करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जहां एक ओर पुरुष टीम मैदान पर संघर्ष कर रही थी वहीं दूसरी ओर प्रशासक मैदान के बाहर की समस्याओं से जूझ रहे थे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) का रिलायंस के स्वामित्व वाली फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के साथ पिछला अनुबंध आठ दिसंबर को समाप्त हो गया। इसके बाद वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लिए एक नया वाणिज्यिक भागीदार नहीं जुटा पाया, जिससे इस खेल पर संकट पैदा हो गया। यही वजह है कि देश की सर्वोच्च फुटबॉल लीग आईएसएल अभी तक शुरू नहीं हो पाई।

## डेजर्ट वाइपर्स का शानदार प्रदर्शन शारजाह वॉरियर्ज को 4 विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶ दुबई

डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शारजाह वॉरियर्ज पर चार विकेट से जीत हासिल करके अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी दावेदारी को और मजबूत किया। वाइपर्स ने आठ मैचों में 14 अंकों के साथ शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली है। वॉरियर्ज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 90 रन पर आउट हो गई। उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें टॉम एबेल ने सर्वाधिक नाबाद 35 रन बनाए। वाइपर्स की तरफ से डेविड पायने ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। वाइपर्स ने 13.5 ओवर में छह विकेट पर 91 रन बनाए और इस तरह से 37 गेंदें शेष रहते हुए आसान जीत हासिल की। उसकी तरफ से सैम कुरेन की 31 गेंदों में 37 रन की पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।




सीवेज प्रबंधन व्यवस्था का निरीक्षण, वाहन ऑपरेटरों व उद्यमी योजना के हितग्राहियों से की चर्चा

# महापौर और स्वच्छ भारत मिशन संचालक ने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों, रिसाईकिल प्लांटों पर देखीं व्यवस्थाएं

- कचरा कैफे सहित पुरानी डंप साइट का भी किया अवलोकन
- उप सचिव के साथ आए दल ने 100 टन क्षमता के सीएंडडी वेस्ट रिसाईकिल प्लांट भी देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में उप सचिव एवं स्वच्छ भारत मिशन के मिशन संचालक मनीष जून ने रविवार को महापौर मालती राय की मौजूदगी में नगर निगम द्वारा संचालित कचरा कैफे, गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों, रिसाईकिल प्लांटों पर व्यवस्थाएं देखीं व सीवेज प्रबंधन व्यवस्था का निरीक्षण किया और प्रशंसा की। इस दौरान महापौर और मिशन संचालक ने वाहन आपरेटरों व उद्यमी योजना के हितग्राहियों से भी चर्चा की। सुरेन्द्र गार्डन में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन काम की प्रक्रिया का जायजा लिया और कचरा एकत्रीकरण, पृथक्कीकरण, परिवहन व निष्पादन के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



## मिशन संचालक ने नवाचारों की सराहना की

मिशन संचालक ने नगर निगम द्वारा कचरा प्रबंधन के सस्टेनेबल मॉडल एवं कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि कचरा कैफे जैसे नवाचारों के कारण कचरे को संसाधन के रूप में मानने के लिए लोगों में समझ एवं जागरूकता बढ़ती है और स्वच्छता एवं रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होती है। महापौर मालती राय ने रिसाईकिल हब में बने उत्पाद भी मिशन संचालक श्री जून को भेंट किए।

## डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण कार्य का लिया जायजा

स्वच्छ भारत मिशन के संचालक ने नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा प्रबंधन व निष्पादन के संबंध में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए सुरेन्द्र गार्डन में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण की कार्य प्रक्रिया का जायजा लिया और कचरा एकत्रीकरण, पृथक्कीकरण, परिवहन व निष्पादन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन मध्यप्रदेश के संचालक शिशिर गेमावत, उप मिशन संचालक नीलेश दुबे, प्रभारी मुख्य अभियंता उदित गर्ग, कार्यपालन यंत्री आरके त्रिवेदी भी मौजूद थे।

## रिसाईकिल प्लांट पर विभिन्न उत्पाद देखे

जून ने दानापानी गार्बेज ट्रांसफर स्थित रिसाईकिल हब में थर्माकोल व कोकोनट रिसाईकिल प्लांट का निरीक्षण कर थर्माकोल एवं नारियल के खोल से बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों को देखा और विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने अन्ना नगर में टैक्सटाईल रिसाईकिल प्लांट में अनुपयोगी कपड़ों से बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों को भी देखा। भानपुर में निगम की पुरानी खंती का रेमिडियेशन कर कचरा मुक्त कराई भूमि एवं उस पर विकसित हरितिमा का भी अवलोकन किया।

## 100 टन प्रतिदिन क्षमता के सीएंडडी वेस्ट रिसाईकिल प्लांट भी देखा

मिशन संचालक ने कजलीखेड़ा में 100 टन प्रतिदिन क्षमता के सीएंडडी वेस्ट रिसाईकिल प्लांट का भी अवलोकन किया और यहां बनाए जा रहे नवीन उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

मॉडल स्कूल स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए चौहान

# यारों ने मेरे वास्ते क्या कुछ नहीं किया, सौ बार शुक्रिया: शिवराज


मॉडल स्कूल के कार्यक्रम में पहुंचे शिवराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मॉडल स्कूल के 1975 बैच की स्वर्ण जयंती समारोह के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को ऐतिहासिक बना दिया।

कार्यक्रम के आरंभ में श्री चौहान ने अपने 1975 बैच के मित्रों के साथ विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान ने अपने सहज व्यक्तित्व से सभी को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने मंच से गीत की पंक्तियां गुनगुनाईं—यारों ने मेरे वास्ते, क्या कुछ नहीं क्यासौ बार शुक्रिया, सौ बार शुक्रिया, जिससे पूरा वातावरण स्मृतियों और भावनाओं से भर उठा। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय जीवन से जुड़ी अनेक यादें साझा कीं। इस अवसर पर स्वर्ण जयंती समारोह के लिए मॉडल स्कूल के पूर्व छात्र नितिन नांदगांवकर, गोविन्द चौरसिया व आदित्य कुमार चौरसिया द्वारा निर्मित डिजिटल एवं कलर्ड मुद्रित डायरेक्टरी का विमोचन एवं लोकार्पण शिवराज सिंह चौहान ने द्वारा किया गया। इस अवसर पर नितिन नांदगोकर ने मॉडल स्कूल की दो प्रतिभाशाली छात्राओं कु. रागनी सज्जा एवं कु. नवजोत कौर के 12 वी कक्षा की सम्पूर्ण फीस अपनी ओर से देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन अजय श्रीवास्तव (नीलू) ने किया।

सतना के रैगांव विस का मामला

# पैर रखते ही उखड़ी नई बनी सड़क, मंत्री बागरी भड़कीं-कहा, घटिया निर्माण-लापरवाही बर्दाश्त नहीं, ठेकेदार का कॉन्ट्रैक्ट रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


प्रतिमा बागरी।

सतना जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर निकलीं मंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार शाम लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा निर्मित एक सड़क की खराब गुणवत्ता पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल ठेकेदार का अनुबंध रद्द करने और निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

यह घटना कोठी तहसील के पोड़ी-मनकहरी मार्ग पर हुई, जिसका हाल ही में नवीनीकरण किया गया था। निरीक्षण के दौरान, जब राज्यमंत्री ने सड़क पर पैर रखा तो उसका एक हिस्सा आसानी से अलग हो गया, जिससे निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। बताया गया कि लगभग 3 किलोमीटर लंबी इस सड़क के नवीनीकरण के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही थी। सड़क पर बिछाई गई डामर की परत न तो निर्धारित मोटाई की थी और न ही गुणवत्ता मानकों पर खरी उतर रही थी। कई स्थानों पर सड़क उखड़ती हुई दिखी, जिससे घटिया सामग्री के उपयोग का पता चला।

निरीक्षण के दौरान, जब मंत्री प्रतिमा बागरी ने कार्यपालन यंत्री बी.आर. सिंह से जवाब मांगा, तो उन्होंने मामले को कमतर आंकने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कुछ हिस्सों को अस्वीकृत किया गया है, लेकिन मौके पर स्थिति यह दर्शा रही थी कि पूरी सड़क ही मानकों के विपरीत बनी थी। मंत्री ने मौके पर ही इसे गंभीर लापरवाही बताया।

## अफसरों को फटकार लगाई, समझौता बर्दाश्त नहीं

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने तत्काल ठेकेदार का अनुबंध निरस्त करने के निर्देश दिए और कार्यपालन यंत्री को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए।

# नोट बनाने वाली पेपर मिल में सनसनीखेज घोटाला सीबीआई ने दर्जन भर की इकाइयों पर मारे छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय मुद्रा का कागज बनाने वाली संवेदनशील इकाई सिक्योरिटी पेपर मिल में बड़ा मेडिकल क्लेम घोटाला उजागर हुआ है। सीबीआई ने शनिवार को देशभर में करीब एक दर्जन से स्थानों पर छापा मारा है। सीबीआई ने घोटाले से जुड़े सबूत जुटाने के साथ घोटाले में शामिल लोगों से घंटों पूछताछ की। छापेमारी में मध्य प्रदेश के इंदौर, देवास, महाराष्ट्र का नासिक, भोपाल, नर्मदापुरम समेत अन्य स्थान शामिल थे।

जिन लोगों पर कार्रवाई की गई, उनमें मिल से जुड़े कुछ अधिकारी-कर्मचारी, थोक दवा सप्लायर और मेडिक्लेम फील्ड से जुड़े थे। सूत्रों के अनुसार, सिक्योरिटी पेपर मिल के इस मामले की शिकायत कुछ दिन पहले सीबीआई मुख्यालय में की गई थी। एजेंसी की भोपाल यूनिट ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। जानकारी है कि प्राथमिक जांच में बड़ा घोटाला सामने आया है। इसमें कई लोगों की संलिप्तता उजागर हुई है। जानकारी है कि मेडिकल क्लेम घोटाले से जुडा मामला वित्तीय वर्ष 2022-23 का है। इस दौरान चिकित्सा दावों में जमकर अनियमितता हुई। आरोप है कि मिल के कुछ कर्मचारियों ने एक पूर्व संविदा चिकित्सा अधिकारी और निजी दवा विक्रेताओं के साथ मिलकर फर्जी और बढ़ा-चढ़ाकर मेडिकल बिल पेश किए।

## सतर्कता जांच में हुआ खुलासा

घोटाले का खुलासा आंतरिक सतर्कता (विजिलेंस) जांच में हुआ था। जांच रिपोर्ट के आधार पर सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज की और शनिवार सुबह से ही आरोपियों के आवासों और कार्यालयों पर साक्ष्य जुटाने के लिए तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस मिले हैं। एजेंसी द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है।

मास्टर चाबी से कार चुराने के बाद घूम रहा था बदमाश, शाहपुरा तालाब के पास पुलिस ने दबोचा

# बार में शराब पीने पहुंचे शातिर चोर ने अरेरा कॉलोनी से चुराई कार, शाहपुरा में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने ई-टू अरेरा कॉलोनी से सीनियर सिटीजन की आल्टो कार चुराने वाले शातिर चोर को शाहपुरा तालाब के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी गांधी नगर थाने का निगरानी बदमाश हैं और बंसल वन के पास किसी बार में शराब पीने आया था। शराब पीकर अरेरा कॉलोनी में घूमते समय उसकी नजर कार पर पड़ गई और उसने मास्टर चाबी से कार चुरा ली। आरोपी कार बेचने की फिराक में शाहपुरा तालाब के पास घूम रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी से कार बरामद कर ली गई है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

उससे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है। थाना इंचार्ज अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि ललित श्रीवास्तव (75) ई-2/176 अरेरा कॉलोनी में रहते हैं। वे शासकीय विभाग से रिटायर्ड हैं और यहां अकेले रहते हैं। उनके बच्चे विदेश में रहते हैं। ललित श्रीवास्तव ने बताया कि गत 15 दिसंबर की रात उन्होंने अपनी आल्टो वीएक्सआई कार घर के सामने खड़ी की थी। रात में कोई अज्ञात बदमाश उनकी कार चुराकर ले गया।

चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज बदमाश की तलाश की। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि चुराई गई कार में एक व्यक्ति शाहपुरा तालाब के पास खड़ा है। वह कार बेचने की बात कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी आदित्य तंवर पिता अशोक तंवर को पकड़ लिया।

जगत के संपूर्ण जीवों को खुश रखना भी यज्ञ है: पंडित रामकृपाल

थाटीपुर में भागवत कथा के छठवें दिन गोवर्धन पूजा का किया वर्णन

# महाभारत में मिलता है पुराण इतिहास एवं शास्त्रों का दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

ग्वालियर के श्री द्वारकाधीश मंदिर थाटीपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथा में परम विद्वान वक्ता पं. रामकृपाल त्रिपाठी गुरुजी ने गोवर्धन पूजा का वर्णन करते हुए यज्ञों के प्रकार समझाए। मन, कर्म, वचन, दान आदि के द्वारा किसी को प्रसन्न कर देना भी यज्ञ कर्म होता है, जैसे पक्षी को दाना खिलाने से पक्षी तृप्त प्रसन्न हो जाता है, किसी भूखे की भूख मिटाने अन्न देने से प्रसन्न हो जाता है, ऐसे ही किसी परेशान व्यक्ति से सांत्वना पूर्ण मीठा बोलने से वह खुश हो जाता है। किसी के दुख को दूर करना यज्ञ का ही हिस्सा है जिसका पुण्य अन्य हवनात्मक आदि



यज्ञों की तुलना में सर्वाधिक होता है। उन्होंने महाभारत ग्रंथ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इतिहास, पुराण एवं सभी शास्त्रों का संपूर्ण ज्ञान महाभारत ग्रंथ में है, महाभारत का अर्थ युद्ध नहीं होता अपितु भारतवंशी महापुरुषों की कथा का वर्णन है, इसलिए महाभारत कहते हैं, प्रायः यह भ्रम फैला है कि घर में महाभारत ग्रंथ रखना या पढ़ने से लड़ाई झगड़ा होता है यह गलत है कर्म, अकर्म भक्ति ज्ञान और वैराग्य की शिक्षा के लिए महाभारत अवश्य पढ़ाना चाहिए।

## ददरौआ सरकार समेत इन्होंन सुनी कथा

कथा में श्री श्री 1008 रामदास जी दंदरौआ सरकार, धर्माधिकारी दशरथ लाल पुरोहित, ग्वालियर के सांसद भारत सिंह कुशवाहा, भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ नितेश शर्मा, आई. टी. एम विवि के कुलपति प्रो. योगेश उपाध्याय, उच्च न्यायालय के उपमहाधिवक्ता राजेश शुक्ला, द्वारकाधीश मंदिर समिति अध्यक्ष पारस जैन एवं सचिव केके माहेश्वरी, पंडित महेश मुद्गल, विजय कब्जू, डॉ अनिल कुमार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशन मुद्गल एवं जितेंद्र गुर्जर, भारत दांतरे, हर्ष श्रीवास्तव, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

मुझे मेरा बचपन याद आ गया: डॉ. कपूर

# इंद्रांश अकादमी के बच्चों ने बिखेरे इंद्रधनुषी रंग


रंगबिरंगी छटा बिखेरते मासूम बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

कोर्टयाड बॉय मेरिएट के लोटस सभागार में शनिवार की शाम इंद्रधनुषी रंगों की छठा बिखर गयी। अवसर था भोपाल की इंद्रांश अकादमी के वार्षिक उत्सव का। इस शाम में भारत का भविष्य कहे जाने वाले नौनिहालों ने कला और संस्कृति के रंगों से सबके सामने जो प्रस्तुतियां दीं उन्हें देखकर आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन को कहना ही पड़ा कि यह सब देखकर मुझे अपना बचपन याद आ गया। इस अवसर पर आ र के डी ए फ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर और इंद्रांश अकादमी की डायरेक्टर रुचि कपूर सहित आशा मेम, एनएसबीआई मुंबई से डॉक्टर अवनी कोठारी,रूपल चटर्जी, पंकज परमार, अल्पना वाजपेई, उमा मेम पलक गुप्ता और बच्चों के पेरेंटस भी उपस्थित थे। तीन घंटे चले रंगारंग आयोजन में बच्चों ने जिम्नास्टिक डांस, देशभक्ति सांग्स, ड्रामा, ट्रेडिशनल और क्लासिकल नृत्य जैसे मनोरंजक और ज्ञानवर्धक कार्यकमों से खूब समां बांधा। इस कार्यक्रम में इंद्रांश एकेडमी के छोटे-छोटे होनहार बच्चों द्वारा डांस, मिमिक्री, सिंगिंग एवं ड्रामा आदि प्रस्तुतियां दी गईं।




प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव में रविवार को पहुंचे डेढ़ लाख लोग

# 'नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो' की प्रस्तुति से झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## मेले में रोजाना बड़ी संख्या में पहुंच रहे भोपाल एवं आसपास की भीड़

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहा भोजपाल महोत्सव मेला अपने अंतिम पड़ाव की ओर है। 1 जनवरी तक चलने वाले मेले में रोजाना शहर के साथ ही आसपास क्षेत्रों से लाखों की संख्या में लोग परिवार और दोस्तों के साथ मेला देखने पहुंच रहे हैं। मेला के सांस्कृतिक मंच पर रविवार को भजन गायिका स्वाति मिश्रा ने अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। स्वाति ने राम आएंगे तो अंगना सजाउंगी से अपनी भजनों की शुरुआत की। इसके बाद नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया, कब आयोगे रघुकुल नंदन भीलन की झोपडिया, रामजी से पूछे जनकपुर की नारी, मिथिला का कण कण खिला के साथ ही भोजपुरी गीतों और भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी।



बिहार के छपरा (सारण) जिले के माला गांव की रहने वाली स्वाति मिश्रा को उनके भजन /"राम आएंगे/" से असली पहचान मिली। यह भजन सोशल मीडिया पर इतना वायरल हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसकी प्रशंसा की और इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया। स्वाति मिश्रा के भजन सुनने शाम से ही बड़ी संख्या में लोग मंच के सामने जमा हो गए थे। उनके मंच पर आते ही लोग राम आएंगे तो अंगना सजाउंगी, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे जैसी भजनों की डिमांड की। इस दौरान भोजपुरी समाज के बड़ी संख्या में लोग स्वाति मिश्रा से मिलने और उनके भजन सुनने पहुंचे। रविवार शाम 7.30 बजे मुख्य अतिथि महापौर मालती राय, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संजोयक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नगर सहित मेला टीम ने गणेश वंदना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रविवार को डेढ़ लाख से ज्यादा लोग परिवार और दोस्तों के साथ मेला देखने पहुंचे।

## 11 दिन शेष, मिस किया तो अगले साल मिलेगा मौका

मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि आप अब तक मेला देखने नहीं पहुंचे हैं, तो आप शहर ही नहीं बल्कि प्रदेश के एक बड़े आयोजन को मिस कर रहे हैं। इन 11 दिनों में भी आप भी मेला देखने नहीं जा रहे हैं, तो इस आयोजन के लिए आपको एक साल तक इंतजार करना होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930